13 May Page 1_Page 3.qxd 5/12/2025 10:31 PM Page 1

धनबाद, मंगलवार

13 मई 2025

वर्ष : 10 अंक : 342

पृष्ठ : 12

मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### पुतिन के सीधी वार्ता के प्रस्ताव से खुश हुए जेलेंस्की, 15 को हो सकती है बातचीत

कीव(एजेंसी) : यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शांति वार्ता का स्वागत किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजफायर प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इसके बजाय, उन्होंने यूक्रेन के साथ सीधी वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रस्ताव रखा। यह 15 मई को इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित हो सकती है। पुतिन ने कहा, ह्यहम बिना किसी शर्त के सीधी वार्ता के लिए तैयार हैं। एक स्थायी और दीर्घकालिक शांति के लिए यह जरूरी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से इस बारे में बात करेंगे। पूरा घटनाक्रम यूरोपीय नेताओं के उस मांग के बाद आया है। इसमें उन्होंने रूस से सोमवार से 30 दिनों के लिए बिना शर्त सीजफायर की मांग की थी। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के नेताओं ने शनिवार को कीव में जेलेंस्की के साथ मुलाकात की थी। रूस पर दबाव बनाने के लिए नए प्रतिबंधों की चेतावनी भी दी गई। इस मांग को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी समर्थन दिया था। **शेष पृष्ठ-4.....**

### तिब्बत में आया भूकंप, लोग डरकर घर से बाहर निकले

नई दिल्ली(एजेंसी) : भारत का पड़ोसी देश तिब्बत में एक बार फिर से भूकंप आया है। रविवार-सोमवार के दरम्यान सुबह के 2:41 बजे तिब्बत में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। जैसे ही लोगों को झटके लगे वे डरकर घर से बाहर निकले और सुरक्षित स्थान की तरफ दौड़ने लगे।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.7 रहा। पूरे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, किसी तरह के नुकसान या चोट की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के एक्स हैंडल के अनुसार, भूकंप का केंद्र अक्षांश 29.02एन और देशांतर 87.48ई पर, 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। हाल के हफ्तों में तिब्बत में कई भूकंप आए हैं। भूकंपीय गतिविधि के प्रति अपनी संवेदनशीलता के लिए जाना जाने वाला यह क्षेत्र 9 मई, 2025 को भी भूकंप के झटकों से हिल गया था। स्थानीय समयानुसार रात 8:18 बजे **शेष पृष्ठ-4.....**

### यूपीः वाराणसी में भीषण गर्मी जारी, घट रहा है गंगा का जलस्तर

वाराणसी(एजेंसी) : उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। खासकर वाराणसी में पिछले करीब डेढ़ महीने से गर्मी का सितम जारी है। यहां गंगा का जलस्तर लगातार कम हो रहा है।

वाराणसी में भीषण गर्मी होने के साथ-साथ गंगा के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। घाटों पर नदी की चौड़ाई सिमटती हुई दिख रही है। लोगों को अब गंगा के किनारे पत्थर भी दिखने शुरू हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए गर्मी के समय में घाट के हालात के बारे में बताया।

स्थानीय निवासी सुनील ने बताया, ऱवाराणसी में इस बार गर्मी हर बार की तुलना में बहुत ज्यादा पड़ रही है। अभी जो तापमान है, वह 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। घरों से बाहर दोपहर के वक्त निकलने लायक मौसम नहीं है। अगर सिर्फ सुबह-शाम ही बाहर निकला जाए, तो बेहतर है।

स्थानीय निवासी विकास ने बताया, वाराणसी में लोग गर्मी से बेहाल हैं। सुबह में 8-9 बजे के बाद घरों से निकलना मुश्किल हो जा रहा है। हालांकि मुझे अपनी दुकान चलाने के लिए बाहर निकलना जरूरी है। दोपहर के वक्त घाटों पर सन्नाटा दिखने लग रहा है। **शेष पृष्ठ-4.....**

## पाकिस्तान की परमाणु धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा भारत, आतंकी ढांचों का करना होगा सफाया : मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के विरुद्ध सैन्य अभियान-ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सोमवार को पहली बार देशवासियों को संबोधित करते हुए आज दो टूक शब्दों में कहा कि भारत पाकिस्तान से परमाणु हमले की धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा और यदि उसे बचना है तो आतंकवादी ढांचे का सफाया करना ही होगा।

प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी साफ तौर कहा कि भारत की नीति में अब आतंक के आकाओं और आतंकवाद की सरपरस्त सरकार को अलग अलग नहीं देखा जाएगा तथा पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के बारे में ही होगी।

श्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति को लेकर स्पष्ट किया कि



सैन्य कार्रवाई अभी केवल स्थगित की गयी है और पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है, एक नया पैमाना, न्यू नॉर्मल तय कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा, ह्लदुनिया ने, पाकिस्तान का वो घिनौना सच फिर देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने, पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। ह्यस्टेट स्पॉन्सरड टेररिज्मह्व का ये बहुत बड़ा सबूत है।

टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संदेश में श्री मोदी ने कहा, ह्लहर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता, हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टैररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, ये एक बेहतर दुनिया की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया है। पर शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। उन्होंने कहा, ह्लमानवता, शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है, और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। और पिछले कुछ दिनों में, भारत ने यही किया है।

## हिसार में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे 39 बांग्लादेशी पकड़े गए

### गैरकानूनी ढंग से बॉर्डर क्रॉस कर आए थे हरियाणा



हिसार, (एजेंसी) :भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और फिर सीजफायर के बाद पुलिस ने एक ईंट भट्ठे से 39 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। यह सभी अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। इनमें 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस इन मजदूरों को बांग्लादेश डिपोर्ट करने की तैयारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार हांसी पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तोशाम रोड स्थित ढाणी सांकरी के एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इनके पास से किसी भारतीय होने का किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं। इसके बाद हांसी पुलिस ने इन 39 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ कर सदर थाने ले आई। ये सभी गैर कानूनी तरीके से ईंट भट्ठे पर रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे काम की तलाश में अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से यहां आए थे। इन लोगों ने यह नहीं बताया कि इनको बॉर्डर क्रॉस किसने करवाया था। इसे मामले में सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि ये कितने लंबे समय से यहां रह रहे थे और इनके हांसी तक पहुंचने का जरिया क्या रहा।

बंगलादेश डिपोर्ट किए जाएंगेः एसपी

हांसी एसपी अमित यशवर्धन ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की थी। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। इनके बारे में लीगल प्रावधान की जानकारी ली जा रही है और इनको डिपोर्ट किए जाने पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी लोगों को दिल्ली कैंप भेजा जाएगा। इसके लिए दिल्ली स्थित कैंप से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि की बंग्लादेशी या पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान के लिए पुलिस ईंट भट्ठे व फैक्टरियों में काम करने वाली **शेष पृष्ठ-4.....**

## पाक ने आतंकवादियों का साथ देना सही समझा और इसे अपनी लड़ाई बनाया

नई दिल्ली,(एजेंसी) :भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सीजफायर लागू है। एयर मार्शल एके भारती ने प्रेस ब्रीफ में कहा कि बीते दिन हमने पीओके और पाकिस्तान में सफलतापूर्वक तबाह किए गए आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ आतंकवाद से है और हमने आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर को ही निशाना बनाया था लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ देना सही समझा और इसे अपनी लड़ाई बना लिया। इस परिस्थिति में हमारी जवाबी कार्रवाई जरूरी थी और इसमें उनका जो भी नुकसान हुआ उसके लिए वह खुद जिम्मेदार हैं।

एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमारी युद्ध-सिद्ध प्रणालियां समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं और पाकिस्तान का डटकर मुकाबला करती रहीं। इस युद्ध में स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली, आकाश प्रणाली का शानदार प्रदर्शन रहा है। शक्तिशाली




एडी वातावरण को तैयार करना और उसे क्रियान्वित करना केवल पिछले दशक में भारत सरकार से मिले बजटीय और नीतिगत समर्थन के कारण ही संभव हो पाया है।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि हमें ऑपरेशन सिंदूर के एयर डिफेंस की कार्रवाई को एक कॉन्टेक्स्ट में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में आतंक की गतिविधियों के कैरेक्टर में कुछ बदलाव आया था अब हमारी सेना के साथ मासूम नागरिकों पर भी हमले हो रहे थे। घई ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हमला इसका विशेष उदाहरण है। आतंकियों पर हमारे सटीक हमले लाइन ऑफ कंट्रोल और इंटरनेशनल बाउंड्री को पार किए बिना किए गए थे **शेष पृष्ठ-4.....**

## देश की सुरक्षा के लिए 10 उपग्रह तैनात

**पांच वर्षों में 52 उपग्रह लॉन्च करेगा भारत**

**इसरो प्रमुख वी. नारायणन का बड़ा खुलासा**

इम्फाल (एजेंसी) : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भारत की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए 10 उपग्रह लगातार देश की निगरानी कर रहे हैं। यह उपग्रह देश की सुरक्षा और निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, खासकर सीमा क्षेत्रों पर। यह बयान उन्होंने मणिपुर के इम्फाल में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह के दौरान दिया।

डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि इन उपग्रहों का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ तनाव के समय में देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए। इन उपग्रहों के माध्यम से सीमा की निगरानी, प्राकृतिक आपदाओं का




प्रबंधन और सुरक्षा बलों को सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसरो प्रमुख ने एक और बड़ी योजना का खुलासा किया कि भारत 2040 तक अपना पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। यह अंतरिक्ष में भारत की उपस्थिति को और मजबूत करेगा और देश को एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बनाएगा। डॉ. नारायणन ने बताया कि इसरो अब तक 34 देशों के 433 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च कर चुका है। यह भारत की अंतरिक्ष तकनीक में बढ़ती क्षमता और वैश्विक विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसरो का उद्देश्य न केवल भारत की सुरक्षा को मजबूत करना है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति को भी मजबूत करना है।

हाल ही में लॉन्च किए गए ईओएस-09 (रिसैट-1बी) उपग्रह का भी जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यह उपग्रह दिन-रात और हर मौसम में इमेजिंग क्षमता रखता है। यह उपग्रह न केवल सुरक्षा बल्कि कृषि, आपदा प्रबंधन और अन्य नागरिक कार्यों में भी मददगार साबित हो रहा है।

डॉ. नारायणन ने बताया कि इसरो अगले पांच वर्षों में 52 उपग्रहों का एक समूह लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इनमें से कई उपग्रह सुरक्षा और रणनीतिक उद्देश्यों के लिए होंगे। इसके अलावा, इन उपग्रहों को लॉन्च करने में निजी क्षेत्र की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होगी, जिससे देश में अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न होंगे।

इसरो की यह पहल राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग को दशार्ती है। सीमा सुरक्षा से लेकर आपदा प्रबंधन तक, भारत के उपग्रह देश की सुरक्षा और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसरो की यह पहल भारत को अंतरिक्ष में और मजबूत बनाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूरः भारत ने पाकिस्तानी मिराज को किया तबाह, तस्वीरें दे रही हैं गवाही




नई दिल्ली, 12 मई। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। भारतीय सेना ने सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस दौरान सेना ने स्पष्ट किया कि भारत की लड़ाई हमेशा पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों और उनके ढांचे के खिलाफ रही है और आगे भी इसी दिशा में जारी रहेगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने पाकिस्तानी मिराज विमान के मलबे और पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल के अवशेषों की क्लिप भी दिखाई।

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि भारत का लक्ष्य केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था, लेकिन अफसोस की बात है कि पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का समर्थन करते हुए इसे अपनी लड़ाई बना लिया।

उन्होंने बताया कि 7 मई को सेना ने सिर्फ आतंकवादियों के अड्डों पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इस हालात में भारत की जवाबी कार्रवाई जरूरी थी और पाकिस्तान को हुए नुकसान का जिम्मेदार वह खुद है।

एयर मार्शल ने कहा कि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली देश की सुरक्षा में अडिग खड़ी है और इसे भेद पाना दुश्मनों के लिए असंभव है। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी सैन्य अड्डे, उपकरण और प्रणालियां पूरी तरह सक्रिय हैं और किसी भी अगली कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि 7 से 9 मई के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में भारत ने लाहौर समेत पाकिस्तान के कई एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया।

साथ ही, भारत ने 9-10 मई की रात पाकिस्तान के 11 एयरफोर्स बेस पर जवाबी कार्रवाई की, जिनमें नूर खान, रफीकी, मुरिदके, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चुनीयन, सरगोधा, स्कारु, भोलारी और जैकोबाबाद शामिल हैं। यह पहला मौका था, जब किसी देश ने परमाणु क्षमता से लैस राष्ट्र के एयरफोर्स कैंपों को सफलतापूर्वक नुकसान पहुंचाया।

इन हमलों में पाकिस्तान के एफ-16 और जेएफ-17 लड़ाकू विमानों वाले बेसों को नुकसान पहुंचा, जिससे पाकिस्तानी वायुसेना की 20 **शेष पृष्ठ-4.....**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नये आवास की रखी आधारशिला



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

रांची, : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने नये आवास की आधारशिला रखी। यह आवास पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री के कामकाज को बेहतर बनाया जा सके। इस मौके पर पारंपरिक विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने विधिवत पूजन अर्चन कर भवन निर्माण की शुभ शुरूआत की।

Page 02_Page 3.qxd 2025-05-12 22:29 Page 1



## संक्षिप्त खबर

### डिज्नीलैंड फैमिली फेयर का उद्घाटन पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी ने फीता काटकर किया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** भंडारीडीह स्थित स्वर्ण सिनेमा हॉल के बगल में डिज्नीलैंड फैमिली फेयर का उद्घाटन रविवार शाम 7 बजे पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी ने फीता काटकर किया। मौके पर कामेश्वर पासवान ,दीपक स्वर्णकार, मोहम्मद आलम, शमीम अंसारी , शाकिर खान आदि लोग उपस्थित थे। बताया गया कि इस डिज्नीलैंड फैमिली फेयर में मनोरंजन पार्क शॉपिंग पार्क फूड पार्क सभी प्रकार के लाभ लोग उठा सकते हैं। मेला संचालक ने बताया कि गिरिडीह वासियों को डिज्नीलैंड मेले में बहुत तरह के झूले कई प्रकार के व्यंजन ओर अलग-अलग प्रकार के समान एक ही परिसर में उपलब्ध होंगे। बताया कि खाना खरीदारी मौज मस्ती एक साथ सभी लोग कर सकते हैं। बताया कि गर्मी की छुट्टी का आनंद इस डिज्नीलैंड में आकर लोग उठा सकते हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि यहां के लोगों को निश्चित तौर पर यह डिज्नीलैंड मनोरंजन देने का काम करेगा उम्मीद है कि बृजवासी यहां पहुंचकर इसका आनंद लेंगे।

### गोहत्या कर किया जाता था हड्डी और चमड़े का अवैध कारोबार,चार गिरफ्तार



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह:** गिरिडीह के बगोदर में-एक भाड़े के मकान मे गोवंश की हत्या कर उसके हड्डी और चमड़े का अवैध कारोबार में शामिल चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।वंही इसके अलावा एक ट्रक के साथ एक लूना बाइक को भी जब्त किया है। इस बाबत बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व मे गिरिडीह के बगोदर के तिरला गांव के मकान में छापेमारी की गई और मकान से बगोदर के हुसैन नगर के मौईदीन कुरैशी, इमरान कुरैशी के साथ ट्रक चलाक और बंगाल के 24 परगना के कुलपी थाना के समोद चौक निवासी दीपंकर सदर और देबाशिश को दबोचा। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी मोईद्दिन ने बताया कि तिरला का यह मकान बगोदर के ही हेसला गांव निवासी आजाद अंसारी का है। जिसे मकान किराये पर सिर्फ गोवंश की हत्या कर उसके चमड़े और हड्डी के कारोबार के लिए लिया है। वहीं मौके पर आरोपी ने यह भी बताया कि आजाद अंसारी भी उनके साथ इस कारोबार मे शामिल है और हर दूसरे तीसरे दिन गोहत्या कर उसके चमड़े और हड्डी को बंगाल के कोलकाता निर्यात किया जाता है। वहीं पुलिस इनको गिरफ्तार करके और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक तहकीकात और कार्रवाई में जुट गई है।

### बोकारो स्टील प्लांट से इस महीने रिटायर होने वाले कर्मचारियों के लिए एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट से मई 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 39 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड चन्दन कुमार अरोड़ा एवं ब्रांच हेड ए के पाण्डेय के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी।

### पांच माह बाद भी नहीं हो सकी ऐश पौंड की फटी पाइपलाइन की मरम्मत

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के नूरी नगर स्थित ऐश पौंड को जानेवाली पाईप लाईन के फटे पाइप की मरम्मत का कार्य पांच माह बाद भी नहीं करवाया जा सकता है। निशन हाट पुलिया से मुर्गी फार्म को जाने वाली पाइपलाइन में से एक पाइप के फटने से विगत 9 दिसंबर 2024 को गोविंदपुर के वैसे रैयतों की जमीन, जिनका अधिग्रहण सीसीएल कारों स्पेशल फेज दो कोलियरी के लिए सीसीएल बोकारो-करगली प्रबंधन ने कर रखा है, उनके धान लगे खेतों में फटी पाइपलाइन से काफी मात्रा में छाई का बहाव हो गया था। खेतों में छाई का बहाव को लेकर रैयतों ने डीवीसी प्रबंधन से मुआवजा एवं नियोजन की मांग कर रखी थी। मांग पूरी नहीं हो पाने के कारण प्रबंधन को फटे पाइप मरम्मत का कार्य रैयत करने नहीं दे रहे थे। मामला बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ के पास गया था। बावजूद मामला यथावत है। वर्तमान में बोकारो थर्मल के ए पावर प्लांट में ओवरवायलिंग का कार्य चल रहा है। ओवरवायलिंग कार्य पूरा होने पर जब यूनिट से उत्पादन आरंभ किया जाएगा तो समस्या पूर्ववत रहेगी। विगत पांच माह में ऐश पौंड का कार्य देखने वाले डीजीएम मैकेनिकल अभिजीत दुले, जीएम ओएंडएम मृत्युंजय प्रसाद, डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर सभी का तबादला कर दिया गया है बावजूद समस्या उसी तरह है। एचओपी सुशील कुमार अरजरिया का भी कहना है कि समस्या का निराकरण नहीं होने पर ओवरवायलिंग के बाद पावर प्लांट चालू होने पर पूर्व की ही तरह समस्या होगी।

# ताराटांड़ में नेचुरल जल प्लांट का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ में सोमवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने नेचुरल जल प्लांट का विधिवत फीता काटकर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने प्लांट में लगे मशीनों का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के नेचुरल जल प्लांट की स्थापना उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इससे न सिर्फ संस्थापक को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। साथ ही राज्य सरकार की रोजगार सृजन योजना समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने की अपील की। उदघाटन समारोह में शामिल अतिथियों को स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया आदिवासी युवतियों द्वारा आदिवासी संस्कृति में अतिथियों का स्वागत किया गया। प्लांट के संचालक विनोद मंडल ने बताया कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में पानी की समस्या और बेरोजगारी को देखते हुए इस प्लांट की स्थापना की गई है।

जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध हो सके। मौके पर उपस्थित प्रमुख राजकुमार पाठक, बीडीओ निसात अंजुम, सीओ मो. हुसैन, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, भाजपा नेता दिलीप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, अरुण हाजरा, बबली मरांडी, मुखिया अमृतलाल पाठक, अकबर अंसारी,राजकुमार तुरी, अशोक मंडल, मो. अजहर ,श्याम पाठक, मो. मुख्तार, अभिषेक पाठक, चिंतामणि सिंह, पुनम देवी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी में आतंकवाद व भारतीय सेना के पराक्रम पर कविताएं सुनाईं साहित्यकारों ने



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद बोकारो के तत्वावधान में सेक्टर 2 ए, संघ कार्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवयित्री कनकलता राय की अध्यक्षता व डॉ नरेंद्र कुमार राय के संचालन में आयोजित इस काव्य गोष्टी की शुरूआत साहित्यकारों द्वारा भारतमाता के चरणों में पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। गोष्ठी में कवि-कवयित्रियों ने समसामयिक विषयों आतंकवाद व भारतीय सेना के पराक्रम पर केंद्रित रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। परिषद के सचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने माॅ शारदे की वंदना प्रस्तुत करने के बाद साहसिक मसवरा शीर्षक कविता सुनाई। डॉ नरेंद्र कुमार राय ने चौहान खोलो चक्षु ज्ञान कविता सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में डॉ आशा पुष्प ने सिंदूर के रंग गाकर खूब वाह वाही लूटी।प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक ने आतंकवाद पर इस धरती से जब आतंकी, पास खुदा के जाएगा, जलेंगे कर्मों की अग्नि में शांति कहां से पायेगा, जन्नत का जज भ्रष्ट नहीं है, जमानत कैसे कराओगे? पूछो अपने आकाओं से कब तक साथ निभाओगे, कवयित्री करुणा कलिका ने माँ पर भावविभोर करने वाली रचना, अमृता शर्मा ने धर्म का मर्म, आनंद सिंह ने शौर्य, दीनानाथ ठाकुर ने दूनिया को दिखा दो व कनकलता राय ने आतंकवाद पर गहरी चोट करती कविता चेतावनी सुनाकर सबकी तालियां बटोरी।

## रोटरी क्लब बोकारो ने मनाया प्रेस फ्रीडम डे, वॉइस ऑफ द कॉमन मैन अवार्ड से किया सम्मानित

**निष्पक्ष पत्रकारिता सशक्त लोकतंत्र का आधार : गुप्ता**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** रोटरी क्लब बोकारो की ओर से शनिवार देर शाम प्रेस फ्रीडम डे का सोल्लास आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पत्रकारिता की महत्ता और उसकी स्वतंत्रता के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक प्रतिष्ठित पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्हें वॉइस ऑफ द कॉमन मैन के रूप में विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष महेश गुप्ता ने की। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि प्रेस-मीडिया समाज का दर्पण है और यह आमजन की आवाज को मुखरित करने का माध्यम है। उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने मीडिया की स्वतंत्रता, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक पत्रकारिता जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ता के रूप में मनु श्रीवास्तव, संजय तिवारी एवं राखी बनर्जी ने अपनी बेबाक राय रखी और पत्रकारों को समाज की दिशा तय करने वाला सशक्त स्तंभ बताया। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप नारायण ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाज व राष्ट्र के विकास में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। मौके पर सम्मानित पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति रोटरी की सकारात्मकता को सराहा। इस अवसर पर रोटरी क्लब बोकारो के कई सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें महेश गुप्ता, महेश केजरीवाल, प्रदीप नारायण, अशोक जैन, बी.एस. जायसवाल, विवेक कक्कड़, मनु श्रीवास्तव, अशोक केडिया, डॉ. एस.सी. मुंशी, प्रदीप रे, संजय तिवारी, नरेश लोधा, घनश्याम दास, राखी बनर्जी, पुष्पा केजरीवाल, कुंजला नारायण, अलका गुप्ता, नमिता श्रीवास्तव, शीला जायसवाल, नीलम दास, बिन्नी कक्कड़, चंद्रिमा रे और उर्मिल जैन आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन बीएस जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## शादी समारोह में शामिल होने जा रहे जीजा साले का सड़क पर मिला शव

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** तिसरी चतरो मुख्य मार्ग स्थित पेसराटांड़ के समीप दो युवकों का शव मिला है। मृतकों के शरीर पर चोट के निशान भी है। जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि इनकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतक रिश्ते में जीजा साला बताया जा रहा है। वहीं घटना में बाइक समेत एक अन्य युवक फरार बताया जा रहा है।घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बिहार के सिमुतल्ला थाना क्षेत्र के माधुरी गांव निवासी छोटेलाल मरांडी, चांदन निवासी बबलू बेसरा एवं चंद्रमंडी थाना क्षेत्र निवासी मतला टुडू एक बाइक पर सवार होकर तिसरी थाना क्षेत्र के रिझनी कर्णपुरा विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच छोटेलाल मरांडी एवं



बबलू बेसरा का शव तिसरी चतरो मुख्य मार्ग स्थित पेसरा टांड़ के समीप सड़क किनारे शव मिला। वहीं उनके साथ बाइक पर सवार मतला टुडू बाइक लेकर फरार बताया जा रहा है। शव की जानकारी मिलने के बाद तिसरी थाना की पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। बताया गया कि तीनों रिश्ते में साला और जीजा लगते थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के भाई मनीष मरांडी ने कहा कि हम लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उनका भाई अपने जीजा और अन्य एक रिश्तेदार के साथ बाइक पर निकला था। इसी बीच रविवार की देर रात उसे खबर मिली कि उसके भाई का सड़क दुर्घटना हुआ है और वह गंभीर रूप से घायल है। जानकारी मिलने के बाद वे रात में ही आना चाह रहे थे, किंतु गाड़ी नहीं मिलने के कारण वे आज सुबह ही आए। उन्हें उसका भाई और जीजा का शव तो मिल गया, किंतु मतला टुडू का अब तक कुछ नहीं पता चल पाया है। वहीं जिस बाइक से वे आए थे, वह बाइक भी नहीं मिला है। इधर घटना को लेकर तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार ने कहा कि रात में दो लोगों के घायल हो कर सड़क पर पड़े रहने की उन्हें जानकारी मिली थी। इसके बाद वे उक्त स्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य लेकर आए किंतु यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह:** एक भारत श्रेष्ठ भारत आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के निमित सेवा निवृत इंजीनियर विनय कुमार सिंह सह संयोजक गिरिडीह जिला एक भारत श्रेष्ठ भारत के आवासीय कार्यालय शिवपुरी गिरिडीह में बिहार भाजपा कार्यसमिति सदस्य सह जिला संयोजक गिरिडीह शिवेंद्र भारी सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह जिला अभियान के संयोजक अशोक उपाध्याय, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक शेखर, जदयू प्रदेश मंत्री



रुद्र कांत दास, भाजपा युवा मंत्री संजीव कुमार,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विक्की गुप्ता,भाजपा नेता संदीप राय,सुमन सिन्हा,कुंदन सिंह राजपूत, निशु सिंहा, मृगेंद्र कुमार,कुमार गौरव,कुणाल सिंह सहित दर्जनों भाजपा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।उक्त मौके पर शिवेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के निमित गिरिडीह जिले में निवास करने वाले लोगों से संपर्क कर सूची तैयार करना है। जिस क्रम में जन संपर्क एवं संवाद के माध्यम से बिहार के मतदाताओं को अवगत कराना है मौके पर शशांक शेखर,अशोक उपाध्याय,विनय कुमार सिंह ने भी एक भारत श्रेष्ठ भारत से संबंधित अपने विचार रखे।

## सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाएगा डीवीसी कोनार प्रोजेक्ट : डॉ. जॉन

**डीवीसी के सदस्य सचिव ने परियोजना का लिया जायजा**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल :** डीवीसी के सदस्य सचिव डॉ जॉन मथाई ने कोनार प्रोजेक्ट का दौरा किया और इसके तहत वे शनिवार की शाम को कोनार डैम पहुंचे। कोनार डैम के एचओपी राणा रणजीत सिंह ने उनका बुके देकर स्वागत किया। डीवीसी के सदस्य सचिव ने कोनार डैम में नौका विहार तथा रात्रि विश्राम किया। उन्होंने कोनार डैम में आनेवाली नई परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि आने वाले परियोजनाओं से कोनार एवं इसके आस-पास के लोगों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में परिवर्तन दिखेगा। उन्होंने कहा कि डीवीसी की विभिन्न परियोजनाओं से कोनार परियोजना अलग है, यहां का मौसम और हरियाली पर्यटकों को बरबस ही लुभाने का काम करता है। यहां पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने डीवीसी कोनार की आवासीय कॉलोनी का भी भ्रमण किया.कोनार प्रोजेक्ट को लेकर एचओपी को कुछ दिशा निर्देश भी दिए। सदस्य सचिव ने कोनार दौरे को एक यादगार दौरा बताया। हाल में हुए कोनार में बदलाव के लिए कोनार के अधिकारियों एवं इंजीनायरों की टीम को बधाई दी। एचओपी ने सदस्य सचिव को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर विदाई दी। मौके पर सिविल विभाग के प्रबंधक गोपाल महतो, दीपक कुमार, रवि रंजन, चंद्रशेखर और सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

## खनन विभाग ने की छापेमारी, अवैध कोयला भंडार बरामद

**बीटीपीएस थानान्तर्गत मौजा जारंगडीह का मामला, 70 टन अवैध कोयला जब्त**




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निदेशानुसार सोमवार दिनांक 12.05.2025 को जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) रवि कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो एवं सीताराम टुडू, स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया।

जिसमें बीटीपीएस थानान्तर्गत मौजा जारंगडीह पानी टंकी समीप में अवैध कोयला भंडारण पाया गया। टीम ने मौके से लगभग 70 टन अवैध कोयला जब्त किया। टीम ने उक्त भण्डारित कोयला खनिज को जप्त करते हुए बीटीपीएस थाना को सुपूर्द करते हुए इस अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, सीताराम टुडू, थाना प्रभारी स.अ.नि पंकज भारद्वाज एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,पति को लिया गया हिरासत में

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के भंवरडीह गांव मे रविवार की शाम 25 वर्षीया महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।सूचना मिलने पर बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे ले. लिया। इधर मृतक महिला के पिता बहादुर महतो ने इस घटना के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कथित विवाद होने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि जमुआ प्रखंड नवडीहा ओपी क्षेत्र के जंगरीडीह निवासी बहादुर महतो की पुत्री रीना देवी उर्फ सीता की दस वर्ष पूर्व मे भंवरडीह के पवन उर्फ खागो कुमार वर्मा के साथ शादी हुई थी। शादी के



बाद महिला ने दो बच्चे को भी जन्म दी है।

घटना की दोपहर मृतक महिला के पति गांव मे ही था । इस बीच उसकी पत्नी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की उन्हें सूचना मिली। वह दौड़कर घर पहुंचा। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया । इस बीच उसकी मौत हो चुकी थी। फिर मृतिका के परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन भंवरडीह गांव पहुंचा। परिजनों द्वारा पति पत्नी के बीच आपसी विवाद मे महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया और हो हंगामा किया । हलांकि इसकी सूचना मिलने पर बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और महिला के शव को अपने कब्जे में ले लिया । बताया जाता है कि महिला ने लगभग साढे तीन बजे के आस पास मोबाइल से उसने अपनी मां से मोबाइल पर बात चीत की और कुछ ही देर बाद वह साड़ी के पल्लू से ढलाई घर मे खे बांस से कुर्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया महिला द्वारा आत्महत्या प्रतीत हो रहा है।फिलहाल जांच पड़ताल जारी है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह:** शहर के अरघा घाट स्थित उसरी नदी तट पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा आयोजन का समापन सोमवार को सुबह सामूहिक रूप से हवन पूजन के उपरांत भव्य भंडारे के आयोजन के साथ समाप्त हुआ। गौर तलब है कि समिति द्वारा आयोजित इसकी शुरूआत 5 मई मंगल कलश यात्रा से हुई जिसमे हजारों की संख्या मे महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। इसके उपरांत प्रतिदिन संध्या में वृंदावन से पधारे पूज्य आचार्य रबिंन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का महातमय सुनाया गया, तथा भागवत की महिमा के बारे मे बताया गया। इस मौके पर बाल लीलाएं भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर हजारों हजार की संख्या में रोज श्रद्धालुओं ने पहुंचकर इस प्रवचन कथा का आनंद उठाया। वहीं सोमवार को सुबह 9:00 बजे से सामूहिक हवन का कार्यक्रम विधि संवत तरीके से किया गया। जिसमें कई परिजनों ने हिस्सा लिया। इसके उपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया.



नई पत्र वार्ता

धनबाद, मंगलवार
13 मई 2025


## संक्षिप्त खबर

### पहली पत्नी के पुत्रियों के शिकायत पर दूल्हा बने पिता की हुई फजीहत, तेतुलमारी थाना में सलटा मामला

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : पहली पत्नी के मौत के बाद दोनों नाबालिग पुत्री को बताए बगैर दूल्हा बनकर पहुंचे लिलौरी मंदिर प्रांगण में सोमवार को उस वक्त मारपीट हो गयी. जब पहली पत्नी के दो पुत्रियों के लिखित शिकायत के बाद दूल्हा बने पिता व दुल्हन के साथ सभी बाराती व लड़की पक्ष के सभी लोग तेतुलमारी थाना पहुंचे,घंटो बाद समझौता होने पर सभी लोग पुनः शादी के लिए निकले. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एनटीसी 4 नंबर निवासी बीसीसीएल कर्मी दूल्हे राजा के पहली पत्नी के 13 वर्षीय पुत्री पुशु कुमारी व 12 वर्षीय अंशु कुमारी ने अपने पिता टिंकू कुमार भुइयां के खिलाफ लिखित शिकायत की थी.शिकायत के आलोक में दूल्हा दुल्हन सहित सभी लोग तेतुलमारी थाना पहुंचे,जहां लिखित आश्वासन मिला कि दोनों शिकायतकर्ता को नोमानी फार्म में नाम दर्ज करवाने,पढ़ाई लिखाई,लालन पालन व शादी विवाह की सम्पूर्ण जिम्मा लेने के लिखित आश्वासन प्राप्त हुआ. तत्पश्चात समझौता के बाद मामला का पटाक्षेप हो गया.

### दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : थाना क्षेत्र अंतर्गत निरसा कांटा स्थित इंस्पेक्टर ऑफिस के समीप दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक बाइक सवार लोदना निवासी मनीष कुमार नोनिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही लोगों की भींड़ इकठ्ठा हो गयी. मृतक के मोबाइल के जरिए परिजनों को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे ओर बिलाप करने लगे.प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक की बीते 15 दिन पहले ही शादी हुई थी,पुलिस ने मृतक को पोस्टमॉर्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### निरसा के ब्रह्मा कुमारी शाखा में नर्सों को किया गया सम्मानित




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : आज अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज शाखा ज्ञान- विज्ञान भवन में निकटवर्ती होप क्लिनिक एंड मैटरनिटी सेंटर के सभी नर्स बहनों का तिलक कर तथा ऐश्वर्य सौगात देकर सम्मान किया गया. साथ ही उन्हें अपने को भीतर से मजबूत बनाकर आने वाले समय का सामना करने के लिए विशेष मेडिटेशन द्वारा सशक्त बनने की बात बताई गई. जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अवंतिका जी ने सभी का उमंग उत्साह बढ़ाया एवं ब्रह्मकुमारी बहनों ने उनकी सराहना की.

### निरसा ब्रह्मा कुमारी शाखा में मातृ दिवस पर हुआ संगोष्ठी आयोजित, काफी संख्या में माताएं रहीं उपस्थित




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : मातृ दिवस के अवसर पर ब्रह्मा कुमारी के निरसा शाखा के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ. जिसमें विशेष रूप से सभी को मातृ शक्ति को बढ़ाने साथ में अपने को स्वस्थ रख परिवार को, समाज को अपनी गुण और शक्ति द्वारा प्रेरणा देने हेतु मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया.वहीं डॉ आवंतिका जी ने भी कहा कि एक स्वस्थ और शांत मां ही खुशहाल परिवार बना सकती है. उसके लिए उन्हें ईश्वर से जुड़ना होगा तभी गुस्से को काबू में रख धीरज और प्रेम से एक देवी के रूप में घर को मंदिर बना सकती है.इस दिवस को केक काट कर तथा सबको तिलक लगाकर और गुलाब भेंट कर मनाया गया.लगभग 60-70 माताएं उपस्थित रहीं.ब्रह्मा कुमारीज बहनों ने मिलकर कार्यक्रम को संपन्न किया. मौके पर बीके जया बहन,शक्ति बहन, लक्ष्मी बहन, डॉ आवंतिका,प्रोफेसर शान्ति सिंहा, श्रीमति शीला सिंह, गौरी मैडम, उर्मिला,अन्ना, रीना,मीरा, बिमला देवी इत्यादि भी शामिल रहे.

# कतरासगढ़ स्टेशन में फूट ओवर ब्रिज गार्डर लगाने का काम हुआ शुरू






### काम शुरू से पूर्व लिया गया पावर ब्लॉक

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : कतरासगढ़ स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत कतरास स्टेशन का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है.सोमवार को कतरास स्टेशन में फूट ओवर ब्रिज का गार्डर चढ़ाने का काम शुरू किया गया. इसके लिए मध्यान्ह 2.20 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक पावर ब्लॉक लिया गया.पावर ब्लॉक के कारण झाड़ग्राम पैसेंजर ट्रेन को रद्द किया गया. धनबाद रेल के उपमुख्य अभियंता मनीष कुमार, सहायक अभियंता पीके श्रीवास्तव ने बताया कि 12 मीटर चौड़ा फूड ओवर ब्रिज का गार्डन चढ़ाने का काम शुरू किया गया है. इसके लिए पावर ब्लॉक ले लिया गया है 11 गार्डर चढ़ाना है, जिसमें दो या तीन बार पावर ब्लॉक लेने की आवश्यकता पड़ेगी.गार्डर चढाने का काम को लेकर आज सुबह 450 एमटी टन के क्रेन से फुट ओवर ब्रिज लोहे का गार्डर को चढ़ाया गया. रेलवे गति शक्ति के अधिकारी कर्मचारी एवं रेल विभाग के अधिकारी सुबह से मुस्तैद रहे.जैसे ही पावर ब्लॉक किया गया अधिकारियों ने काम को जोर शोर के साथ शुरू कर दिया.सोमवार को कुल 6 गाडर चढ़ाया गया है. राय कंस्ट्रक्शन बेगूसराय के कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए थे.

# 20 मई को श्रमिक संगठनों के देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु निरसा माले कार्यालय में बैठक

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : 20 मई को श्रमिक संगठनों के द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु आज निरसा विधान सभा स्तरीय वाम संयुक्त मोर्चा की ओर से मुगमा मोड स्थित माले कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई. सबसे पहले आतंकवादियों के द्वारा पहलगाम में मारे गए आम नागरिकों एवं भारत-पाकिस्तान युद्ध में मारे गए लोगो व शहीद हुए सैनिकों की याद में दो मिनट मौन रखकर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई.वक्ताओं ने कहा कि 20 मई को श्रमिक संगठनों द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए वाम दलों का संयुक्त मोर्चा निरसा द्वारा समर्थन किया गया.

मोदी सरकार कारपोरेट घरानों को सेवा में श्रमिकों के मिले अधिकारों को छिनने के अपने एजेंडे पर आगे बढ रही है.इसके खिलाफ सारे श्रमिकों को एकजुट होकर लड़ने का अह्वान किया गया.20 मई को 2025 को आम हड़ताल एतिहासिक हड़ताल बनाने को लेकर प्रचार अभियान के तहत पर्चा वितरण,दीवार लेखन नुक्कड सभा व 19 मई को निरसा,मुगमा,कुमारधुबी व चिरकुण्डा मे मशाल जुलूस और 20 मई को सुबह 10-12 बजे तक दो घंटे का सड़क जाम करने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी, सीपीएम के वरिष्ठ नेता गणेश धर, सीपीआई नेता राम शोभित प्रसाद माले के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह, आगम राम,नागेन्द्र कुमार, बादल बाउरी, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह,जगदीश शर्मा, पीएल मुर्मू, रंजन सिंह अभय प्रसाद, बीपीन मंडल,जितेंद्र शर्मा, जोगिन्दर सिंह, कार्तिक घोष, गौरव चक्रवर्ती, राजेन्द्र यादव, नवीन अंबष्ट आदि लोग शामिल थे.

# सेल जीतपुर कोलियरी में जमसं के नेतृत्व में मजदूर अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना पर बैठे

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

झरियाः सेल जीतपुर कोलियरी में जनता श्रमिक संघ असंगठित मजदूर के तत्वावधान में सोमवार को श्रमिक दो दिवसीय धरना पर बैठ गए.धरना से पहले कोलियरी के अन्दर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, नारेबाजी के दौरान मजदूर हमारी मांगे पूरी करो, भविष्य निधि एवं पेंशन का बकाया पैसा का भुगतान करना होगा, सीम 16, 17, 18 में स्टोविंग कराना होगा जैसे नारे लगाए. जनता श्रमिक संघ असंगठित मजदूर जीतपुर शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हमलोग भूख हड़ताल पर बैठेंगे.लगातार हमारी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है. बताते चलें कि भविष्य निधि एक ऐसी संस्था है, जहां ठेकेदार के द्वारा लगभग 12 परसेंट और अपनी कमाई का 12 परसेंट दोनों मिला कर प्रति माह भविष्य निधि संगठन



में जमा करने का प्रावधान है. लेकिन लगभग 20 से 25 वर्ष से सभी असंगठित मजदूरों का भविष्य निधि व पेंशन मद में पैसा जमा हुआ है या नहीं इसका ₹ब्योरा सेल के अधिकारी ने उपलब्ध नहीं कराया है. जब की टाटा, बीसीसीएल सभी कोलियरी के भविष्य निधि एवं पेंशन का बकाया पैसा का ₹ब्योरा ऑन लाइन हो चूका है. तिवारी ने कहा कि जीतपुर कोलियरी के सीम 16 17 18 में स्टोविंग नहीं कराने के कारण कभी भी भु धसान हो सकता है. कोलियरी बंद करने से पहले स्टोविंग कराए. जीतपुर के अधिकारी के द्वारा चासनाला में वार्ता के लिए बुलाया गया है. समाचार लिखने तक कोई फैसला नहीं हुआ था,मौके पर विनय पांडेय, दीपक कुमार सिंह, दिनेश कुमार, मुन्ना कुमार गुप्ता, लखन पासवान,सरवन राउत, लालजीत तिवारी, बिटू सिंह केदार भुइयां, जितेंद्र पासवान रवि गोप आदि मौजूद थे.

# पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने किया ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबादःबैंक मोड़ पुराना बाजार रोड पानी टंकी के समीप स्थित शिवम कंपलेक्स के फर्स्ट फ्लोर में सोमवार को ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने फीता काटकर किया. मौके पर पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने प्रतिष्ठान को हेयर एंड स्क्रीन के संदर्भ में धनबाद वासियों को सुंदर बनाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनबादवासी पहले हेयर और स्कीन की ट्रीटमेंट के लिए बाहर



मेट्रो शहरों की ओर रुख करते थे, अब धनबाद में ही पटना के अनुभवी कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा ट्रीटमेंट और महत्वपूर्ण परामर्श से हेयर एंड स्किन सॉल्यूशन का समाधान हो जाएगा. प्रतिष्ठान के ओनर विवेकानंद ठाकुर और कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर रवि राज ने बताया कि प्रतिष्ठान में हेयर ट्रांसप्लांट,हेयर फॉल ट्रीटमेंट, हेयर टीआरपी ट्रीटमेंट,हेयर विग्स,हिजामा, ड्राई कटिंग थेरेपी, फायर कपिंग थेरेपी ,लेजर ट्रीटमेंट, हेयर फॉल समेत हेयर और स्क्रीन के अन्य ट्रीटमेंट पटना के डॉक्टर रवि राज और उनकी अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जायेगा. बताया कि पटना के डॉक्टर रविराज हफ्ते में चार दिन हुए यहां उपलब्ध रहेंगे.प्रतिष्ठान में अनुभवी कायरोप्रेटिक थैरेपिस्ट लक्ष्मण ठाकुर स्पोर्ट्स इंजरी में अपना अचूक इलाज कर सेवा देंगे. लक्ष्मण ठाकुर ने बताया कि बहुत ही परफेक्ट सर्विस के साथ मेट्रो शहरों की तुलना में बहुत ही किफायत फीस रखा गया है. उद्घाटन के मौके पर भाजपा नेता भृगुनाथ भगत, विजय विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश पासवान समेत अन्य अतिथि एवं कस्टमर्स उपस्थित थे.

# मैथन डिनोबली स्कूल में मनाया मातृ दिवस, जिसमें बच्चों सहित माताएं रहीं मौजूद






### बच्चों ने कविता, गीत-संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर माताओं को किया आलिंगन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : डिनोबीली स्कूल मैथन में सोमवार 12 मई को कनिष्ठ वरीय वर्ग ने मातृ-दिवस मनाया. कनिष्ठ वर्ग कक्षा एलकेजी से स्टैंडर्ड वन तक के लगभग 150 बच्चों ने मातृ-दिवस मनाया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या सुश्री शुक्ला चौधरी तथा प्रत्येक कक्षा की प्रतिनिधि माताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया. बच्चों के द्वारा कविता पाठ , नृत्य ,गीत आदि प्रस्तुत किया.सभी बच्चों ने कार्ड देकर माता का आलिंगन किया और सभी का मन मोह लिया. बच्चों और माताओं के लिए संगीत पर नृत्य का भी आयोजन किया गया था.साथ ही एक सेल्फी स्टैंड बनाया गया था जहां बच्चों ने माता संग अलग-अलग पोज में फोटो खिचाकर आनंद लिया. बच्चों के जीवन में माँ का अतुलनीय योगदान रहता है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है. इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या सुश्री शुक्ला चौधरी ने मातृ दिवस की महत्ता के बारे में बच्चों को अवगत कराया तथा माताओं के अतुलनीय योगदान की सराहना की. माताओं की ओर से श्रीमती अन्नपूर्णा यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्कूल और शिक्षकों का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्या और शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई.

# कतरास गुजराती स्कूल निर्माण कार्य के दौरान दीवार ढहा, बड़ा हादसा टला



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : पचगढी बाजार स्थित गुजराती मुहल्ला में सोमवार को कन्या पाठशाला स्कूल को तोड़कर नए भवन का निर्माण किया जा रहा है.निर्माण कार्य के दौरान एक पुरानी दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई.

घटना के समय ठेकेदार द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से रास्ता कुछ समय के लिए बंद करवा दिया गया था, जिससे किसी बड़े हादसे से बचा जा सका. दीवार गिरने के समय कई मजदूर कार्यरत थे, जो बाल-बाल बचे.

स्थानीय निवासियों के अनुसार गिरती हुई दीवार का मलबा पास से गुजर रहे बिजली के तारों पर जा गिरा, जिससे एक बड़ी दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ गई थी.गनीमत रही कि समय पर सावधानी बरतने के कारण कोई जान माल की क्षति नहीं हुई.

# संयुक्त मोर्चा ने किया कोल इंडिया के मनमानी का विरोध

### 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का लिया निर्णय



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

झरिया : बस्ताकोला क्षेत्र के कुइयां जीरो सीम खदान के समीप सोमवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोल इंडिया प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया ।प्रदर्शन कर रहे लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया में 20 मई को एक दिवसीय आहुत राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा के लोग यहां एकत्रित हुए हैं। आप लोगों को जानकर यह आश्चर्य होगा कि मजदूरों के लिए 44 श्रम कोड को समाप्त कर केंद्र की सरकार मात्र चार श्रम कोड ही रखने जा रही है। जिसका मतलब साफ है कि आप धरना,प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे, अपने अधिकार नहीं मांग सकेंगे, श्रमिक संगठनों की एकता को समाप्त कर आप लोगों को पंगु बना दिया जाएगा। कंपनी जब चाहेगी आपकी नौकरी खतरे में डाल सकती है। इन तमाम तुगलकी फरमान के विरोध में चट्टानी एकता का परिचय देने का काम करें और 20 मई को कोल इंडिया में होने वाली हड़ताल को शत प्रतिशत सफल बनाने का काम करें।

# 12 सूत्री मांगों को लेकर लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में जमसं का 6 दिवसीय धरना शुरू

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

झरिया : 12 सूत्री मांग को लेकर जनता मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार से 6 दिवसीय धरना कार्यक्रम लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर शुरू किया गया। इस दौरान काफी संख्या में जनता मजदूर संघ के समर्थक धरना कार्यक्रम में शामिल हुए.प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 22 मई से लोदना क्षेत्र का ट्रांसपोटिंग एवं डिस्पैच ठप कर दिया जाएगा।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुख्य मांगो में एनटीएसटी, जीनागोरा विभागीय परियोजना को प्रबंधन सुचारू रूप से चलाने का काम करें, परियोजना का विस्तारीकरन हो, श्रम शक्ति बजट में वेकेंसी मंगाया जाय,




रिजल्टेंट वेकेंसी, प्रमोशन, रेगुलराईज, आदि का समाधान प्रबंधन जल्द करे,कोलियरी क्षेत्र और आउटसोर्सिंग के जद मे आने वाले लोगों का समुचित संसाधनों के साथ विस्थापन हो, बिना जांच किए सिंगल टाइप आवास का भाड़ा काटना गलत है, इसमें प्रबंधन सुधार करे, कटौती बंद करें, मनमानी तरीके से आउटसोर्सिंग में विभागीय कर्मियों को भेजना बंद करे, लोदना क्षेत्र के कई यूनिट में अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ है वहां प्रमोशन किया जाए, जेलगोरा अस्पताल में पारा मेडिकल स्टाफ का घोर अभाव है उसे पूरा किया जाए आदि मांगो पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं करने के कारण ही जमसं आन्दोलन करने को बाध्य हुआ है। और यह छह दिनों तक चलेगा। धरना कार्यक्रम में बी सीसीएल जोन कल्याण बोर्ड के सदस्य संजीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, वरिय नेता राय बाबू सिंह, सुनील पासवान मो. मनसुर अनसारी केल्विन तिर्की रितेश कुमार निषाद, संतोष मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, राजीव झा, सुभाष उपाध्याय, मनोज तिवारी, मनोहर सिंह, बलबीर सिंह, जगदीश सिंह, श्याम बहादुर सिंह, मनोज राजभर, बिस्वास कुमार, सुमित बनर्जी, राज कुमार सिंह, ,हरिश्चंद्र सिंह, बल्केश्वर सिंह, मोहम्मद मंजूर खान, रामसेवक दास, जसविंदर सिंह, इरशाद अहमद, रूपनारायण दसौंधी, रविशर महतो, रूपलाल बढ़ई, अमल दास, शिव प्रसाद बौरी, जनादेश सिंह, विनय यादव, शिव चरण मुर्मू उपस्थित थे।

13 May Page 4_Page 3.qxd 5/12/2025 10:38 PM Page 1



## संक्षिप्त खबरें

### थांग-ता में अररिया के लक्की व पूर्वी चंपारण के सुमित का भी अच्छा प्रदर्शन





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

गयाः गया के बिपार्ड में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत सोमवार से आयोजित थांग-ता खेल के प्रतिस्पर्धा में बिहार की टीम में शामिल अररिया जिले के लक्की कुमार और पूर्वी चंपारण के सुमित कुमार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल में लक्की कुमार ने 36 बनाम 19 प्वाइंट से जीत हासिल किया। इसने केरला टीम के विद्युत विनोद को हराया। क्लास 10 वीं का छात्र खिलाड़ी लक्की कुमार अंडर-18 में 60 किलो से कम वजन में प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बरदाहा सिकटी अररिया निवासी शिक्षक पिता रहे स्व ह्रदय नारायण पासवान का पुत्र व शिक्षिका माता पूनम देवी का पुत्र लक्की दो वर्षों से इस खेल से ज्यादा जुड़ा है। इसका लक्ष्य है कि इस। खेल के माध्यम से बिहार व भारत का मान अन्तराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाये। वही पूर्वी चंपारण के धनखरैया गांव के रहने वाले व्यवसायी पिता अनिल कुमार का क्लास 10 वीं में पढ़ाई कर रहे पुत्र सुमित भी पिछले दो साल से थांग-ता खेल में लगनशीलता से जुड़ा है। उसका कहना है कि इस खेल को राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय मंच पर जाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना एक सपना है। पूर्व में रांची और मध्य प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ दो नेशनल गेम्स में भी भाग लिया है। थांग-ता खेल बिहार प्रदेश सचिव विकास कुमार झा ने बताया कि थांग-ता खेल में बिहार की ओर से खेलो इंडिया यूथ गेम्स आठ खिलाड़ी शामिल हैं। जिसमे चार बालक व चार बालिका हैं। अंडर-18 बालिका वर्ग में 52 किलो से कम और 56 किलो से कम वजन में प्रतिभागी हैं तथा अंडर-18 बालक वर्ग में 56 किलो वजन से कम और 60 किलो वजन से कम में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में जुटे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देश स्तर पर 25 राज्यो से 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमे 60 बालिका व 60 बालक वर्ग के प्रतिभागी हैं।

### रामगढ़वा में 2 करोड़ की अफीम के साथ 3 अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) : झारखंड के चतरा जिले का कुख्यात अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर अनूप यादव समेत तीन तस्करों को एसटीएफ और रामगढ़वा थाना पुलिस की संयुक्त छापेमारी में करोड़ों की अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुगौली-रामगढवा के बीच भैंसड़ा गांव के समीप एक आम के बगीचे में मादक पदार्थों की बड़ी खेप की डील होने वाली है।

सूचना के आधार पर एसटीएफ और रामगढ़वा पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान झारखंड चतरा निवासी अनूप यादव, मंटू पासवान और गया जिले का अर्जुन पासवान गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चार किलो अफीम बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। साथ ही तस्करों के पास से 7 मोबाइल फोन व 2 लाख 40 हजार रुपये नकद भी जब्त किए गए।पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह अफीम नेपाल से लाई जाती थी और आगे पंजाब भेजी जाती थी। पुलिस को शक है कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के तहत लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। अब यह जांच की जा रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। छापेमारी दल में एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार,पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार, रामगढ़वा थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार, एसआई मनीष कुमार और एसआई सुमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस इस मामले में अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

# मुख्यमंत्री ने 6,938 ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन का किया कार्यारम्भ, 8,716 करोड़ रुपये होंगे




पटना, (एजेंसी) :मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत 8,716 करोड़ रुपए की लागत से 6,938 पथों (लंबाई 12,105 किलोमीटर) का रिमोट के माध्यम से कायारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्य का आरंभ करने के लिये ग्रामीण कार्य विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण को और गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पथों की मरम्मति एवं रखरखाव जरूरी है। जिन ग्रामीण पथों को मरम्मत करने की जरूरत है, उसे बरसात से पहले ठीक करायें। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को हमेशा मजबूत, सुरक्षित और आरामदायक सड़क की सुविधा मिलती रहे। ग्रामीण पथों के निर्माण से न केवल गांवों और शहरों के बीच की दूरी कम हो रही है, बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना को नया आयाम और आर्थिक गतिविधियों को नई गति भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकतानुसार ग्रामीण पथों का निर्माण और चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ करायें। नये ग्रामीण पथों के निर्माण से राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से भविष्य में मात्र 4 घंटे में राजधानी पटना तक की सुगम और निर्बाध यात्रा पूरी करने के सरकार के लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2024-25 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचवर्षीय मेंटेनेंस अवधि से बाहर हुए कुल 14,087 पथों (लंबाई 24,482 किलोमीटर) के सुदृढ़ीकरण के लिए 21,733 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी 7 वर्षों तक मानक के अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है, जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण / त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं। इस अवधि के भीतर इन पथों पर 2 बार कालीकरण (री-सर्फेसिंग) कार्य कराया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन के दौरान यदि सड़क में कोई तकनीकी त्रुटि पाई जाती है तो उसका समाधान तय समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

## रक्सौल बॉर्डर से 13 वर्षीय नाबालिग लड़की की मानव तस्करी की कोशिश नाकाम




पूर्वी चंपारण, (एजेंसी) : भारत-नेपाल के रक्सौल बार्डर से मानव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने नाकाम कर दिया गया। सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर एक नेपाली युवक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर नेपाल ले जाने की कोशिश कर रहा था लेकिन एसएसबी 47वीं बटालियन की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण और न्याय नेटवर्क परियोजना की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी युवक को रक्सौल बॉर्डर के पास इंडियन ऑयल डिपो से गिरफ्तार कर लिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने बॉर्डर के पास संदिग्ध हालत में एक युवक और नाबालिग लड़की को पकड़ा।काउंसलिंग के दौरान लड़की ने बताया कि कुछ दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से युवक से उसकी बातचीत हो रही थी। युवक ने उसे घर से चुपचाप निकल कर घोड़ासहन स्टेशन आने को कहा था, जहां से ट्रेन द्वारा वह उसे रक्सौल लेकर आया और फिर नेपाल ले जाने की योजना थी। लड़की ने बताया कि यह उनकी पहली मुलाकात थी और युवक ने नेपाल में शादी कर नौकरी करने का सपना दिखाया था। लड़की घोड़ासहन थाना क्षेत्र की निवासी है और उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष है।

इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है। मौके पर मौजूद टीम में एसएसबी इंस्पेक्टर विकास कुमार, अरविंद द्विवेदी, शिवांगी राज, जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, गौरव कुमार दास समेत अन्य सदस्य शामिल थे। इस प्रकार एसएसबी,पुलिस और सामाजिक संगठनों की सक्रियता से एक और मासूम की जिंदगी बचा ली गई है।

## बुद्ध के जीवन से संबंधित स्थलों को फोरलेन सड़कों से जोड़ने की योजनाएँ जल्द पूरी होंगी

पटना, (एजेंसी) : उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बिहार में अरबों रुपये की लागत से बौद्ध सर्किट का विकास किया गया , जिससे राज्य में धार्मिक पर्यटन बढा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिले।उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुद्ध पूर्णिमा पर बोधगया मंदिर में दर्शन पूजन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में समतामूलक और समावेशी समाज के निर्माण के लिए एनडीए सरकार लगातार विकास के काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में बुद्ध सर्किट की सड़कों का निर्माण अंतिम चरण में है। कुछ मार्गों पर इस साल के अंत तक आवागमन शुरू हो जाएगा। इस सर्किट में मुख्य पांच सड़कों का निर्माण हो रहा है। इनमें पटना-गया-डोभी रोड, आमस-दरभंगा एक्सप्रेस वे, पटना रिंग रोड में रामनगर से कच्ची दरगाह, दरियापुर-मनिकपुर -साहेबगंज-अरेराज-बेतिया सड़क सहित गया-हिसुआ-राजगीर-नालंदा-बिहारशरीफ सड़क शामिल हैं.

उन्होंने कहा कि इन फोरलेन सडकों के माध्यम से राज्य में भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख स्थलों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा और पर्यटन उद्योग तेजी से आगे बढेगा।

## नालंदा जिले में भाभी से मजाक करने पर युवक की हत्या

नालंदा, (एजेंसी) : नालंदा जिले थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कौशल्या बिगहा गांव में सोमवार को बदमाश ने लाठी से पीटकर चचेरे भाई की हत्या कर दी। मृतक 45 वर्षीय अरुण गोप बताये जाते हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पत्नी को गाली देने के संदेह में बदमाश ने घटना को अंजाम दिया है।मृतक के परिजनों ने बातया कि अरुण सोमवार की सुबह बाजार से मटन खरीदकर लाएं और भाभी को वह पकाने बोले भाभी ने कुछ देर में पकाने की बात कही तो वह मजाक में गाली देने लगे समीप में चचेरी भाभी थी। उन्हें लगा कि गाली उन्हें दी जा रही है। इसके बाद दोनों का विवाद होने लगा। उसी दौरान पत्नी को गाली देने का आरोप लगाते हुए चचेरे भाई जगदीप गोप ने लाठी से सिर पर मारकर उन्हें जख्मी कर दिया।जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

# थांग-ता खेल में बिहार की टीम कर रहीं हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में थांग-ता खेल में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे अंतर्राष्ट्रीय कोच ने कहा<

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

गया :मणिपुर की पारम्परिक मार्शल आर्ट खेल थांग ता खेल में बिहार का भी प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इस खेल में बिहार राज्य के बालक और बालिका वर्ग की खिलाड़ियों में काफी प्रतिभाएं उभर कर सामने आयी है। थांग-ता खेल में बिहार की टीम को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का एक बड़ा लक्ष्य है।खेलो इंडिया यूथ गेम्स में थांग-ता खेल का बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे अन्तराष्ट्रीय कोच सारंगथेम टीकेन सिंह और महिला अन्तराष्ट्रीय कोच अहंतेम माया चानू ने यह विचार व्यक्त किया है। खेल प्रतियोगिता के दौरान बिपार्ड में एक विशेष मुलाकात में थांग-ता खेल पर भी बालिक-बालिका का अन्तराष्ट्रीय कोच ने विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल आयोजन से पूर्व राजगीर में दो महीने का बिहार टीम को थांग-ता खेल का विशेष प्रशिक्षण देने का अवसर मिला। प्रशिक्षण के दौरान देखा कि खिलाड़ियों में काफी उत्साह और लगनशीलता भरा है। कड़ी मेहनत के बीच अपनी प्रतिभा क्षमता को काफी आगे बढाया है।



बिहार के लिए यह नई खेल होने के बावजूद यहां के प्रतिभागी काफी ईमानदारी के साथ इस खेल के स्वरूप को आतसत किया है। इन्होंने यह भी कहा कि बिहार के खिलाड़ियों की प्रतिभा व लगनशीलता को देखने से इस लगता है कि इस खेल को बिहार के खिलाड़ी अन्तराष्ट्रीय मंच पर पहुंचकर विजयी का परचम लहराएगा।

थांग-ता शास्त्रीय मेइतेई पारंपरिक मार्शल आर्ट अन्तराष्ट्रीय कोच ने बताया कि थांग-ता एक शास्त्रीय मेइतेई पारंपरिक मार्शल आर्ट फॉर्म है। इसकी उत्पत्ति प्राचीन कंगलीपाक (वर्तमान मणिपुर राज्य) से हुई है। इसका अभ्यास हथियारों का उपयोग करके किया जाता है। थांग-ता को हुइयन लालोंग मार्शल आर्ट फॉर्म के माना जाता है । थांग-ता में तलवार(थांग), भाला(ता) और ढाल का उपयोग शामिल है। इसमें सरित सरक नामक निहत्थे युद्ध तकनीक भी शामिल है। थांग-ता राजा खगेम्बा (1597-1652 ई.) के शासन के दौरान अपने चरम पर पहुंच गया। खांग-ता खेल का महत्व बहुत ज्यादा है। यह न केवल शारीरिक व्यायाम प्रदान करता है बल्कि यह सामाजिक और मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह

खेल सहनशक्ति और शक्ति को बढ़ाते हैं जिससे शारीरिक क्षमता में सुधार होता है। खेल हाथ-आंख के समन्वय, प्रतिक्रिया समय और संतुलन को बेहतर बनाता है। खेल तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है। साथ ही खेल आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाता है।

## पृष्ठ एक का शेष...

### हिसार में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे 39 बांग्लादेश....

लेबर की जांच कर रही है और यह जांच आगे भी जारी रहेगी। इनके पास था बंगाल का आधार कार्ड इस संदर्भ में जब ईंट भट्ठा मालिक संदीप ने बताया कि इनके पास बंगाल का आधार कार्ड था। संदीप ने बताया कि करीब एक महीने पहले पांच परिवार उनके पास काम करने के लिए आए थे। बाकी परिवार अभी दो दिन पहले ही आए हैं और इन्हें राजस्थान के एक ईंट भट्ठे से यहां लाया गया था। इनके पास बंगाल का आधार कार्ड भी मौजूद था, लेकिन अब ये पुलिस को क्यों नहीं दिखा रहे हैं, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता।

### पाक ने आतंकवादियों का साथ देना सही समझा और इसे....

और इस वजह से हमें अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी बॉर्डर के उस पार से होगा इसलिए हमने एयर डिफेंस की पूरी तैयारी कर ली थी। हमारी इंवेंटरी में शामिल काउंटरमैन, एरियल सिस्टम, इलेक्ट्रोनिक वॉर फेयर के साधन और एयर डिफेंस वेपन का इंडियन एयरफोर्स के सिस्टम के साथ एक अनोखा मिश्रण किया गया। इसलिए आपने देखा जब-जब पाकिस्तान एयरफोर्स ने हमारे एयरफील्ड पर हमले किए तो वो इस मजबूत एयर डिफेंस के सामने नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था कि वह मल्टिटीयर डिफेंस को पार कर के पीछे हमारी एयर फील्ड या लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन को टारगेट कर पाए। जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी, हमारी एयर फील्ड हर तरह से ऑपरेशनल है। इतना ही नहीं पाकिस्तान के ड्रोन और वेपनाइज यूएवी से की गई हमलावर कोशिशें भी इस ग्रिड के कारण नाकाम हुईं और जो बचे-कुचे ड्रोन थे उन्हें हमारे हथियारों से मार गिराया गया।

घई ने कहा हर डॉमेन में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर तालमेल था। तीनों सेनाओं के बीच भी तालमेल था और सरकार ने भी इस मिशन में हमारा पूरा साथ दिया और इस वजह से हम अपने इस मिशन को पूरा कर पाए।

### ऑपरेशन सिंदूरः भारत ने पाकिस्तानी मिराज.....

प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गई।

वहीं, भोलारी एयरबेस पर हुए हमले में पाकिस्तान के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ समेत 50 से अधिक सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और कई लड़ाकू विमान नष्ट हो गए।

### पुतिन के सीधी वार्ता के प्रस्ताव से खुश हुए.....

यूक्रेन और उसके सहयोगी लंबे समय से कहते आए हैं कि रूस को पहले अपनी सैन्य गतिविधियां पूरी तरह से रोकनी होंगी। दूसरी ओर, रूस का कहना है कि यूक्रेन को पहले अपनी शर्तें माननी होंगी। इसमें क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों को रूस का हिस्सा मानना शामिल है। इन सब बयान के बीच कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन हमले भी जारी हैं। हमले की वजह दोनों पक्षों के बीच अविश्वास और तनाव गहराता जा रहा है।

### तिब्बत में आया भूकंप, लोग डरकर घर....

यहां 3.7 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप केवल 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था। एक्सपर्ट्स की मानें तो उथले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं क्योंकि वे पृथ्वी की सतह के नजदीक आते हैं। धरती पर इसके झटके ज्यादा महसूस होते हैं। झटके आने की संभावना ज्यादा होती है। इस क्षेत्र में हाल ही में भूकंपीय गतिविधि का यह पहला मामला नहीं है।

### यूपीः वाराणसी में भीषण गर्मी जारी, घट रहा ....

पर्यटक भी कम आ रहे हैं, जिससे व्यवसाय पर असर पड़ रहा है।स्थानीय नाविक अमरजीत साहनी ने भी भीषण गर्मी पड़ने की बात दोहराई। उन्होंने बताया, लोगों को घरों से बाहर निकलने में समस्या हो रही है। घाट पर इसका असर बहुत ही ज्यादा देखने को मिल रहा है। दोपहर के वक्त पूरा घाट सन्नाटा हो जा रहा है। सुबह नौ बजे से शाम 4-5 बजे तक कोई नहीं आ रहा है। उसके बाद जब धूप कम हो रही है और गंगा आरती का समय हो रहा है, लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो जा रहा है।

उन्होंने बताया, ऱगंगा नदी का पानी भी सूख रहा है। जलस्तर कम हो रहा है, बीच में रेत के टीले देखने को मिल रहे हैं। हर बार की तुलना में इस बार गंगा का पानी कुछ ज्यादा ही घट रहा है।

# बीसीसीएल ने आयोजित किया स्टील क्षेत्र के उपभोक्ताओं के साथ कंज्यूमर मीट कार्यक्रम

**रणनीतिक संवादात्मक बैठक में आयात प्रतिस्थापन एवं व्यापार सुगमता पर साझा किए गए विचार**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख अनुषंगी इकाई और देश की अग्रणी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा आज गोविंदपुर धनबाद स्थित वेडलॉक ग्रीन्स रिसोर्ट में इस्पात क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ एक उच्चस्तरीय संवादात्मक बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन किया. आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य कोयला-इस्पात क्षेत्रों के बीच पारस्परिक सहयोग सुदृढीकरण तथा ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के तहत आयात प्रतिस्थापन एवं व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना था. यह आयोजन विशेष रूप से स्टील (कोकिंग) उप-क्षेत्र के लिए प्रस्तावित लिंकज नीलामी ट्रांच-श्क्क्क को ध्यान में रखकर किया गया था.इस अवसर पर सीआईएल और बीसीसीएल के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी सहभागिता की, जिनमें समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, मुकेश चौधरी, निदेशक (विपणन) कोल इंडिया लिमिटेड के साथ ही बीसीसीएल निदेशक (एचआर) एमके रमैया, निदेशक (वित्त),आरके सहाय, निदेशक (तकनीकी/संचालन), एसके सिंह, निदेशक (योजना एवं परियोजना) मनोज कुमार अग्रवाल और हितेश वर्मा, महाप्रबंधक (विपणन एवं




बिक्री) सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा स्टील उद्योग के 25 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. जिसके पश्चात पॉवर-पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये बीसीसीएल द्वारा लिंकेज नीति में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों और पहलों की जानकारी साझा की गई.बताया गया कि महत्वपूर्ण प्रावधानों के तहत अब स्टील संयंत्रों को अन्य कोकिंग कोल वाशरी संचालित करने वाले उद्योगों जैसे कि संयुक्त बिजली संयंत्र, सीमेंट, कागज, वस्त्र, और कैप्टिव पावर प्लांट्स के साथ कंसोर्टियम (संघ) बनाने की अनुमति दी गई है.इस नीतिगत बदलाव न केवल सहभागिता में लचीलापन प्राप्त होगा, बल्कि घरेलू कोयला धुलाई अवसंरचना में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और आयातित कोयले पर निर्भरता कम होगी. ट्रांच-श्क्क्क नीलामी की सन्दर्भ में बताया गया कि इस पहल से 15 वर्षों की लिंकेज अवधि के दौरान लीड स्टील संयंत्रों और कंसोर्टियम सदस्यों को बदला जा सकता है, जोकि उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप एक ऐतिहासिक व्यापार सुगमता प्रोसेस है.सत्र में ट्रांच-श्क्क्क कोकिंग कोल लिंकज नीलामी पर विशेष चर्चा हुई. जिसमें कंसोर्टियम बिडिंग की सुगमता एवं लचीलेपन को साझेदारी और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाला प्रमुख कदम बताया गया.बैठक के दौरान कोयले की गुणवत्ता, आयात प्रतिस्थापन रणनीतियां,और स्टील क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बीसीसीएल की रणनीतियों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ.कार्यक्रम में 25 से अधिक स्टील कंपनियों की उपस्थति रही, जिनमें सेल, आरआईएनएल, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसपीएल, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील, भूषण पावर एंड स्टील, सनफ्लैग स्टील, रूंगटा स्टील, श्याम सेल एंड पावर ईएसएल स्टील, श्याम स्टील, यूनीसेवन, वीजा मिनमेटल, स्मोकलेस फ्यूल्स इंड प्राइवेट लिमिटेड, ऑरोमा, मेटालाइट कोक, वसुधा कोक सहित प्रमुख स्टील कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे.भारतीय इस्पात संघ, अखिल भारतीय इंडक्शन फर्नेस संघ, भारतीय खनिज उद्योग महासंघ और भारतीय कोयला उपभोक्ता संघ जैसे प्रमुख उद्योग संघों के साथ ही वीजा कोक, बसुधा कोक, अरोमा कोक आदि जैसे कोकिंग कोयला से संबंद्ध उत्पादकों ने आयात प्रतिस्थापन को बढ़ाने के सुझावों के साथ इंटरैक्टिव सत्र के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज कराई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कोल इंडिया के निदेशक (मार्केटिंग) मुकेश चौधरी ने कहा कि भारत में कोयला क्षेत्र एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है आत्मनिर्भर भारत का मूल उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना है. बीसीसीएल में रणनीतिक जोर पावर क्षेत्र से इस्पात क्षेत्र की ओर स्थानांतरित हो रहा है. चालू वित्त वर्ष में, 24 लाख टन से अधिक कोकिंग कोल विशेष रूप से इस्पात उपभोक्ताओं को प्रस्तुत किया गया है.पारदर्शिता और निष्पक्षता हमारे विपणन कार्यों के मूल में हैं. हमारी ऑनलाइन प्रणाली को पूरी तरह से सुव्यवस्थित किया गया है. और हमारा मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी कोयला आवश्यकताओं को सहजता से प्राप्त करने और प्रबंधित करने में सक्षम बनाना है.इस अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता ने कहा कि यह संवादात्मक सत्र बीसीसीएल की स्टील उद्योग के साथ दीर्घकालिक और मजबूत साझेदारी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत की कोकिंग कोल आपूर्ति का प्रमुख स्तंभ होने के नाते, बीसीसीएल गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के माध्यम से देश की ऊर्जा और औद्योगिक आवश्यकताओं को समर्थन देने हेतु तत्पर है. उन्होंनें कहा कि बीसीसीएल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ अपने प्रयासों को जोड़ते हुए घरेलू उद्योगों को सशक्त करने और कोयला आयात पर निर्भरता को न्यूनतम करने का प्रयास कर रहा है.कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तर एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को अपने विचार साझा करने और शंकाओं के समाधान का अवसर मिला. इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी किया गया, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों ने बीसीसीएल के नेतृत्व के साथ संवाद किया। समापन सत्र में निदेशक (मानव-संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने कार्यशाला में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति कार्यक्रम में सम्मिलित होने तथा इसे सफल बनाने हेतु अपना आभार व्यक्त किया तथा औपचारिक रूप से बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया.कार्यक्रम का संचालन बीसीसीएल के महाप्रबंधक (विपणन एवं विक्रय) हितेश वर्मा ने किया.

Page 05_Page 3.qxd 2025-05-12 22:22 Page 1



## संक्षिप्त खबर

### लालकार्ड बनवाकर नियम विरुद्ध संपन्न लोग अनाज उठाव कर रहे हैं

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी खाद्य सुरक्षा कानून यही लूट का पर्याय बन गया हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में लालकार्ड धारियों का भौतिक जांच कर अयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड सरेंडर कराया हैं ।पर आज भी उपायुक्त के कार्ड सरेंडर कराने का आदेश को धत्वा बताकर एसओ आराम का जीवन गुजार बसर करनेवाले सम्पन्न लोग यहां लालकार्ड एवं ग्रीन कार्ड का अनाज उठाव कर रहा हैं । यहां कई जनवितरण प्रणाली दुकानदार ,बड़ा व्यावसायी लालकार्ड बनवाकर नियम विरुध्द अनाज उठाव कर रहा हैं ।रानीश्वर बाजार के एक कपड़ा दुकानदार ने अनाज उठाव कर पीएच कार्ड का लाभ लेरहा हैं ।राशनकार्ड धारी देवज्योति घोष के नाम से निर्गत पीएच कार्ड संख्या 202007080277 में उसके पिता पीडीएस डीलर नंदलाल घोष,शान्तान घोष एवं अंकिता घोष का नाम हैं ।नंदलाल का यहां रानीग्राम में शम्पा वस्त्रालय हैं । जब पीडीएस दुकानदार ही खाद्य सुरक्षा कानून का उल्लंघन करता हैं, तो यहां उस कानून का उल्लंघन यहां खुले आम लूट का माध्यम बन गया कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा ।

### दुकानदार द्वारा मुख्य पथ पर अतिक्रमण से सड़क दुघर्टना की आशंका

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**रानीश्वर :** सप्ताहिक हटिया के दिन दुकानदारों ने दुमका सिउड़ी मुख्य पथ अतिक्रमण कर एक बड़ी सड़क दुघर्टना की आसंका लोगों ने कहा स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण दुर्घटना हो रही हैं। हटिया के दिन पुरे रानीश्वर बाजार टोटो,ओटो, मोटरसाइकिल,बस आदि से पटा रहता हैं । जिससे आम लोग परेशान हैं अब देखने को मिल रहा है कि रानीश्वर बाजार में कुछ दुकानदारों ने सड़क किनारे आम लोगों के यातायात करने की जगह को भी नहीं छोड़ा है कुछ महीने पहले रघुनाथपुर बारमसिया पथ पर रघुनाथपुर उपर टोला के दुर्गा मंदिर के पास ठीक ऐसी दुर्घटना में एक युवक की मौत हो चुका है।

### ट्रक और मोटरसाइकिल सवार की टक्कर में एक घायल

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका:** हंसडीहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर ओड़तारा पेट्रोल पंप के समीप शाम तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।मोटरसाइकिल सवार की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र की कुशयारी गांव के रहने वाले 65 वर्षीय दिगंबर कापरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार कुशयारी गांव से हंसडीहा की ओर जा रहे थे तभी ओडतारा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचने पर हंसडीहा की ओर से दुमका की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हंसडीहा थाना के पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### उमस भरी गर्मी के बाद हल्की बारिश से किसानों को मिली राहत

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**काठीकुंड :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव में किसानों ने तरह तरह की खेती कर रखी है। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो रहा था। बढ़ते तापमान और उमस भरी गर्मी में हल्की बारिश से भी प्रखंड के लोगों को राहत मिली है।लंबे इंतेजार के बाद हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद सड़कों पर पानी बहता नजर आया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने राहत की सांस ली। बिजली कटौती एवं प्रखंड के विभिन्न गांव में पानी की किल्लत से लोग काफी परेशान है। खासकर किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आई क्योंकि प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों ने अनेक प्रकार की खेती की है और भीषण गर्मी से फसल को नुकसान हो रहा था।

### हर हाल में अपराध पर नियंत्रण करें पदाधिकारी : एसपी

**रांची, (एजेंसी)।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभा कक्ष में क्राइम मीटिंग की। मीटिंग में ग्रामीण क्षेत्र के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर, ओपी प्रभारी उपस्थित थे।इस दौरान विगत माह में दिए गए निदेशों की समीक्षा बारी-बारी सभी थाना प्रभारी से की गई। मीटिंग में एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को हर हाल में अपराध नियंत्रण करने का निर्देश दिया। साथ ही अजमानतीय वारंट का स-समय निष्पादन करते हुए न्यायालय को सूचित करने, लंबित पासपोर्ट का सत्यापन, यूडी कांडों की समीक्षा, जेल से छूटे अपराधकर्मियों की गतिविधि पर विशेष निगरानी रखने, छिनतई, रेप, पोक्सो, चोरी, लूट, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ और शराब के अड्डेबाजी पर छापेमारी करने को कहा। एसपी ने प्रॉपर्टी ऑफिंस कांड और यूडी कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा निर्देश दिया। मौके पर विगत माह में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियो और कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जनजातीय ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदली

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** जिला की अधिकांश जनसंख्या संथाल एवं पीवीटीजी समुदायों की है वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे । लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने इन इलाकों की तस्वीर बदल दी है। जिससे जो ग्राम पहले सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहा था, अब एक आदर्श ग्राम बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री




जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 4404 पीवीटीजी लाभुकों को आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे पहले झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को अपना पक्का मकान मुहैया हो पायेगा। जिलान्तर्गत 15 वनधन विकास केन्द्र संचालित है।

जिससे महिला गाँव और वन क्षेत्र में ही वन उपज पर स्थानीय रोजगार मिला है जिसके कारण ग्रामीणों का पलायन कम हुआ है। इस योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार एवं घरेलू उद्योग के माध्यम से अपना आय का साधन में बढ़ावा मिला है। जिला में 4 मल्टी पर्पस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में हर घर जल योजना से स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना एवं आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनने से लोगों को ग्राम से शहर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ता है। गांव में स्कूलों में कम्प्यूटर एवं डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा मुहैया करायी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिया जाता है जिससे कई महिलाओं ने बकरी पालन, हस्तशिल्प और कृषि आधारित लघु उद्योग शुरू किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण हुआ है एवं वर्तमान में 34 सड़को का निर्माण प्रस्तावित है। जिससे बाजार और प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचना आसान हुआ है।

## रवींद्र संगीत और नृत्य की सुरमयी संध्या का आयोजन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** सुरंजन सांस्कृतिक संस्था के संचालन एवं प्रबंधन में 38वां रवींद्र संध्या कार्यक्रम पश्चिम माटिया स्थित शिशु उद्यान के सामने एक आत्मीय वातावरण में भव्य रूप से आयोजित किया गया।इस भव्य आयोजन का औपचारिक उद्घाटन संस्था के करिश्माई कर्णधार असित साहा ने किया। दीप प्रज्वलन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रमुख शिक्षिका



नवनीता भट्टाचार्य संगीत प्रस्तुति से कार्यक्रम को सुरमय बनाया बिप्लब,तनुश्री चटर्जी, अद्रिजा कुनुई, चक्रवर्ती, नवनीता मुखर्जी, कौशानी मुखर्जी, झरना परमानिक, गीता चटर्जी, सोम पाल, देबन्विता भट्टाचार्य, बाबलु माझी, दिनबन्धु मंडल, अनीमा घोष, बनानी नंदी, विभास माझी, सुरजीत चक्रवर्ती, बिप्लब नाग, शिखा सेठ और ₹बाटायनर, ₹बालाकार का गान ओ गल्पोर जैसी प्रतिष्ठित कलाकार समूहों ने।एकल कविता पाठ प्रस्तुत किया। रवींद्र साहित्य, संगीत और नृत्य के प्रेमियों से सजी यह संध्या दर्शनीय और सराहनीय रही।

## तेज रफ्तार बाइक ने जेबीसी स्कूल के हेड मास्टर को मारी टक्कर, घायल




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जेबीसी स्कूल के सामने तेज रफ्तार बाइकर्स का कहर हर दिन देखने को मिलता है। जेबीसी स्कूल के हेड मास्टर सुशील मरांडी स्कूल के ही सामने सब्जी खरीद रहे थे कि तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद हेड मास्टर काफी दूर जाकर सड़क पर गिरे और बाइक सवार दोनों युवक भी इस दुर्घटना में जख्मी हुए. गंभीर रूप से जख्मी हेड मास्टर और बाइक सवार एक युवक को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचा दिया गया.सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश मंडल मौके पर पहुंचे और गश्ती वाहन के माध्यम से तीसरे जख्मी युवक को अस्पताल ले जाया गया. दुर्घटना का शिकार हुए बाइक को थाना प्रभारी ने जब्त कर थाना भिजवा दिया. गौरतलब है कि जेबीसी स्कूल के सामने दोनों ओर सब्जी और मछली बाजार लगने के कारण यह इलाका सुबह से ही भीड़-भाड़ वाला रहता है. इसके बावजूद युवा बाइकर्स तेज रफ्तार से गाड़ियों को दौड़ाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**सरायकेला,(एजेंसी)।** पुलिस ने कांड्रा थाना क्षेत्र में कांड्रा मोड़ के पास स्थित मंडल स्टोर के मालिक चितरंजन मंडल पर रंगदारी के इरादे से हुई फायरिंग मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जितेंद्र महतो, राजीव झा और शुभम कालिंदी उर्फ बिट्टू कालिंदी शामिल हैं। इनके पास से फायरिंग में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल और आठ जिंदा गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपितों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। सरायकेला एसडीपीओ समीर सेवईया ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है। एसआईटी टीम में कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू, कपाली प्रभारी सोनू कुमार, निमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो तथा आदित्यपुर और गम्हरिया के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि आठ मई को बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की थी। इस हमले में चितरंजन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें इलाज के लिए टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## कल से शुरू होगा बैंक मोड़ फ्लाइओवर का मरम्मती काम

**श्रमिक चौक से बैंक मोड़ की ओर जाने के क्रम में बैंक मोड़ फ्लाइओवर का बायां लेन अगले आदेश तक बंद रहेगा**

**दाहिने लेन में छोटे वाहन के अलावा केवल स्कूल बस एवं एम्बुलेंस ही कर सकेंगे प्रवेश**

**धनबाद :** बैंक मोड़ रेलवे ओवरब्रिज (फ्लाईओवर) का मरमती कार्य आज 13 मई से शुरू होने जा रही है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया की मरम्मती के दौरान ट्राफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। 13 मई से श्रमिक चौक से बैंक मोड़ की ओर जाने के क्रम में फ्लाइओवर के बायें भाग का मरम्मती किया जाना है। इस कारण से बैंक मोड़ फ्लाइओवर का बायां लेन अगले आदेश तक बंद रहेगा। वहीं दाहिने लेन में स्कूल बस एवं एम्बुलेंस को मुक्त रखा गया है। स्कूल बस एवं एम्बुलेंस आना एवं जाना कर सकते हैं। मरम्मती कार्य के मद्देनजर यातायात मार्ग में 13 मई से अगले आदेश तक निम्न परिवर्तन किया जाता है।

1. धनबाद के रणधीर वर्मा चौक, पुजा टॉकिज, श्रमिक चौक, सुभाष चौक होते हुए बैंक मोड़ की ओर जाने वाले वाहन फ्लाइओवर से नहीं जाकर रणधीर वर्मा चौक - हीरापुर - बरमसिया पुल - हावडा मोटर्स - धनसार चौक होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे। अथवा रणधीर वर्मा चौक - हीरापुर - बिनोद नगर - बरमसिया ओवर ब्रिज होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे।
2. बरमसिया की तरफ से धनबाद रणधीर वर्मा चौक की तरफ जाने वाले वाहन डीआरएम चौक - मजार रोड - जीआरपी कैंप - पम्पु तालाब - बरमसिया पुल होते हुए बैंक मोड़ जा सकेंगे।
3. फ्लाइओवर मरम्मती के दौरान कोई भी बड़े मालवाहक वाहन या यात्री बस का आवागमन फ्लाईओवर से पूर्णतः बंद रहेगा। जो बसें धनबाद की ओर से बैंक मोड़ होते हुए बोकारो की ओर जाने वाली है वह बस सिटी सेंटर, मेमको मोड़ होकर जाएगी।
4. बोकारो की तरफ से आने वाले बड़े मालवाहक वाहन/बस महुदा पुटकी मार्ग से न आकर कतरास के रास्ते से धनबाद आएंगे।

## मिहिजाम नगर कांग्रेस कमेटी का विस्तार, दो उपाध्यक्ष व नौ महासचिव चुने गए

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** रविवार देर शाम मिहिजाम कांग्रेस कार्यालय में मिहिजाम नगर कांग्रेस कमेटी के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रमुख प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे ने की, जबकि जिला प्रवक्ता इरशाद उल हक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर कांग्रेस कमेटी के सांगठनिक ढांचे को मजबूती देना और नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा करना था। सामूहिक चर्चा और सहमति के पश्चात दो उपाध्यक्षों तथा नौ



महासचिवों के नामों की घोषणा की गई।उपाध्यक्ष पद पर संजय गुप्ता एवं सेविका दास को सर्वसम्मति से चुना गया। दोनों ही लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।महासचिव पद के लिए नौ नामों का चयन किया गया, जिनमें राहुल शर्मा, वाहिद खान, रफीक अंसारी, कपिल देव यादव, मुन्ना जैन, अमजद खान, आलो मुखर्जी, इरफान अंसारी उर्फ राजू, और सावो यादव शामिल हैं। यह सभी कांग्रेस के विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते हैं और पार्टी के प्रति निष्ठावान हैं। बैठक में शामिल वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस को मजबूत करना समय की मांग है और इसके लिए समर्पित नेतृत्व की आवश्यकता है।बैठक में अरुण दास, दानिश रहमान, बेबी पासवान, नूपुर सरकार, कृष्णा राम समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने बैठक को सफल बनाने में सहयोग दिया और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट होकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

## बैसाखी पूर्णिमा पर मैथन में पंडित रघुनाथ मुर्मू का 120 वां जन्मोत्सव मना

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**धनबाद :** बैसाखी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पंडित रघुनाथ मुर्मू के 120 वां जन्मोत्सव पंडित रघुनाथ मुर्मू विद्यालय कुमाबाद मैथन में आसेका एवं विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया. आसेका के सदस्यगण एवं विद्यालय के शिक्षक गण बच्चों को उनके राह पर चलने के लिए प्रेरित किए. साथ ही अपने संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रेरित किए.मौके पर सुनिल हेंब्रम ,मुनिलाल मरांडी ,बाबूजन हेंब्रम ,गणेश सोरेन ,विजय हेंब्रम ,ओबी हेंब्रम , जगरनाथ सोरेन ,हीरालाल सोरेन ,नारायण मरांडी ,सुनील , किस्कू ,राधा किस्कू ,पानमूनी सोरेन ,आशा हेंब्रम ,शीतल मरांडी ,बाहा टुडू आदि उपस्थित थे.

## स्वदेशी मेले का अखिल भारतीय समागम हर्षोउल्लास के साथ संपन्न

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** भोपाल में सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार में स्वदेशी मेले का समागम सम्पन्न हुआ। जिसमे देश भर में लगे स्वदेशी मेले से प्रमुख कार्यकताओं का आना हुआ। इस समागम में मेला प्रमुख कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वदेशी मेला के माध्यम से स्वदेशी आंदोलन को गति देने का काम किया। कार्यकताओं ने बताया कि स्थानीय व राष्ट्रीय उत्पादों की जानकारी आम जनों तक मेला के माध्यम से सरल भाव से पहुंचाने का काम किया गया। इस आंदोलन में कई नए कार्यकताओं के जुड़ने से संगठन मजबूती की ओर अग्रसर है। इस समागम में प्रमुख रूप से स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, सह संगठक सतीश कुमार, अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार






बरियार, सह प्रमुख साकेत राठौड़, स्वर्णिम भारत वर्ष से सतीश चावला ओर अन्य केंद्रीय, क्षेत्रीय, प्रांतीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## द्वितीय राज्य स्तरीय रैसलिंग प्रतियोगिता संपन्न

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जामताड़ा नगर के सेंट जोसेफ स्कूल के प्रांगण में आयोजित जामताड़ा जिला आर्म रैसलिंग एसोसिएशन एवं आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय राज्य स्तरीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी हरिमोहन मिश्रा , अति विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुशील कुमार , विशिष्ट अतिथि जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा के प्रोफेसर प्रीति कुमारी,डॉ. डीडी भंडारी, अमित राय, विनोद खवाड़े,अल्फ्रेड फ्रांसिस ने संयुक्त रूप से सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि हरिमोहन मिश्रा ने अपने





संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां खेल और खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म मिलता है वहीं खेल विद्या को नजदीकी से देखने और समझने का भी अवसर प्राप्त होता है। खेल में भी बेहतर भविष्य बनाने की संभावनाएं हैं। खेल जहां हमें अनुशासित मनुष्य के साथ-साथ शारीरिक मजबूत बनाने के बेहतर प्लेटफॉर्म है।खेल के यहां पर जो भी खिलाड़ी पदक प्राप्त किए हैं वह आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन करें जिससे कि जिला, राज्य और देश का गौरव को और आगे ले जा सके ऐसी मेरी ईश्वर से मंगल कामनाएं है।

इस अवसर पर डिस्टिक स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर ने अपने संबोधन में कहा कि जामताड़ा जैसे छोटे जिले में यहां के सभी खेल संघ निरंतर यह प्रयास करते हैं कि यहां खेल का आयोजन होता रहे और खेल और खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके। हमारी सरकार का प्रयास भी है कि हम ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को संसाधन उपलब्ध करा सकें। इसके लिए हम प्रयास कर इस आयोजन के लिए आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि वह इस तरह का आयोजन कर बेहतर से बेहतर खिलाड़ियों को उभारने का कार्य कर रहा है।

इस बात की जानकारी आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी जून माह में पंजाब के लुधियाना में आयोजित 47 वां राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से सूरज पासवान , डॉ.भास्कर चांद, राजकुमार वर्मा , राहुल सिंह , सोनू मल्लिक , कृष सरकार, थॉमस कुर्ते, सोमनाथ दत्ता, अंशु सिंन्हा आदि व्यक्तिओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## संपादकीय

### युद्धविराम का सच

अंततः भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम घोषित कर दिया गया, लेकिन उसे पूर्णतः लागू करने का सच अभी सामने आना है। दरअसल भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाकिस्तान के 6 महत्वपूर्ण एयरबेस और एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और करीब 25 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया, मिट्टी-मलबा हो गया, तब पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। दूसरी ओर अमरीका को खुफिया सूत्रों से लीड्स मिल रही थीं कि यह टकराव, अंततः, लंबे युद्ध में तबदील हो सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की पोस्ट सार्वजनिक होने से पहले ही शनिवार सुबह 9 बजे पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल कशीफ अब्दुल्ला ने भारत के समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर युद्धविराम की गुहार लगाई थी। अपराह्न 3.35 बजे दोनों अधिकारियों ने हॉटलाइन पर एक बार फिर बातचीत की और युद्धविराम की शुरूआती सहमति बनी। बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्धविराम में मध्यस्थता का श्रेय लेते रहें, लेकिन न तो भारत सरकार यह मध्यस्थता मानती है और न ही देश का आम नागरिक यकीन करता है। भारत-पाक में सीधे ही बात हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहले युद्धविराम की घोषणा की। उसके बाद हमारे विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा पर सहमति जताई। शनिवार 5 बजे युद्धविराम लागू होने का भी ऐलान किया गया, लेकिन यह अर्द्धसत्य ही साबित हुआ। जैसे ही शनिवार की रात उतरने लगी, तैसे ही पाकिस्तान की फितरत बेनकाब होने लगी। पाकिस्तान ने लगातार ड्रोन हमले किए। इस बार निशाने पर श्रीनगर के सेना मुख्यालय और एयरपोर्ट थे। ऐतिहासिक लाल चौक के आसमान में भी ड्रोन देखे गए। धमाके गूंजने लगे। अंततः मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टिप्पणी करनी पड़ी-यह कैसा सीजफायर है! विस्फोट की आवाजें सुनाई दे रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया है। यह युद्धविराम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों से लेकर पंजाब और राजस्थान के कई शहरों और गुजरात के कच्छ तक पाकिस्तान ने ड्रोन हमले कर सेना के ठिकानों और आम नागरिक जिंदगी को निशाना बनाने की कोशिश की। अंततः नाकाम रहा और उसके हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। क्या युद्धविराम का सच यही है? गंभीर सवाल यह है कि क्या भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना तय लक्ष्य हासिल कर लिया है? भविष्य में देश में आतंकी हमला होगा, तो क्या उसे वाकई युद्ध करार देते हुए भारत पलटवार करेगा? बेशक भारतीय सेनाओं ने जिस तरह आतंकियों के अड्डे मिट्टी-मलबा किए हैं और 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा है, वह निश्चित ही विराट सफलता है, लेकिन आतंकियों का आका पाकिस्तान बच गया है। बहुत कुछ मिट्टी में मिलाया नहीं जा सका। पाकिस्तान की वायुसेना का बर्बाद ढांचा फिर से खड़ा किया जा सकता है। चीन और तुर्किये की मदद से एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और अन्य सुरक्षा बंदोबस्त दोबारा हासिल किए जा सकते हैं। आईएमएफ ने पाकिस्तान का एक अरब डॉलर का कर्ज मंजूर कर दिया है। हालांकि यह राशि हथियारों के लिए नहीं है। चीन और तुर्किये उधार पर भी मदद कर सकते हैं। फिलहाल भारत के पास सटीक मौका था। लड़ाई का ऐसा मोर्चा निकट भविष्य में बनना असंभव है। इस बार पाकिस्तान की सेना को छिन्न-भिन्न किया जा सकता था। बल्कि उसे सेनाविहीन की स्थिति में लाया जा सकता था। पाकिस्तान जैसे आतंकी और गैर-जिम्मेदाराना देश से परमाणु शक्ति छीनने के प्रयास भी किए जा सकते थे। इस्लामी परमाणु बम की अवधारणा के खिलाफ भारत विश्व-मत तैयार कर सकता था। एक सिरफिरा और आत्मा से रक्तबीज जैसा देश कभी भी परमाणु हथियारों का दुरुपयोग कर सकता है। भारत ऐसी भूमिका से वंचित रहा। भारत यह टकराव जीत कर भी विजेता नहीं बन सका। हम युद्धोन्मादी, युद्ध के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन ऐसे अवसर को खोया भी नहीं जा सकता। पाकिस्तान आतंकिस्तान है। वह 2003 और 2021 में भी भारत के साथ युद्धविराम के समझौते कर चुका है, लेकिन उसने लगातार उल्लंघन किया है। भारत इस टकराव में किसी अंतरराष्ट्रीय संधि या कानून, संयुक्त राष्ट्र के किसी चार्टर का उल्लंघन भी नहीं कर रहा था। फिर भी ऑपरेशन सिंदूर अधूरा छोड़ दिया गया। बहरहाल हम अब भी प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय को स्वीकार करेंगे और उनके राष्ट्रीय संबोधन की प्रतीक्षा करेंगे।

## (चिंतन-मनन)

### श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं।

# युद्ध से युद्धविराम तकः भारत-पाक रिश्तों की बदलती तस्वीर

**-प्रियंका सौरभ-**

भारत और पाकिस्तान के बीच के संबंध हमेशा से तनावपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच की सीमाएं न केवल भौगोलिक हैं, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक विभाजन भी हैं, जो 1947 में विभाजन के समय से आज तक खिंची हुई हैं। इस तनाव का सबसे बड़ा कारण जम्मू-कश्मीर का मुद्दा रहा है, जो आज भी विवाद का मुख्य बिंदु है।

**1947-48: पहला युद्ध और पहला युद्धविराम**

भारत और पाकिस्तान के बीच पहला युद्ध 1947-48 में हुआ, जिसे कश्मीर युद्ध के नाम से जाना जाता है। यह संघर्ष तब शुरू हुआ जब पाकिस्तान समर्थित कबायली लड़ाकों ने कश्मीर पर हमला किया। भारतीय सेना ने महाराजा हरि सिंह की सहायता के लिए कश्मीर में प्रवेश किया, जिसके बाद संघर्ष बढ़ता गया। इस युद्ध का अंत 1 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप के बाद हुआ, जिसने युद्धविराम की घोषणा की और दोनों देशों के बीच नियंत्रण रेखा (छङ्ढउ) स्थापित की। यह युद्धविराम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 47 के तहत हुआ था, जिसमें कश्मीर में जनमत संग्रह की बात कही गई थी, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया।

1965 का युद्ध और ताशकंद समझौता

1965 में, कश्मीर मुद्दे पर फिर से संघर्ष भड़क उठा। इस बार पाकिस्तान ने ऑपरेशन जिब्राल्टर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर में घुसपैठ की। भारत ने इसका कड़ा जवाब दिया और युद्ध पंजाब, राजस्थान और कश्मीर में फैल गया। इस युद्ध का अंत 23 सितंबर 1965 को हुआ, जब संयुक्त राष्ट्र और सोवियत संघ के मध्यस्थता के बाद ताशकंद समझौता हुआ। इस समझौते पर 10 जनवरी 1966 को भारतीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए।

**1971 का युद्ध और शिमला समझौता**

1971 का युद्ध मुख्य रूप से बांग्लादेश की स्वतंत्रता के मुद्दे पर हुआ था। पाकिस्तान में पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच तनाव बढ़ता गया और पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में स्वतंत्रता की मांग ने युद्ध का रूप ले लिया। भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया और 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान को निर्णायक हार का सामना करना पड़ा। इस युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता हुआ, जिसमें दोनों देशों ने सभी विवाद शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का वादा किया और नियंत्रण रेखा (LoC) की स्थापना की गई।

**1999 का कारगिल युद्ध**

कारगिल युद्ध 1999 में हुआ, जब पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल-ड्रास सेक्टर में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। इस संघर्ष में दोनों देशों के बीच भीषण लड़ाई हुई और कई सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। यह युद्धविराम 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ, जब भारत ने अपने क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया।

**2003 का स्थायी युद्धविराम**

नवंबर 2003 में, दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर स्थायी युद्धविराम की घोषणा की, जो एक महत्वपूर्ण कदम था। इस पहल ने सीमा पर हिंसा में कमी लाई और कश्मीर में सामान्य जनजीवन को स्थिर किया। हालांकि, इस युद्धविराम का पालन समय-समय पर उल्लंघन का शिकार होता रहा है।

**हालिया प्रयास और चुनौतियाँ**

2021 में, भारत और पाकिस्तान ने फिर से युद्धविराम का पालन करने की सहमति जताई, जिसे 2003 के समझौते का नवीनीकरण कहा जा सकता है। यह निर्णय दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच हुई एक गुप्त वार्ता का नतीजा था।

हालांकि, सीमा पर होने वाली घटनाएं और कश्मीर में बढ़ता तनाव इन प्रयासों को कमजोर करते हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास की कमी और आतंकवाद के मुद्दे पर मतभेद इन समझौतों को पूरी तरह से सफल नहीं होने देते।


**2025: नवीनतम युद्धविराम और वर्तमान स्थिति**

10 मई 2025 को, भारत और पाकिस्तान ने एक पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की, जो हाल के वर्षों में सबसे गंभीर संघर्ष के बाद हुआ। यह संघर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए एक आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस हमले के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाई तेज हो गई, जिसमें मिसाइल और ड्रोन हमले शामिल थे। संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद, दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति जताई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते की घोषणा करते हुए दोनों देशों की सराहना की। हालांकि, इस युद्धविराम के बावजूद, भारत और पाकिस्तान के बीच कई मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं, जैसे कि सिंधु जल संधि का निलंबन और सीमा पर तनाव। दोनों देशों ने आगे की वार्ता के लिए सहमति जताई है, लेकिन विश्वास की कमी और पिछले अनुभवों के कारण स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की यह यात्रा संघर्ष, रक्तपात और राजनैतिक बदलावों से भरी रही है। आज, इन दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित करना न केवल दक्षिण एशिया बल्कि पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है।

# अब एमएसएमई की मजबूती जरूरी

**-डा. जयंतीलाल भंडारी-**

यकीनन इस समय पाकिस्तान से तनाव के माहौल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के संसाधनों और उत्पादन प्रणाली पर दबाव के मद्देनजर देशभर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वस्तुतः आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने पर स्थानीय स्तर पर मौजूद एमएसएमई खाद्य उत्पाद, छोटे रक्षा उत्पाद और दवाई जैसी अन्य जरूरी वस्तुओं का तेजी से कम लागत पर उत्पादन करने में अहम भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि एक ओर पाकिस्तान से चरम पर पहुंचे युद्ध तनाव और दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच अमेरिका के द्वारा भारत पर घोषित किए गए 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों के विराम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई को कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीददारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों से अपने बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी मान रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड़ रुपए किया गया है। इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है। निःसंदेह एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई मंत्रालय की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष 2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसएमई के लिए निर्मित होने वाली विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की है। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहलें शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन पाकिस्तान से युद्ध के माहौल और ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हरसंभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाए हैं, जो कि चीन पर 245 फीसदी, बांग्लादेश पर 37 फीसदी तथा श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ से कम है। ऐसे में भारत के कई चुनिंदा एमएसएमई उत्पादों को तुलनात्मक लाभ मिल सकता है। फिर भी 26 फीसदी टैरिफ की व्यापक चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए कई और बातों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। नए सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लानी होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जा सकती है। सरकार के द्वारा एमएसएमई को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के परिपालन में आ रही कठिनाइयों पर ध्यान देते हुए जीएसटी व्यवस्था को सरल करना होगा। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभान्वित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। ऐसे विभिन्न उपायों से भारत टैरिफ की चुनौतियों को एमएसएमई के लिए उभरते हुए नए अवसरों के दौर में बदल सकता है। निश्चित रूप से देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के द्वारा हाल ही में प्रस्तुत यह उम्मीद लाभप्रद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौता (बीटीए) के लिए की जा रही व्यापार वार्ता सफल रूप से निष्कर्ष पर पहुंचने के बहुत करीब है। ऐसे में भारत दुनिया का सबसे पहला देश हो सकता है जो अमेरिका के साथ द्विपक्षीय कारोबार समझौता करेगा। इसी तरह विगत माह 21 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौते में प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि इससे दोनों देश लाभान्वित होंगे। ऐसे में बीटीए जितनी जल्दी अंतिम रूप लेने के बाद कार्यान्वयन की डगर पर आगे बढ़ेगा, उतनी ही तेजी से देश के एमएसएमई लाभान्वित होते हुए दिखाई देंगे।




**कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।**

**- रवींद्रनाथ ठाकुर**

**मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है।**

**- वेदव्यास**

# फिर भी बाज नहीं आया पाकिस्तान

**-सुरेश कुमार-**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर कायर हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। अपने 28 निहत्थे, निर्दोष बेटों की नृशंस हत्या पर भारत माता शोकमग्न थी। सारा देश प्रतिशोध की ज्वाला में धधक रहा था। ऐसे माहौल में भारतीय सेना के आप्रेशन सिंदूर ने समस्त भारत को गौरवान्वित किया है। भारतीय सेना की दूरदर्शिता ने सबका मन मोह लिया है। इसे कहते हैं एक तीर से कई निशाने साध लेना : 1. जहां पहलगाम में आतंकियों ने हिंदू-मुस्लिम जहर को हवा देने के लिए हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा, ताकि पूरे देश में धार्मिकता के नाम पर कट्टरपंथी ताकतों द्वारा देश को गृहयुद्ध में धकेला जा सके, हमारी सेना ने जवाब में संदेश दे दिया कि पूरा भारत एक है, आतंकियों द्वारा हमारे देश को धर्म के नाम पर बांटने की साजिश को नकार दिया। यह उनके मुंह पर जोरदार तमाचा है। हिंदू स्त्री की सिंदूर की मयार्दा की रक्षा की लड़ाई में मुस्लिम युवती सोफिया कुरैशी ने सबसे पहले तोप कमान अपने हाथ में ली। यही है भारतीय सभ्यता और संस्कृति। 2. दूसरी तरफ पूरी दुनिया को भी संदेश दिया कि भारत में लडका-लडकी एक समान है, आज के भारत में लैंगिक भेदभाव नहीं होता। 3. तीसरी बात यह कि देश की बहनों को भी एक उत्साहवर्धक मैसेज दिया है कि बेटी को पढ़ा लिखा कर काबिल बना दिया जाए, तो नारीशक्ति भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल सकती है। देश की उन्नति में सहभागिता कर सकती है। कल तक जहां कोई लडकी सपने में भी सेना में जाने का सोच भी नहीं सकती थी, आज वहां उच्च पदों पर लड़कियां विराजमान हैं। अब हर युवा लडकी सेना में जाने का ख्वाब देखने लगेगी। 4. सबसे बड़ा तमाचा उस पुरुष प्रधान समाज पर है, जो आज भी औरतों को सिर्फ घर-गृहस्थी, वंश वर्धन के लिए बच्चे पालने और किचन तक ही सिमटा कर रखना चाहते हैं। जोरदार सैल्यूट बनता है भारतीय सेना कोङ्क। हमें आप पर गर्व है। इसके अतिरिक्त वतन की शेरनी कर्नल सोफिया कुरैशी का इंडिया आर्मी को रिप्रजेंट करते हुए प्रेस कान्फ्रेंस करना बेहतरीन कदम है। यह सब आधुनिक भारत में महिला सशक्तिकरण और मुस्लिम देशभक्ति का प्रतीक है। भारतीय मुसलमान बाई बर्थ और बाई च्वाइस इंडियन है। यह जरूर लिखना चाहूंगा कि भारतीय सेना द्वारा किया गया एयर स्ट्राइक समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। हम सभी जानते हैं कि भारत विश्व का प्राचीनतम राष्ट्र है। इसने कभी भी किसी अन्य देश पर सैन्य आक्रमण नहीं किया है। हां, बाह्य आक्रमण होने पर प्रतिरक्षात्मक कदम अवश्य उठाए हैं। भारत पर बाह्य आक्रमण का सिलसिला सिकंदर से प्रारंभ होता है, जो आज भी यथावत जारी है। केवल आक्रमण के स्वरूप में परिवर्तन हुआ है। भारत पर बाह्य-आक्रमण के दो प्रमुख कारण हैं। पहला कारण आक्रमणकारी देश की विस्तारवादी नीति होती है। वह दूसरे देश को हड़प लेना चाहता है। दूसरा कारण भारत की आर्थिक समृद्धि के प्रति उसका आकर्षण होता है। धन-धान्य से परिपूर्ण वैभवसंपन्न भारत का वह मालिक बनना चाहता है। भारत की स्वतंत्रता के पूर्व तथा उसके पश्चात होने वाले आक्रमण को हमारे देश के नेतृत्व ने सही ढंग से नहीं समझा, यह हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है। पहले एक लुटेरा सैन्य बल के साथ आता था, आतंक मचाता था, लूटपाट करता था, मंदिरों को ध्वस्त करता था, बहन-बेटियों के सम्मान से खेलता था तथा अनेक बेगुनाहों की हत्या करता था, फिर वह वापस चला जाता था। लेकिन हमने पाकिस्तान बनाकर उसे अपना पड़ोसी बना दिया। उसे एक मुस्लिम देश के रूप में मान्यता भी दे दी। उसे एक स्थायी शत्रु के रूप में प्रस्थापित कर दिया। अब वह गोला-बारूद, टैंक-तोप, परमाणु बम आदि बनाकर बहुत ही सुनियोजित ढंग से बाकी बचे भारत को हथियाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान बनाकर हमने सोचा था कि समस्या का अंत हो गया। अब हम परिवार के साथ सुख-चैन से जी सकेंगे, अपने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ह्यहंस के लिया है पाकिस्तान। लड़ के लेंगे हिंदुस्तान।। यह उनका पुराना मंसूबा है। उस मंसूबे को पूरा करने के लिए वह आतंकवाद, तस्करी, लव जिहाद आदि का सहारा लेता है। अब उसकी दृष्टि में पूरा भारत है। धीरे-धीरे जनसंख्या वृद्धि कर एवं मजहबी उन्माद बढ़ाकर वह भारत को कई टुकड़ों में बांटना चाहता है।

अतः केवल एयर स्ट्राइक से समस्या का स्थायी समाधान होने वाला नहीं है। पाकिस्तान को लेकर इस समय भारतीय सेना को कोई ठोस फैसला करना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान कोई देश नहीं अपितु एक जहरीली सोच और खूनी मानसिकता है। यह जगजाहिर है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ हमेशा से षड्यंत्र बुनता रहा है। वह आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता रहा है और भारतीय क्षेत्र में उनकी घुसपैठ भी करवा रहा है। ऐसे घुसपैठिए ही भारत में खून-खराबा करता रहे हैं। उन्हें अब कड़ा सबक सिखाने की निहायत ही जरूरत है। संघर्ष विराम के बावजूद पाकिस्तानी सेना भारत के खिलाफ अपनी हिंसक कार्रवाई छेड़े हुए है। आतंकवादियों का काफी हद तक भारतीय सेना ने सफाया कर दिया है, लेकिन अब सीधे पाकिस्तानी सेना भारत को उकसाने के लिए जो कुछ उससे संभव हो रहा है, वह कर रही है। इस समय भारतीय सेना को कोई ठोस फैसला लेने की पूरी आजादी दी जानी चाहिए। भारत के भीतर बचे-खुचे अलगाववादियों को भी चिन्हित करके उन्हें कड़ा सबक दिया जाना चाहिए। जहां-जहां, जिस मोर्चे पर लड़ाई की हमारी तैयारियों में कहीं कोई कमी नजर आती है, तो उसे भी दुरुस्त किया जाना चाहिए।

इस समय सियासत भी नहीं होनी चाहिए। किसी भी दल या नेता को कोई ऐसा बयान जारी नहीं करना चाहिए जिससे शत्रु पक्ष को कोई लाभ मिले। यह अच्छी बात है कि इस समय देश के राजनीतिक दल सोच-समझ कर बयान जारी कर रहे हैं और सेना के साथ एकजुट खड़े दिखाई दे रहे हैं। हमें देश के भीतर के शत्रुओं से भी सचेत रहना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान भारत की छवि को धूमिल करने के प्रयास कर रहा है। ऐसे प्रयासों को भी भारत को निष्फल करना होगा। भारत को अपनी छवि एक शांतिप्रिय देश के रूप में बनाए रखने के प्रयास करने होंगे।



# किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते हैं आप

किचन के खाने से पूरी फैमिली की सेहत जुड़ी होती है इसलिए खाना बनाते वक्त साफ–सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन क्या आप जानती है कि खाना बनाने वाले बर्तनों में भी परिवार की हेल्थ डिपेंड करती है। इस बात पर ध्यान देने की बहुत जरूरत होती है कि हम किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते है। आइए जानते हैं कि खाना पकाने के लिए किस तरह के बर्तनों का इस्तेमाल करना चाहिए–

## पीतल

पीतल के बर्तनों में खाना पकाना एवं खाना आमतौर पर पुराने समय में ज्यादा किया जाता था। यह नमक और अम्ल के साथ प्रतिक्रिया करता है, इसलिए खट्टी चीजों का या अधिक नमक वाली चीजों को इसमें पकाना या खाना नहीं चाहिए, वरना फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

## ‘तांबा

तांबे के बर्तनों का इस्तेमाल भी पुराने जमाने से ही किया जाता रहा है और यह भी पीतल की तरह ही अम्ल और नमक के साथ प्रतिकिया करता है। कई बार पकाए जा रहे भोजन में मौजूद ऑर्गेनिक एसिड बर्तनों के साथ रिएक्शन कर ज्यादा कॉपर पैदा कर सकते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाता है।

## स्टेनलेस स्टील

स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल आज के समय में काफी चलन में है। यह एक मिक्स धातु है जो लोहे में कार्बन, क्रोमियम और निकल मिलाकर बनाई जाती है। इसमें खाना पकाने या बनाने में सेहत को कोई नुकसान नहीं होता। इन बर्तनों का तापमान बहुल जल्दी बढ़ता है।

## एल्युमीनियम

एल्युमीनियम के बर्तनों का इस्तेमाल लगभग हर घर में होता ही है। गर्मी मिलने पर एल्युमीनियम के अणु जल्दी सक्रिय होते हैं और एल्युमीनियम जल्दी गर्म होता है। एल्युमीनियम के बर्तन में खाना पकाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता। यह भी एसिड के साथ बहुत जल्दी रिएक्शन करता है, इसलिए इसमें खटाई जैसे अचार, नींबू जैसी चीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## लोहा

भोजन पकाने और खाने के लिए लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल हर तरह से फायदेमंद होता है। इन बर्तनों में पकाए गए भोजन में आयरन की मात्रा अपने आप बढ़ जाती है और आपको उसका भरपूर पोषण मिलता है। आमतौर पर सभी को आयरन की जरूरत होती है और महिलाओं के लिए खास तौर पर आयरन बहुत फायदेमंद होता है।

## नॉन स्टिक

नॉन स्टिक का मतलब है, ना चिपकने वाला। ऐसे बर्तन जिनमें खाना चिपकता नहीं है और पकाने के लिए अधिक तेल या घी की जरूरत भी नहीं होती लेकिन इन बर्तनों को ज्यादा गर्म या खरोंच ना लगाएं, इससे इनमें कई ऐसे केमिकल निकलते हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।





# खूबसूरती ही नहीं घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम भी करता है आइना

आइना सिर्फ चेहरा देखने के लिए बल्कि घर की खूबसूरती बढ़ाने का काम भी करता है। मगर आइना अगर वास्तु के हिसाब से लगा हो घर में सुख–शांति बढ़ाने का काम भी करता है। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि घर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ाने के लिए किस आकार, साइज और दिशा में शीशा रखना चाहिए।

## पैसों के किल्लत दूर करने के लिए

पैसों की तंगी दूर करने के लिए घर की दक्षिण दिशा में एक बड़ा गोल दर्पण लगाएं। इससे ना सिर्फ पैसों की किल्लत दूर होगी बल्कि यह घर में पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ाएगा।

## सुख–शांति बनाए रखने के लिए

वास्तु के अनुसार, घर की उत्तर दिशा में आइना लगाने से घर में सुख–शांति बनी रहती है और इससे परिवार के सदस्यों में लड़ाई–झगड़ें भी नहीं होती। इसके लिए आप उत्तर दिशा में अंडाकार शीशा लगाएं।

## कपल्स के लिए

बेड के सामन दर्पण नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे पति–पत्नी के रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। बेडरूम में शीशा ऐसी जगह लगाएं, जहां से इसमें बेड ना दिखे। आप बेडरूम की दक्षिण में तिकोना आइना लगा सकते हैं।

## मुख्य दरवाजा

कभी भूलकर भी घर के मुख्य द्वारा पर शीशा ना रखें। ऐसा करने से घर में नाकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही मुख्य दरवाजे पर कोई चमकदार चीज भी ना रखें

## बाथरूम में इस दिशा में लगाएं आइना

जिन लोगों का बाथरूम दक्षिण या पशिचम दिशा में है उनको उत्तर दिशा में वर्गाकार आइना लगाना चाहिए। ऐसा करने से बाथरूम का वास्तुदोष खत्म हो जाएगा।

## घर में ना रखें टूटा हुआ आइना

घर में कभी–भी टूटा हुआ शीशा नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। साथ ही इससे परिवार क बीच झगड़े भी होने लगते हैं।

## शीशे के शो–पीस

शीशे के शो–पीस को या एक्वेरियम को हमेशा उत्तर–पूर्व दिशा में ही लगाएं। इस दिशा में आइना या शो–पीस लगाने से घर में साकारात्मक ऊर्जा का वासा होगा।





आज के समय में हर महिला अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती है। यह एक्सपेरिमेंट सिर्फ कपड़ों या स्टाइल तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि मेकअप में भी बदलाव करके एक नया लुक पाया जा सकता है। शायद यही कारण है कि हर महिला की मेकअप किट में कई तरह के कलर्स आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप भी इस बार पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए डार्क लिपस्टिक लगाने का मन बना रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखे

# डार्क लिपस्टिक लगाने से पहले रखें ध्यान

## लिप्स को करें तैयार

होंठों का फटना एक आम समस्या है। इसलिए अगर होंठ ड्राई या फटे हैं तो पहले उसे एक्सफोलिएट करें। इसके लिए शहद में कुछ बूंदें नारियल तेल व एक चम्मच चीनी डालकर मिक्स करें और उसे होंठों पर लगाकर हल्के हाथों से रब करें। करीबन पांच मिनट बाद ठंडे पानी से होंठ साफ करें।

## ऐसे करें शुरूआत

होंठों पर लिपस्टिक लगाने से पहले लिप प्राइमर लगाना जरूरी है। यह आपके लिप्स को एक बेस देते हैं। अगर आप चाहें तो लिप बाम की एक पतली सी लेयर भी लगा सकती हैं। इसके बाद फेस मेकअप करें। जब यह लिप बाम सूख जाए, तो टिश्यू पेपर की मदद से अतिरिक्त बाम को हटाएं और फिर डार्क लिपस्टिक अप्लाई करें।

## लिप ब्रश का इस्तेमाल

लिपस्टिक अप्लाई करते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है, फिर चाहे आप लाइट लिपस्टिक लगाएं या डार्क। कभी भी लिपस्टिक को सीधे न लगाएं, बल्कि इसके लिए लिपब्रश का प्रयोग करें। ऐसा करने से होंठों के अंत पर भी लिपस्टिक बिना फैले हुए बेहद आसानी से लग जाती है। इतना ही नहीं, लिपब्रश की मदद से लिपस्टिक लगाने के पश्चात होंठों को एक नई डेफिनेशन मिलती है।

## इसका रखें ध्यान

यह अवश्य सुनिश्चित करें कि वह आपकी स्किन टोन को कॉम्पलिमेंट करता हो।



# तो ये ट्रिक्स अपनाकर बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं आप

**आज के किड्स बहुत स्मार्ट हैं। उन्हें कुछ सिखाने या बताने की जरूरत नहीं होती। उनकी यही स्मार्टनेंस पेरेंट्स के लिए अनेक मुश्किलें खड़ी कर देती है, जिन्हें हैंडल करना उनके लिए आसान नहीं होता। यदि आप चाहें तो कुछ ट्रिक्स अपनाकर अपने बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं।**

## बच्चों की फिजूलखर्ची

आजकल के बच्चों की फरमाइशें इतनी हैं तो मा–बाप उनकी फिजूलखर्ची से परेशान हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए को वह बच्चे को बचपन से ही सेविंग्स की आदत डालें, ताकि वह अपनी पसंद की चीज खुद खरीद सकें। उन्हें अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा पिग्गी बैंक में जमा करने के लिए कहें। साथ ही बच्चों को पैसों की बैल्यू समझाएं और उन्हें कहें कि वह जरूरत पड़ने पर ही पैसे खर्च करें।

## टैक्नोलॉजी के शिकार

टैक्नेलॉजी के बढ़ते प्रभाव से बच्चे भी अछूते नहीं है। वे अपने पेरेंट्स को जैसा करते देखते हैं वैसा ही करते हैं। यदि पेरेंट्स टैक्नो एडिक्ट होंगे तो बच्चे भी टैक्नो एडिक्ट ही बनेंगे। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों को टीवी, लैपटॉप, स्मार्टफोन और टैबलेट का इस्तेमाल निर्धारित समय सीमा तक ही करने दें।

स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप पर पासवर्ड लगाकर रखें और कुछ दिन बार पासवर्ड बदलते रहें।

डिनर, पूजा और फैमिली गैदरिंग के समय उन्हें टीवी, लैपटॉप, कम्प्यूटर और मोबाइल से दूर रखें।

बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं और उन्हें वीकेंड में आउटिंग या पिकनिक के लिए ले जाएं।

## जब बच्चे हर बात के लिए कहे ना

आजकल बच्चे अपने पेरेंट्स के मुंह पर ही काम करने से मना कर देते हैं। कई बार तो वह यह भी नहीं देखते थे पेरेंट्स थक गए हैं और काम करने से सीधा मना कर देते हैं। ऐसे में उन्हें डांटने या मारने की बजाए प्यार से बात करें और बड़ों का आदर करना सिखाए। इससे वह आरास से आपका कहना मानेंगे।

## जब बच्चों पर हो पीयर प्रैशर

बचपन से ही बच्चों में पीयर प्रैशर का असर दिखना शुरू हो जाता है। 11–15 साल के बच्चों पर दोस्तों का दबाव अधिक होता है लेकिन पेरेंट्स इस प्रैशर को समझ नहीं पाते। हालांकि इसका सकारात्मक प्रभाव भी होता है, जैसे कि बच्चा एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टीविटीज में भाग लेने लगता है। मगर कई बार इसका बच्चे इसकी वजह से झूठ, चोरी और स्मोकिंग और क्लास बंक करना जैसी गलत आदतों के आदि हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चों को सही राह दिखाएं।

बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें, ताकि वह अपनी हर बात आपसे शेयर करें।

उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा दें तथा उन्हें मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।

उनके दोस्तों के बारे में पूरी जानकारी रखें।

बच्चों के व्यवहार में कोई बदलाव महसूस होने पर तुरंत उनके टीचर्स और दोस्तों से मिलें। इस बारे में उनसे बात करें।



13 May Page 8_Page 3.qxd 5/12/2025 9:00 PM Page 1



**संक्षिप्त खबरें**

## अमेरिका-चीन में हुई ट्रेड डील, दोनों देश टैरिफ में 115 फीसदी कटौती पर हुए सहमत



**यूएस 30 फीसदी और चीन 10 फीसदी एक दूसरे पर लगाएंगे टैरिफ, नियम 14 मई से लागू**

नई दिल्ली, (एजेंसी) : अमेरिका और चीन के बीच जिनेवा में चल रही दो दिवसीय बैठक के बाद ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 फीसदी कटौती करने का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीन के सामानों पर 30 फीसदी और चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में हुए ये बदलाव 14 मई, 2025 से लागू हो जाएंगे।

अमेरिका और चीन के बीच जिनेवा में चल रही दो दिवसीय बैठक के बाद सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि दोनों देश एक-दूसरे पर टैरिफ घटाने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका और चीन दोनों देशों के बीच हुई इस बैठक के बाद बनी सहमति अमेरिका ने चीन पर 90 दिनों के लिए टैरिफ 30 फीसदी कर दिया है। वहीं चीन ने भी अमेरिका के लिए 90 दिनों के लिए टैरिफ को 125 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। अमेरिका और चीन ने कहा कि वे टैरिफ पर 90 दिनों के विराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पारस्परिक शुल्कों में तेजी से कमी आएगी, जिससे निवेशकों को कुछ भरोसा हुआ कि पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध टल गया है।

उल्लेखनीय है कि यह बैठक 9 मई से चल रही थी, जिसकी अगुवाई अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग ने की है। अब इस बैठक से दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वॉर कुछ समय के लिए रूक गई है। दोनों देशों के बीच बनी सहमति से आज शेयर बाजारों और डॉलर में तेजी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान टैरिफ पारस्परिकता पर अपना रुख दोहराया है, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यूएस निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए भारत सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए शुल्कों का मिलान करेगा।

## वैगन आर, आल्टो के 10 व ईको में आएंगे छह एयरबैग: मारुति सुजुकी




**मारुति सुजुकी ऑल्टो के 10 और वैगनआर में छह एयरबैग स्टैंडर्ड देगी**

नई दिल्ली, (एजेंसी) : देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अपनी वैगन आर, आल्टो के 10 और ईको मॉडल की सभी कारों में छह एयरबैग को मानक के रूप में शामिल किया है। कंपनी द्वारा यह अपडेट सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किया है। अब इन कारों में सफर के दौरान यात्री पहले से ज्यादा सुरक्षित रहेंगे।

मारुति सुजुकी इंडिया प्रबंधन द्वारा सोमवार को जारी बयान के मुताबिक वैगनआर, ऑल्टो के 10, सेलेरियो और ईको जैसे मॉडल के सभी संस्करणों में छह एयरबैग की पेशकश करेगी। कंपनी ने कहा कि यह कदम विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा की पेशकश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि भारत में तेजी से फैल रहे आधुनिक सड़क ढांचे, हाई-स्पीड एक्सप्रेस-वे और विकसित हो रहे मोबिलिटी पैटर्न से पता चलता है कि मजबूत सुरक्षा उपायों की जरूरत पहले कभी इतनी अधिक नहीं थी। वैगन आर, ऑल्टो के 10, सेलेरियो और ईको में छह एयरबैग को मानक बनाने के निर्णय के साथ कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी के लिए बेहतर सुरक्षा उपलब्ध हो।

पार्थो बनर्जी ने बताया कि इन मॉडल की अपार लोकप्रियता को देखते हुए, यह कदम बड़ी संख्या में मोटर चालकों के लिए सुरक्षा मानकों को काफी हद तक बढ़ाता है और देश भर में यात्रियों की सुरक्षा में समग्र रूप से योगदान देता है। दरअसल मारूति अपने एरेना बिक्री नेटवर्क के जरिये वैगन आर, ऑल्टो के 10, सेलेरियो और ईको जैसे मॉडल की बिक्री करती है, जबकि नेक्सा नेटवर्क के जरिये वह बलेनो, ग्रैंड विटारा और इनविक्टो जैसे प्रीमियम मॉडल बेचती है।

## राजशाही समर्थक आंदोलन की तैयारी बैठक के दौरान शिवसेना नेपाल के अध्यक्ष गिरफ्तार




काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली के लिए 29 मई से शुरू होने जा रहे बेमियादी आंदोलन की सोमवार को हुई तैयारी बैठक के बीच से पुलिस ने शिवसेना नेपाल के अध्यक्ष अनिल बस्नेत को गिरफ्तार कर लिया।

नेपाल पुलिस की टीम ने विभिन्न राजनीतिक दल और संगठनों की संयुक्त बैठक के बीच ही पहुंचकर बस्नेत को तिनकुने हिंसक घटना में सहभागी होने के आरोप में गिरफ्तार किया। इस दौरान कुछ देर तक वहां पर तनाव की स्थिति भी बनी रही, लेकिन भारी मात्रा में पुलिस बल होने के कारण शिवसेना नेपाल के अध्यक्ष को पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाने में सफल रही।

काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता एसपी अपीलराज बोहरा ने कहा कि राजशाही के पक्ष में हुए आंदोलन के दौरान जो हिंसक घटना हुई थी उस दिन वहां मौजूद शिवसेना नेपाल के अध्यक्ष ने भीड़ को उकसा कर हिंसा को भड़काने का आरोप है। 28 मार्च को राजशाही के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान दो लोगों की मौत होने साथ ही दर्जनों लोग घायल हो गए थे। करीब दो दर्जन प्रदर्शनकारियों को गोली लगी थी।

# शुरूआती कारोबार में ही निवेशकों को 10.59 लाख करोड़ का फायदा, 176 शेयरों पर लगा अपर सर्किट



नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान रौनक बनी हुई है। बाजार में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है, जिसके कारण बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की जा चुकी है। बाजार खुलते ही आज खरीदारी का इतना जोरदार रुझान बना कि शुरूआती कुछ मिनट में ही स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10.59 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया।

शुरूआती कारोबार में निफ्टी के फार्मास्यूटिकल इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। फार्मास्यूटिकल इंडेक्स फिलहाल उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में भी आज जोरदार खरीदारी होती हुई नजर आ रही है।

बाजार की तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन बढ़ कर 427 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट केपीटलाइजेशन 416.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) था। इस तरह बाजार खुलते ही निवेशकों की संपत्ति में करीब 10.59 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल शेयरों में से सन फार्मास्यूटिकल्स और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा इन दोनों सूचकांक में शामिल शेष सभी शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। फिलहाल बीएसई पर 2,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही है। इनमें से 2,584 शेयर मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 256 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। वहीं 93 शेयर के भाव में शुरूआती कारोबार के दौरान कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

अभी तक के कारोबार में 42 शेयर पिछले 1 साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहे हैं, वहीं 21 शेयर पिछले 1 साल के सबसे निचले स्तर पर तक गिर गए हैं। बाजार में जारी खरीद बिक्री के बीच 176 शेयर लिवाली के सपोर्ट से अपर सर्किट पर पहुंचे हुए हैं, वहीं 52 शेयर बिकवाली के दबाव की वजह से लोअर सर्किट पर आ गए हैं।

## तुर्किये में चार दशक से जारी कुर्द संघर्ष के समाप्त होने के आसार



अंकारा, (एजेंसी) : तुर्किये की एक जेल में बंद कुर्द नेता अब्दुल्ला ओकलान के सशस्त्र समूह कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने लगभग चार दशक से जारी संघर्ष को समाप्त करने की घोषणा की है। सशस्त्र समूह के करीबी मीडिया आउटलेट फिरात न्यूज एजेंसी ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के इस कदम की सूचना सोमवार को दी।

अल जजीरा न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, देश में जारी हिंसा को समाप्त करने का आह्वान जेल में बंद नेता अब्दुल्ला ओकलान ने फरवरी में किया था। इस आह्वान पर कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने लंबा मंथन किया। पिछले शुक्रवार को उत्तरी इराक में समाप्त हुई पार्टी कांग्रेस के बाद समूह ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने कहा कि इन्हें जल्द ही जनता के साथ साझा किया जाएगा। फिरात न्यूज एजेंसी के कांग्रेस के दौरान ओकलान का बयान पढ़ा गया।

हिंसा का रास्ता छोड़ने की घोषणा में कहा गया कि सशस्त्र संघर्ष ने कुर्द अधिकारों को दबाने की कोशिश करने वाली नीतियों को सफलतापूर्वक चुनौती दी है। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने अपना ऐतिहासिक मिशन पूरा कर लिया है। पार्टी की 12वीं कांग्रेस ने संगठनात्मक ढांचे को भंग करने और सशस्त्र संघर्ष की अपनी नीति को समाप्त करने का फैसला किया है।

तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, सत्तारूढ़ एके पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यदि कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के इस निर्णय को पूरी तरह से लागू किया जाता है तो यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ होगा। इससे क्षेत्रीय परिदृश्य में बदलाव आएगा। इससे उत्तरी इराक और सीरिया को भी राहत मिलेगी। ओकलान 1999 से जेल में बंद है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव से प्रभावित मार्गों पर एयर इंडिया फिर से शुरू करेगी परिचालन




नई दिल्ली, (एजेंसी) : टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया अब हालात सामान्य होने के बाद उड़ानें फिर से शुरू कर रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की वजह से देश के 32 एयरपोर्ट्स से फ्लाइट रद्द कर दी गई थीं।

एअर इंडिया ने सोमवार को एक्स पोस्ट में बताया कि हवाई अड्डों को फिर से खोलने के बारे में विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद कंपनी जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए अपनी उड़ानें यानी परिचालन शुरू करने की दिशा में काम कर रही है। इसके अलावा इंडिगो एयरलाइंस ने भी हवाई अड्डों के फिर से खुलने के बाद अपनी उड़ानें बहाल करने की कोशिश कर रही है।

एअर इंडिया ने कहा कि हम इस समय आपकी समझदारी की सराहना करते हैं, क्योंकि हमारी टीमें इन हवाई अड्डों पर परिचालन को सामान्य बनाने के लिए काम कर रही हैं। कृपया आगे की अपडेट के लिए बने रहें। इसके साथ ही किसी अन्य जानकारी के लिए 011-69329333/011-69329999 नंबर पर संपर्क करें। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए पर विजिट कर सकते हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बदलती परिस्थितियों के कारण 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइट देखने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही बताया कि एयरपोर्ट्स से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइनों से सीधे फ्लाइट स्टेटस की जांच करके अपडेट रहें।

उल्लेखनीय है कि भारत ने 7 मई, 2025 को पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक कर 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया है। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। इसके बाद से भारत पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। हालांकि, 10 मई से दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम लागू है।

# आयकर विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए सभी 7 आईटीआर फॉर्म




नई दिल्ली, 12 मई (हि.स)। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी 7 आयकर रिटर्न फॉर्म (आईटीआर) अधिसूचित कर दिए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अधिसूचना के जरिए आईटीआर-फॉर्म-7 को अधिसूचित किया है।

आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी सात आयकर रिटर्न फॉर्म (आईटीआर) अधिसूचित कर दिया गया है। इससे पहले छोटे और मझोले करदाताओं द्वारा दाखिल किए जाने वाले आईटीआर फॉर्म एक और चार को 29 अप्रैल को अधिसूचित किया गया था। ट्रस्ट और धर्मार्थ संस्थानों द्वारा दाखिल किए जाने वाले आईटीआर-7 फॉर्म को 11 मई को अधिसूचित किया गया।

आईटीआर-1 और 4 में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है, जिसे 29 अप्रैल, 2025 को अधिसूचित किया गया था, जो सूचीबद्ध इक्विटी से पूंजीगत लाभ आय की रिपोर्टिंग से संबंधित है। इसके तहत सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पाने वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के मुताबिक अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है, वे लोग क्रमशः आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल कर सकेंगे। पहले ऐसे व्यक्तियों या इकाइयों को आईटीआर-2 दाखिल करना होता था।आयकर कानून के तहत सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। इसके आगे 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है। सरकार ने 80-सी, 80-जीजी और अन्य धाराओं के तहत कटौती के दावे के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। इसके साथ ही करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा।

आयकर विभाग के द्वारा एक बार जब आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए अपना आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी व मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं। हालांकि, इस बार आईटीआर फॉर्म जारी करने में देरी हुई, क्योंकि राजस्व विभाग के अधिकारी नए आयकर विधेयक में व्यस्त थे जिसे फरवरी में संसद में पेश किया गया था।

उल्लेखनीय है कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म एक और चार उन व्यक्तियों और इकाइयों द्वारा दाखिल किए जाने हैं जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है।

आईटीआर फॉर्म एक (सहज) और आईटीआर फॉर्म चार (सुगम) सरल फॉर्म हैं जो बड़ी संख्या में छोटे तथा मध्यम करदाताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं।

सहज को ऐसे व्यक्ति दाखिल कर सकते हैं, जिसकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और जो वेतन, एक मकान की संपत्ति, अन्य स्रोतों (ब्याज) तथा कृषि आय से 5,000 रुपये प्रति वर्ष तक की आय प्राप्त करता हो।

सुगम को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और कंपनियों(सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) के अलावा) द्वारा दाखिल किया जा सकता है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और व्यवसाय से और कोई पेशेवर आय हो।इसके अलावा आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और एचयूएफ द्वारा दाखिल किया जाता है जिनकी आय, व्यवसाय या पेशेवर लाभ या प्राप्ति से नहीं होती है।

# ढाका कोर्ट ने हसीना और 24 अन्य को गिरफ्तार न करने पर पुलिस को दी मोहलत, 25 मई तक मांगी स्टेटस रिपोर्ट

ढाका, (एजेंसी) : बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने आज 12 पुलिस थाना प्रभारियों को पूर्वाचल परियोजना के भूखंड आवंटन में अनियमितता पर दर्ज पांच मामलों में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 24 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन पर 25 मई तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुतुल, छोटी बहन शेख रेहाना, रेहाना के बेटे रादवान मुजीब सिद्दीक बॉबी और रेहाना की बेटियां अजमीना सिद्दीक और ट्यूलिप सिद्दीक इन मामलों में आरोपी हैं।द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल जज कोर्ट के जज मोहम्मद जाकिर हुसैन ने पुलिस के आज प्रगति रिपोर्ट पेश न करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट के एक कर्मचारी ने बताया। 13 और 15 अप्रैल को इसी कोर्ट ने हसीना, रेहाना, जॉय, पुतुल, ट्यूलिप और अन्य के खिलाफ मामलों में लगाए गए आरोपों को स्वीकार करने के बाद गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 25 मार्च को भ्रष्टाचार विरोधी आयोग (एसीसी) ने इन पांच मामलों में हसीना और अन्य के खिलाफ आरोप लगाए थे।

एसीसी अधिकारियों ने सभी आरोपितों को भगोड़ा दिखाया, क्योंकि उन्हें बांग्लादेश की किसी भी अदालत से जमानत नहीं मिली। भ्रष्टाचार विरोधी आयोग ने पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में सेक्टर-27 के राजनयिक क्षेत्र में 10 कट्टा के छह भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितता को लेकर छह मामले दर्ज किए। सभी छह मामलों में हसीना को आम आरोपित बनाया गया है। एसीसी के अनुसार, हसीना ने राजधानी उन्नयन कार्तृपक्खा (राजुक) अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके खुद, जॉय, पुतुल, रेहाना, बॉबी, अजमीना और ट्यूलिप के नाम पर छह प्लॉट आवंटित करवाए।इन मामले में अन्य आरोपित हैं- सैफुल इस्लाम सरकार, काजी वासी उद्दीन, शाहिद उल्लाह खांडेकर, अनीसुर रहमान मिया, कबीर अल असद, तन्मय दास, मेजर (सेवानिवृत्त) शमसुद्दीन अहमद चौधरी, फारिया सुल्ताना, मजहरुल इस्लाम, शेख शाहीनुल इस्लाम, मोहम्मद नूरुल इस्लाम, मोहम्मद सलाहुद्दीन और शरीफ अहमद। एसीसी ने 17 दिसंबर, 2024 को रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित नौ परियोजनाओं से हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कुल 80,000 करोड़ टका के गबन के आरोपों की जांच शुरू की। इसके बाद 22 दिसंबर को आयोग ने हसीना और जॉय के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के धनशोधन के आरोपों की भी जांच शुरू की है।

## श्रीलंका में बस हादसा, 22 बौद्धों की मौत, राहत और बचाव अभियान तेज किया गया

कोलंबो, (एजेंसी) : श्रीलंका में कल सुबह हुई बस दुर्घटना में कम से कम 22 बौद्धों की मौत हो गई। यह हादसा गारडीला क्षेत्र के रामबोडा में फॉल्स के पास हुआ। यह सरकारी बस है। बस चट्टान से टकरा कर 100 फीट नीचे खाई में पलट गई। बस कटारगामा से कुरुनेगला तक चलती है।

डेली न्यूज की खबर के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन निकासी के लिए हेलीकॉप्टर को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज किया है। इस हादसे में 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 16 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बस में 60-70 यात्री सवार थे। घायलों को कोटमाले, गमपोला, नवलपिटिया और नुवारा एलिया अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रक्षा मंत्रालय के सचिव के निदेर्शों के तहत श्रीलंका वायु सेना ने रत्मालाना हवाई अड्डे पर दो बेल 412 हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है, ताकि जरूरत पड़ने पर आपातकालीन निकासी में मदद मिल सके।

इस त्रासदी के जवाब में, सरकार ने घोषणा की है कि दुर्घटना के प्रत्येक पीड़ित के परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इस निर्णय की पुष्टि परिवहन उपमंत्री डॉ. प्रसन्ना गुनासेना ने की। कोटमाले पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# ट्रंप के मध्य पूर्व दौरे से पहले हमास का अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने का एलान

यरुशलम,(एजेंसी) : फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह और कुख्यात आतंकी संगठन हमास ने आखिरी अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने की घोषणा की है। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया कि वह एडन अलेक्जेंडर को कब रिहा करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व और इस क्षेत्र का दौरा करने की उम्मीद से कुछ ही दिन पहले हमास ने यह एलान किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, हमास के प्रमुख वातार्कार खलील अल-हय्या ने रविवार देररात यह घोषणा की। उन्होंने बयान में कहा कि हमास ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत के बाद 21 वर्षीय बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने पर सहमति जताई है। खलील ने कहा कि हमास गाजा में बंदी बनाए गए अंतिम जीवित अमेरिकी नागरिक को रिहा कर देगा। हालांकि खलील ने यह साफ नहीं किया कि अलेक्जेंडर को कब रिहा किया जाएगा और इसके बदले में उसने समझौता किया है।न्यू जर्सी के टेनाफली में पले-बढ़े अलेक्जेंडर के पास इस समय इजराइली और अमेरिकी (दोहरी) नागरिकता है। वह हाईस्कूल करने के बाद सेना में सेवा करने के लिए इजराइल चले गए। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के आतंकवादियों ने उन्हें 200 लोगों के साथ सैन्य चौकी से अगवा कर लिया था। ट्रंप का कूटनीतिक दौरा मंगलवार को शुरू हो सकता है। ईरान के साथ अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को लेकर इजराइल के साथ असहमति के मद्देनजर ट्रंप के सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर का दौरा करने की उम्मीद है। ट्रंप हालांकि इजराइल नहीं जा रहे हों।एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि एलन को सोमवार को रिहा किया जा सकता है। ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अलेक्जेंडर की रिहाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रंप ने अलेक्जेंडर की आसन्न रिहाई की खबर को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रति सद्भावनापूर्वक उठाया गया कदम कहा है।

## अमेरिका में चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से चार की मौत

वाशिंगटन, (एजेंसी) : संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत के मिल्वौकी में रविवार को एक चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस हो गए। मिल्वौकी फायर चीफ आरोन लिप्स्की के अनुसार ने इसकी पुष्टि की।

यूएस टुडे अखबार की खबर के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:45 बजे शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित चारमंजिला अपार्टमेंट में सबसे पहले बचावकर्मी पहुंचे। लगभग 22 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लिप्स्की ने बताया कि लगभग 30 लोगों को सीढ़ियों से बचाया गया या दमकलकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला।

आग लगने की सूचना देने वाले ने यह आशंका जताई थी कि कुछ लोग दूसरी मंजिल से कूद भी गए हैं। लिप्स्की ने कहा कि आग इमारत के एक सार्वजनिक क्षेत्र में लगी थी। यह धीरे-धीरे सारे अपार्टमेंट में फैल गई। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।चार अन्य की हालत गंभीर है। यह इमारत 1968 में बनी थी।

# नॉर्वे चेस में समान इनामी राशि से महिलाओं को खेल अपनाने की प्रेरणा मिलती है: जू वेनजून

स्टावेंगर (नॉर्वे), 12 मई (हि.स.)। नॉर्वे चेस वूमेन 2025 टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण को लेकर मौजूदा चैंपियन जू वेनजून ने अपनी उत्सुकता और उम्मीदें साझा की हैं। यह टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून के बीच स्टावेंगर सिटी के फिनान्सपार्कन (एसआर-बैंक) में आयोजित होगा।

चीनी ग्रैंडमास्टर जू वेनजून ने कहा, ?मैं नॉर्वे चेस वूमेन 2025 में हिस्सा लेने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरा इस टूर्नामेंट में दूसरा अनुभव होगा। इस बार कई मजबूत शतरंज खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। मुझे लगता है कि अब लोग अमार्गेडन और टाइम कंट्रोल फॉर्मेट से ज्यादा परिचित हैं, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक होगा।

जू वेनजून, जिन्हें मौजूदा समय में शतरंज की निर्विवाद महारानी कहा जाता है, इस साल की शुरूआत में अपना लगातार पांचवां वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने सात साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया, 2004 में प्रोफेशनल बनीं, 2014 में ग्रैंडमास्टर की उपाधि पाई और 2018 में पहली बार विश्व चैंपियन बनीं। तब से लेकर अब तक वह महिलाओं की क्लासिकल शतरंज में अजेय रही हैं। वह वर्तमान वूमेन्स वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन भी हैं और दो बार की वर्ल्ड रैपिड चैंपियन भी।अपनी यात्रा को याद करते हुए 34 वर्षीय वेनजून ने कहा, ?हर मुकाबला मेरे लिए एक यादगार और अनोखा अनुभव होता




है। मेरा मानना है कि हर खेल को एक-एक कर फोकस के साथ खेलना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और टीमवर्क जरूरी है। जब मैं खेल रही होती हूं, तो सबसे अच्छा होता है सिर्फ शतरंज पर ध्यान देना और मैच का आनंद लेना।पिछले साल जू वेनजून ने नॉर्वे चेस वूमेन के पहले संस्करण का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए समान इनामी राशि देने वाला पहला टूर्नामेंट बना, जिससे शतरंज के भविष्य की दिशा में एक अहम कदम माना गया।

वेनजून ने टूर्नामेंट आयोजकों की सराहना करते हुए कहा, ?मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता है और बेहद प्रेरणादायक भी सिर्फ शतरंज में ही नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत में महिलाओं के लिए। यह महिलाओं को शतरंज अपनाने के लिए प्रेरित करता है और हमारे लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। शतरंज के अलावा वेनजून को टेबल टेनिस खेलना और देखना पसंद है। वह अपने देश के टेबल टेनिस वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन फैन झेंडोंग से प्रेरणा लेती हैं। नॉर्वे में खेलने के साथ-साथ वह घूमने-फिरने का भी प्लान बना रही हैं और उन्होंने इस बार के मुकाबले के लेवल को लेकर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा, शायद खिताब बचाने का थोड़ा दबाव जरूर रहेगा, लेकिन कुल मिलाकर मैं स्टावेंगर में खेलने और इस अनुभव का आनंद लेने के लिए बहुत उत्साहित हूं। इस साल का लाइन-अप बहुत ही मजबूत है। हमारे साथ एक नई खिलाड़ी सारा (खादेम) भी होंगी, जो रैपिड और ब्लिट्ज में बहुत अच्छी हैं। उनमें इस टूर्नामेंट को जीतने की पूरी काबिलियत है। नॉर्वे चेस वूमेन 2025 में इस बार पिछले साल की रनर-अप अन्ना मुझिचुक, भारतीय दिग्गज कोनेरू हम्पी, लेई टिंगजी, वैशाली आर और सारा खादेम जैसी दिग्गज खिलाड़ी भी जू वेनजून को चुनौती देंगी।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलेंगे रैना-धवन, गुप्टिल-दिलशान जैसे दिग्गज करेंगे शिरकत




**27 मई से ग्रेटर नोएडा में होगी लीग की शुरूआत, छह महाद्वीपों की टीमें होंगी आमने-सामने**

ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी) :पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 27 मई से 5 जून के बीच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस ग्लोबल क्रिकेट लीग में श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान, न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान जैसे इंटरनेशनल दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। कुल 6 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो दुनिया के छह अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये टीमें हैं झ इंडियन वॉरियर्स, अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवेंजर्स।

आईएलसी के डायरेक्टर गौरव कमल ने सोमवार को टूर्नामेंट को लेकर एक बयान में कहा, ?इन दिग्गज खिलाड़ियों ने सालों तक हमें रोमांचित किया है, और अब एक बार फिर ये मैदान में लौटकर हमें पुरानी यादें ताजा कराएंगे। क्छउ उनके क्रिकेटिंग करियर को सम्मान देने के साथ-साथ खेल की वैश्विक एकता का उत्सव भी है।

वहीं, आईएलसी के एक और निदेशक मनीष भट्ट ने कहा, ?शिखर धवन की क्लासिक बल्लेबाजी और सुरेश रैना की धमाकेदार स्ट्रोक्स इस टूर्नामेंट को बेहद खास बना देंगे। इनका अनुभव और करिश्मा युवा क्रिकेट फैंस को प्रेरित करेगा।

इस लीग में कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे और सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे।

## डायमंड लीग में भाग लेंगे नीरज और जेना

नई दिल्ली (एजेंसी) : ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना 16 मई से शुरू होने वाली डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में उतरेंगे। नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ भाग लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ वह नौवें स्थान पर रहे थे।

पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में विश्व के कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जेकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनियर के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेनकी डीन आदि हैं। वहीं इस लीग की 5000 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में भारत के गुलवीर सिंह जबकि महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी भाग लेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा



नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे।

नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है।

नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे।

अन्य दो भारतीय एथलीट्स का ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन

इस बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं।

नीरज और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मैदान में दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), 2024 के विजेता याकुब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर और मैक्स डेनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या) और रोडरिक डीन (जापान) जैसे दिग्गज होंगे।

### आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025: किन्नन चेनाई- सबीरा हारिस ने ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य



नई दिल्ली, (एजेंसी) :ओलंपियन किन्नन चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस की जोड़ी ने साइप्रस के निकोसिया में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025 में ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

तुर्की को दी कांटे की टक्कर

कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने तुर्की की टीम – टोल्गा टंसर और रुमेया काया – को 34-33 के करीबी अंतर से हराया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भारत ने 142 अंक बनाए थे और चीनी ताइपे की टीम (वान-यू लियू और कुन-पी यांग) को शूट-ऑफ में 4-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच में प्रवेश किया।

सबीरा का शानदार प्रदर्शन

18 वर्षीय सबीरा हारिस ने क्वालिफिकेशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 75 में से 72 शॉट्स लगाए, जबकि 34 वर्षीय अनुभवी किन्नन चेनाई ने 70 शॉट्स पूरे किए। सबीरा इससे पहले भी जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शार्दूल विहान के साथ मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में मेडल जीत चुकी हैं।

गोल्ड मुकाबले से चूकी तुर्की की टीम

दिलचस्प बात यह रही कि तुर्की की टीम गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाने से भी चूक गई। वे दूसरे स्थान पर रही चीन की जोड़ी झांग ज़िक्सी और क्वी यिंग से शूट-ऑफ में 1-2 से हार गए, जबकि पोलैंड की टीम ने 146 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

दूसरे भारतीय दल का औसत प्रदर्शन

भारत की दूसरी टीम जिसमें शार्दूल विहान (72) और कीर्ति गुप्ता (65) शामिल थे, ने कुल 137 अंक बनाए और 34 टीमों में 17वें स्थान पर रही।

# एफआईएच प्रो लीग 2024-25: यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली, (एजेंसी) : हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में आयोजित होगा, जिसमें भारत चार प्रतिभागी टीमों– ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत अपना अभियान 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगा। टीम की कमान मिडफील्ड की स्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि फॉरवर्ड लाइन की अनुभवी खिलाड़ी नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

भारतीय टीम ने प्रो लीग के घरेलू चरण में दो जीत और दो ड्रॉ के साथ कुल नौ अंक हासिल किए और अंकतालिका में छठे स्थान पर रही। इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 की जीत और एक ड्रॉ से शानदार शुरूआत की, लेकिन इसके बाद स्पेन से दो और जर्मनी से एक हार मिली। हालांकि, जर्मनी के खिलाफ 1-0 की वापसी जीत ने टीम का



मनोबल बढ़ाया।

विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ अंतिम दो मैचों में भारत ने दमदार जज्बा दिखाया। पहले मुकाबले में भले ही 2-4 से हार मिली, लेकिन भारत ने 13 पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर डच टीम को कड़ी टक्कर दी। आखिरी मैच में भारत ने नीदरलैंड्स को 2-2 से ड्रॉ पर रोका और शूटआउट में जीत हासिल कर बोनस अंक भी अर्जित किया।भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ?हमने अनुभव और युवा जोश का संतुलन साधते हुए यह टीम चुनी है। यूरोपीय चरण प्रो लीग का अहम हिस्सा है और यहां दुनिया की टॉप टीमों से कड़ी चुनौती मिलेगी।उन्होंने आगे कहा, ?भुवनेश्वर में हुए मुकाबलों से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने का मौका मिला है। टीम ने हालिया कैंप और ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान बेहतरीन प्रतिबद्धता दिखाई है। अब लक्ष्य यही है कि हर मैच में खुद को बेहतर करते हुए टीम को आगे बढ़ाएं।24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:गोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारिबम। डिफेंडर्सः सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, सुमन देवी थौडम, ज्योति सिंह, ईशिका चौधरी, ज्योति छेत्री, मिडफील्डर्सः वैष्णवी विठ्ठल फालके, सुजाता कुजुर, मनीषा चौहान, नेहा।

मिडफील्डरः सलीमा टेटे (कप्तान), लालरेमसिआमी, शर्मिला देवी, सुनेलीता टोप्पो, महिमा टेटे।फॉरवडःदीपिका, नवनीत कौर (उपकप्तान), दीपिका सोरेन, बलजीत कौर, रुतुजा दडासो पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, साक्षी राणा।स्टैंडबाय खिलाड़ीः बंसरि सोलंकी (गोलकीपर), अजमीना कुजुर (डिफेंडर)।

## पाक दौरे पर शायद ही जाये बांग्लादेश क्रिकेट टीम

लाहौर (एजेंसी) :बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वह भारत ओर पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए सुरक्षा हालातों की समीक्षा बाद ही अपनी टीम को पाक दौरे पर भेजेगा। बांग्लादेश की टीम को पांच टी-20 खेलने के लिए पाकिस्तान जाना था पर वहां के कमजोर सुरक्षा हालातों को देखते हुए बांग्लादेश टीम शायद ही वहां का दौरा करे। बीसीबी ने कहा है कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि पाक में हालात को देखने के बाद ही इस बारे में कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले बीसीबी ने यूएई के दौरे पर दो टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी। इससे पहले अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की थी कि बांग्लादेश की टीम मई में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में यूएई की टीम से दो टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह मैच 17 और 19 मई को स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से खेले जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सिरीज 25 मई से 3 जून के बीच होनी थी। यूएई से सीरीज के बाद बांग्लादेश को पाक दौरे पर जाना था पर भारत-पाकिस्तान तनाव को देखते हुए यह सीरीज शायद ही हो पाये।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नास्त्र सऊदी प्रो लीग के खिताबी दौड़ से

नई दिल्ली, (एजेंसी) : क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई वाली अल नास्त्र टीम को सऊदी प्रो लीग खिताब के लिए अब अगले सीजन तक इंतजार करना होगा। रविवार को मिली ताजा हार के बाद टीम 2024-25 सीजन के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है। अब एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में क्वालीफाई करना ही उसका प्रमुख लक्ष्य रह गया है।अल इत्तिहाद की जीत ने तोड़ी अल नास्त्र की उम्मीदें लीग में टॉप पर चल रही अल इत्तिहाद ने करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से अल फैहा को 3-0 से हराकर अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया। 31 मैचों के बाद इत्तिहाद के 74 अंक हो चुके हैं, जबकि अल नास्त्र अधिकतम 72 अंक ही हासिल कर सकती है। इस तरह वह खिताब की दौड़ से बाहर हो गई है।गौरतलब है कि अल नास्त्र ने पिछली बार 2018-19 सीजन में सऊदी प्रो लीग खिताब जीता था। इसके बाद अल हिलाल ने चार बार और इत्तिहाद ने एक बार खिताब पर कब्जा जमाया है।चैंपियंस लीग एलीट में कैसे पहुंचेगी अल नास्त्र?2024-25 एएफसी टूर्नामेंट के अनुसार, सऊदी प्रो लीग की शीर्ष तीन टीमें एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके अलावा, किंग्स कप का विजेता एएफसी चैंपियंस लीग टू (एसीएल 2) में जाएगा, जो एशिया की द्वितीय श्रेणी की प्रतियोगिता है।अगर किंग्स कप विजेता पहले से लीग की टॉप-3 में है, तो चौथे स्थान की टीम को एसीएल 2 का टिकट मिलेगा।इस साल के किंग्स कप फाइनल में पहुंची अल इत्तिहाद और अल कदीसिया दोनों ही लीग की टॉप तीन की दौड़ में हैं। ऐसे में अगर इनमें से कोई एक कप जीतता है और लीग में भी टॉप-3 में रहता है, तो चौथे स्थान वाली टीम एसीएल 2 में पहुंचेगी।

# कोहली का टेस्ट संन्यास: एक दिग्गज की विदाई, यादों की गठरी और विराट रिकॉड्र्स की चमक

नई दिल्ली, (एजेंसी) :भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी, जिससे लंबे फॉर्मेट में उनके अपार योगदान और नेतृत्व की गाथा पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली का यह फैसला उनके 14 साल लंबे टेस्ट करियर का अंत है, जिसमें उन्होंने कठिन हालातों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद को एक महान बल्लेबाज और कप्तान के रूप में स्थापित किया। कोहली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी कि वह अब टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेंगे।

विराट कोहली का यादगार टेस्ट सफरः शतक, आंकड़े और रिकॉड्र्स

कोहली ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 7 दोहरे शतक भी जड़े, जिसमें सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रहा। वह भारत की ओर से टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921 रन), राहुल द्रविड़ (13,288) और सुनील गावस्कर (10,122) हैं।

कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। हालांकि शुरूआती दौरा कुछ खास नहीं रहा, लेकिन 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 116 रनों की पारी ने उनकी प्रतिभा को पूरी दुनिया में पहचान दिलाई।

2011 से 2015 के बीच उन्होंने 41 टेस्ट में 2,994 रन बनाए, जिसमें 11 शतक शामिल रहे। खास बात यह रही कि 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान बनने के साथ ही उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें चार शतक थे। यह वही समय था जब इंग्लैंड दौरे पर बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद उन्होंने वापसी की और अपने करियर को एक नया मोड़ दिया।




2016 से 2019 तक कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ दौर बिताया। इस दौरान उन्होंने 43 टेस्ट में 4,208 रन बनाए, जिनमें 16 शतक, 10 अर्धशतक और 7 दोहरे शतक शामिल थे। यह दौर उनकी बल्लेबाजी के स्वर्णिम वर्षों में से एक माना जाता है।

कोहली ने इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में शतक जमाकर साबित किया कि वह सिर्फ एशिया के नहीं, बल्कि दुनिया के हर कोने में रन बना सकते हैं। 2018 इंग्लैंड दौरा इस बात का गवाह बना, जब उन्होंने 593 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

हालांकि 2020 के बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। इस दशक में उन्होंने 39 टेस्ट में केवल 2,028 रन बनाए, औसत 30.72 रहा। 2023 में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसमें 671 रन बनाए, लेकिन 2024 फिर निराशाजनक रहा और उन्होंने 10 टेस्ट में केवल 382 रन बनाए। उनका आखिरी टेस्ट शतक पर्थ में आया, जबकि भारत में आखिरी टेस्ट शतक 2023 में अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहा।

विराट कोहलीः भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान

कोहली ने 2014 में जब भारत की कप्तानी संभाली, तब टीम आईसीसी रैंकिंग में 8वें स्थान पर थी लेकिन उनके नेतृत्व में भारत ने आक्रामक क्रिकेट खेला और जल्द ही नंबर एक टीम बन गई। उन्होंने श्रीलंका में 22 साल बाद टेस्ट सीरीज जीत दिलाई, वेस्टइंडीज में ऐतिहासिक जीत दिलाई और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान बने।कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 टेस्ट में से 40 जीते, जिससे वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बने। दुनिया भर में सिर्फ ग्रेम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) उनसे आगे हैं।

कोहली को भारतीय क्रिकेट में फिटनेस और तेज गेंदबाजी संस्कृति की क्रांति का श्रेय भी जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने लगातार तीन साल टेस्ट चैंपियनशिप की मेस जीती और 2021 में डब्ल्यूटीसी फाइनल तक पहुंचा।

एक प्रेरणादायक करियर

विराट कोहली का करियर संघर्षों और कामयाबियों की कहानी रहा है—चाहे वह 2014 में ऑस्ट्रेलिया में मिशेल जॉनसन की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 692 रन बनाना हो या फिर 2018 में इंग्लैंड में रिडेंप्शन सीरीज खेलना हो। सेंचुरियन, एडिलेड, पर्थ, मेलबर्न, एजबेस्टन जैसे मैदानों पर उनके शतक हमेशा याद रखे जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली का योगदान हमेशा भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत से 50 मिलियन डॉलर की सहायता पर मालदीव ने जताया आभार, अब्दुल्ला खलील बोले- गहरी दोस्ती का प्रतीक

माले, (एजेंसी) : मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद के लिए भारत सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार जताया। उन्होंने मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा कि यह सहायता हमारी आर्थिक मजबूती में सहयोग देगी।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹मैं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹यह समय पर दी गई सहायता मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती को दशार्ती है और आर्थिक मजबूती के लिए सरकार के वित्तीय सुधारों को लागू करने के प्रयासों में सहयोग देगी।₹

मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने बीते साल सितंबर में बताया था कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को एक और साल के लिए बढ़ाकर बजटीय सहायता दी है।

बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी।मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार जताया था। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा था, ₹यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए विजन' को अपनाना था, जो विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगा।₹ दोनों देशों ने वर्चुअल उद्घाटन भी किया और समझौतों का आदान-प्रदान किया।₹

बयान में कहा गया था, ₹राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया, जिसमें इस वर्ष मई और सितंबर में टी-बिलों को मालदीव के लिए बिना ब्याज के एक अतिरिक्त वर्ष के लिए आगे बढ़ाना और द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत 30 अरब रुपये से 400 मिलियन डॉलर तक का अतिरिक्त समर्थन शामिल है। उन्होंने भारत को उसके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उनके परिवार को ट्रोलिंग की एनसीडब्ल्यू ने की निंदा



नई दिल्ली,(एजेंसी) भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उनके परिवार को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने इसे निंदनीय बताया है।

रहाटकर ने सोमवार को एक बयान में कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री के परिवार, विशेष रूप से उनकी बेटी के खिलाफ किए गए निंदनीय ऑनलाइन दुर्व्यवहार की राष्ट्रीय महिला आयोग कड़े शब्दों में निंदा करता है। विदेश सचिव की बेटी की व्यक्तिगत संपर्क जानकारी साझा करना गंभीर रूप से गैर-जिम्मेदाराना काम है। यह गोपनीयता का गंभीर उल्लंघन है, जो उनकी सुरक्षा को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि विक्रम मिस्री जैसे देश के वरिष्ठतम सिविल सेवकों के परिवार के सदस्यों पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले न केवल अस्वीकार्य हैं, बल्कि नैतिक रूप से भी अक्षम्य हैं। उन्होंने अपील की कि लोग शालीनता, सभ्यता और संयमित व्यवहार करें।

### हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिद्वार, (एजेंसी) : उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार को बुद्धपूर्णिमा के पावन पर्व पर मां गंगा में श्रद्धा-आस्था की डुबकी लगाने को लाखों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। हर की पैड़ी स्थित पवित्र ब्रह्म कुंड सहित सभी प्रमुख घाटों विष्णु घाट, गऊघाट, सुभाष घाट,कुशावर्त घाट, हनुमान घाट आदि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु स्नान करने पहुंचने लगे थे।देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ मां गंगा का पूजन कर मंदिरों में दर्शन किए और दान पुण्य किया। घाटों पर भजन कीर्तन व अन्य धार्मिक आयोजनों से आध्यात्मिक वातावरण की छटा चारों ओर दिखाई दी। मान्यता है कि आज के दिन भगवान विष्णु मां गंगा में वास करते हैं। आज ही भगवान नारायण के अवतारों में से नवम अवतार बुद्धावतार का दिन है।वैशाख में शुक्ल पक्ष की पूर्णमासी के दिन भगवान बुद्ध इस धरती पर अवतरित हुए थे। आज ही उनको बुद्धत्व यानी ज्ञान की प्राप्ति हुई और आज ही के दिन उनका शरीर पूर्ण हुआ। इस पवित्र अवसर का लाभ उठाने देश के कोने कोने से लोग आए हुए हैं।भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चक चौबंद था। बीती रात से ही ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया था। पुलिस वह अन्य सुरक्षा बल मुस्तैदी से चप्पे चप्पे की निगरानी कर रहे हैं। आला पुलिस अधिकारी सवेरे से ही हरि की पौड़ी और कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं ।

### बाजीपुर में नक्सलियों ने की कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या

बीजापुर (छत्तीसगढ़),(एजेंसी) : नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगापुर में नक्सलियों ने छह माह के स्वयं के छद्म युद्ध विराम की घोषणा को दरकिनार कर कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत व्याप्त है। नक्सलियों ने इस खूनी वारदात को रविवार देर रात अंजाम दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की नक्सलियों ने उसके घर से कुछ ही दूरी पर धारदार हथियार से कर दी। । भंडारी की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि 24 अक्टूबर 2024 में मृतक नागा भंडारी के बड़े भाई तिरुपति भंडारी को ग्राम उसूर के पास दिनदहाड़े नक्सलियों ने हत्या कर दी थी।

# पाकिस्तान की फिर खुली कलई, भारतीय एयरफील्ड तबाह करने का दावा निकला 'फेक

नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारत सरकार ने एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का पदार्फाश किया है। इस बार पाकिस्तान ने दावा किया कि एक भारतीय एयरफील्ड उसके हमले में नष्ट हो गया था।

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (डीजी आईएसपीआर) ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में एक भारतीय न्यूज चैनल के वीडियो का चुनिंदा हिस्सा दिखाया, जिसमें दावा किया गया कि यह भारतीय एयरबेस को नुकसान का सबूत है।

हालांकि, भारत के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट-चेक यूनिट ने खुलासा किया कि वीडियो को गलत तरीके से संपादित किया गया था।

पीआईबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹पाकिस्तान अपने लोगों को गुमराह करने के लिए फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रहा है।₹भारतीय समाचार चैनल द्वारा




दिखाया गया पूरा वीडियो वास्तव में भारतीय सैन्य कार्रवाई के दौरान एक पाकिस्तानी एयरफील्ड के नष्ट होने की बात थी, न कि भारतीय हवाई अड्डे की।

हालांकि, डीजी आईएसपीआर ने 41 सेकंड के वीडियो में से सिर्फ 5 सेकंड का हिस्सा दिखाया, जिसमें असली जानकारी हटा दी गई।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा, ₹हम आपको एक और क्लिप दिखाएंगे जो असली कहानी बताएगी।₹ हालांकि, उन्होंने 5 सेकंड का गलत एडिट वीडियो दिखाया। इस वीडियो के जवाब में पीआईबी फैक्ट चेक ने पूरा वीडियो जारी किया, जिसमें साफ दिखाया गया कि नुकसान एक पाकिस्तानी एयरबेस को हुआ था, न कि भारतीय एयरबेस को।

यह घटना पाकिस्तान के झूठे प्रचार का एक और उदाहरण है। भारतीय अधिकारियों ने सही तथ्यों के साथ झूठी कहानियों का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

इससे पहले, पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर दावे किए गए थे कि बठिंडा एयरफील्ड नष्ट हो गया है, जिसे भारत ने खारिज कर दिया था।

पीआईबी के फैक्ट चेक ने स्पष्ट किया कि ये पोस्ट जानबूझकर फैलाई जा रही हैं और बठिंडा एयरफील्ड पूरी तरह से काम कर रहा है और इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है।

पीआईबी ने एक्स पोस्ट में कहा, ₹बठिंडा के बारे में वायरल दावे! सोशल मीडिया पर पोस्ट फैलाए जा रहे हैं कि बठिंडा एयरफील्ड नष्ट हो गया। पीआईबी फैक्ट चेक में ये खबर फर्जी निकली है। बठिंडा एयरफील्ड पूरी तरह से चालू है और कोई नुकसान नहीं हुआ। गलत जानकारी पर भरोसा न करें। जागरूक रहें, सतर्क रहें।

## पाकिस्तान को मिला करारा जवाब, सीमावर्ती इलाकों में लौटी शांति: सपा प्रवक्ता फखरुल हसन

लखनऊ,(एजेंसी) :ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के सीजफायर के उल्लंघन पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि यह पाकिस्तान का कायरतापूर्ण काम है। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। अब भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का माहौल है।

सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले और भारतीय सेना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार के हर फैसले का स्वागत करती है और हर निर्णय के साथ है।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि भारतीय सेना नागरिकों और देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। पहलगाम में आतंकी घटना हुई जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। यह एक संक्षिप्त लेकिन निर्णायक ऑपरेशन था, जिसमें आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाजवादी पार्टी देश की सेना को बधाई देती है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हमारा देश महात्मा गांधी का है, जिन्होंने अहिंसा का पाठ पढ़ाया। भारत शांतिप्रिय देश है।उन्होंने कहा कि युद्धविराम के लिए अमेरिका सहित कई अन्य देशों ने मध्यस्थता की, जो भी फैसला हुआ उसमें सपा, सरकार के साथ है। हसन ने कांग्रेस की ओर से विशेष सत्र बुलाने की मांग का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा हमें इस पर ऐतराज नहीं है। विशेष सत्र बुलाकर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जो भी सवाल पूछे जा रहे हैं उनकी विस्तार से जानकारी दे देनी चाहिए।10 मई की शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया गया। इस ऐलान के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों पर हमले शुरू कर दिए थे। सीजफायर उल्लंघन का भारत ने भी करारा जवाब दिया। देर रात दोनों ओर से हमलों पर विराम लगा। इस बीच रविवार को मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक खत लिखकर सर्वदलीय बैठक और संसद के विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की। इस पत्र में उन्होंने पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर को लेकर चर्चा की बात लिखी।

## एल्विश यादव केस: चार्जशीट और समन रद्द करने की याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई

नोएडा(एजेंसी) :यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव के खिलाफ दर्ज रेव पार्टी और सांप के जहर के दुरुपयोग के मामले में सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होने जा रही है। एल्विश यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ दायर चार्जशीट और जारी समन आदेश को रद्द करने की मांग की है।

एल्विश यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेव पार्टियों का आयोजन किया, जिनमें विदेशी नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया। आरोप है कि इन पार्टियों में सांप के जहर और अन्य मादक पदार्थों का सेवन कराया जाता था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जब उसने एल्विश यादव से संपर्क किया, तो यादव ने उसे एक राहुल नामक व्यक्ति से मिलवाया, जिसने रेव पार्टी आयोजित कराने की बात स्वीकार की। एल्विश यादव के खिलाफ सेक्टर-49 थाना, नोएडा में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धाराएं 9, 39, 48ए, 49, 50 और 51, भारतीय दंड संहिता की धाराएं 284, 289 और 120बी, और एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 8, 22, 29, 30 और 32 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

याचिका में एल्विश यादव ने कहा है कि मुकदमा दर्ज कराने वाला व्यक्ति वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अधिकृत नहीं है और उसने पशु कल्याण अधिकारी बनकर झूठा दावा किया है। एल्विश का कहना है कि उनके पास से न तो कोई सांप और न ही कोई मादक पदार्थ बरामद हुआ है। साथ ही, उनके और अन्य अभियुक्तों के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध भी नहीं बताया गया है। एल्विश ने यह भी कहा है कि वह एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और विभिन्न टेलीविजन रियलिटी शोज में भी नजर आते हैं। इस वजह से मामला मीडिया में उछाला गया और पुलिस ने अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते हुए एनडीपीएस एक्ट की धाराएं जोड़ दीं, जो बाद में हटा दी गईं क्योंकि उन्हें साबित नहीं किया जा सका।

## ओडिशा: बालेश्वर में सिलेंडर विस्फोट की श्रृंखला, धमाकों से भरभरा कर गिरा घर

बालेश्वर, (एजेंसी) :ओडिशा के बालेश्वर जिले के मेरांटा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नौपालगाड़ी इलाके में सोमवार को एक घर में अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडरों में विस्फोट होने से हड़कंप मच गया। विस्फोट इतनी तेज था कि घर पूरी तरह से नष्ट हो गया और आसपास के इलाके में भी सनसनी फैल गई। इस घटना में एक के बाद एक सात से अधिक सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे परिसर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जोरदार धमाकों की आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह विस्फोट बैटरी से चलने वाले स्कूटर के चार्जर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से शुरू हुआ। आग तेजी से फैली और अवैध रूप से रखे



गए सिलेंडरों में आग लग गई, जिससे भयानक विस्फोट हुआ। धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर भागे।

आवासीय दुकान परिसर के अंदर 60 से अधिक गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे गए थे , जिसका इस्तेमाल अस्थायी गैस वितरण के रूप में किया जा रहा था।

अग्निशमन सेवा विभाग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया, जिससे और अधिक नुकसान होने से बच गया। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घर पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो चुका है।

पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि एस.के. हाफिज नामक एक होमगार्ड परिसर से अवैध गैस सिलेंडर का कारोबार चला रहा था। स्थानीय लोगों ने सख्त कानूनी कार्रवाई और आवासीय क्षेत्रों में इस तरह की जानलेवा अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी सतर्कता की मांग की है।

हाफिज के खिलाफ अवैध कारोबार और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य संदिग्धों की भी तलाश कर रही है जो इस कारोबार से जुड़े हो सकते हैं। जिला प्रशासन ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया है और ऐसे अवैध कारोबारों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात

## छत्तीसगढ़: खरोरा सड़क हादसे पर सीएम विष्णुदेव साय ने जताया दुख, आर्थिक सहायता का ऐलान

रायपुर(एजेंसी) : छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक भीषण सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सीएम विष्णुदेव साय ने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।

सीएम विष्णुदेव साय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मृत्यु एवं 14 लोग घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है। घायलों के समुचित इलाज हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है।"

उन्होंने आगे लिखा, "संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए



की सहायता राशि स्वीकृत की है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।"

इससे पहले छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने इस हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, "रायपुर जिले के सारागांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हो रहा है। महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोग गंभीर रूप से घायल होने की भी सूचना मिली है। जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी बचाव कार्य में लगे हैं। घायलों के उपचार के लिए हर संभव प्रयास शासन की ओर से किए जा रहे हैं। ईश्वर पुण्यात्माओं को शांति व शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने का संबल प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।"

वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी खरोरा सड़क हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा , "कल देर रात खरोरा के समीप बंगोली गांव में हुई भीषण सड़क दुर्घटना का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस दुर्घटना में अब तक 17 लोगों के निधन की हृदयविदारक सूचना मिली है। ईश्वर से दिवंगतजनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना करता हूं। शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि हताहत परिवारों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराएं।" छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 9 महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। यह सड़क हादसा रायपुर-बलौदाबाजार राजमार्ग पर एक ट्रेलर और ट्रक के टकराने से हुआ। बताया जा रहा है कि खरोरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बंगोली गांव में यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक पारिवारिक समारोह से लोग लौट रहे थे।

## सीजफायर पर उद्धव ठाकरे ने उठाए सवाल,'सामना' में ट्रंप की भूमिका पर जताया संदेह

मुंबई,(एजेंसी) : शिवसेना (यूबीटी) ने भारत-पाक संघर्ष में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'हस्तक्षेप' और संघर्ष विराम की घोषणा पर संदेह किया है। मुखपत्र सामना में पार्टी के मुखिया उद्धव ठाकरे ने तीखा प्रहार करते हुए पूछा है क्या कोई सौदा हुआ है? उन्होंने सीधा सवाल किया कि आखिर ट्रंप को ये हक किसने दिया?संपादकीय में लिखा है- भारत एक संप्रभु एवं स्वतंत्र राष्ट्र है। किसी भी बाहरी राष्ट्र को हमारे राष्ट्र के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है, लेकिन अमेरिका के प्रेसिडेंट ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष में हस्तक्षेप किया है और भारत ने ट्रंप के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप ने अपने एक्स अकाउंट पर पारस्परिक रूप से घोषणा की कि भारत ने युद्धविराम स्वीकार कर लिया है। तब तक भारतवासियों और भारतीय सेना को इस युद्धविराम के बारे में जानकारी नहीं थी। प्रेसिडेंट ट्रंप को सरपंच का यह अधिकार किसने दिया?

उन्होंने 1971 की याद दिलाते हुए आगे लिखा है, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच हुए शिमला समझौते के अनुसार, तीसरे देशों को दोनों देशों के बीच संघर्ष में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन अब भारत के प्रधानमंत्री ने ही शिमला समझौते का उल्लंघन किया। भारत ने ट्रंप के दबाव के आगे झुककर युद्धविराम को मंजूरी दे दी, लेकिन क्या ऑपरेशन सिंदूर या पाकिस्तान का बदला पूरा हो गया है? इसका जवाब देश को नहीं मिला।

इसमें ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना की सराहना की गई है। कहा है- भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ दागे गए ड्रोन और मिसाइलों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने पाकिस्तानियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है, लेकिन यह सब करते हुए भी पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले छह आतंकवादियों का सही ठिकाना नहीं पता चल पाया है। भारत-पाक संघर्ष की शुरूआत छह आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या से हुई थी। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने पानी फेर दिया है।

## भारत के 32 एयरपोर्ट का संचालन फिर से शुरू, एएआई ने दी जानकारी

नई दिल्ली, 12 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच 15 मई तक बंद भारत के 32 एयरपोर्ट्स को बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसे लेकर अब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने नया अपडेट दिया है। एएआई ने बताया कि ये सभी हवाई अड्डे तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान संचालन के लिए उपलब्ध हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सोमवार को एक बयान में कहा, ₹यात्रीगण कृपया ध्यान दें; 15 मई 2025 को सुबह 05:29 बजे तक 32 हवाई अड्डों पर नागरिक विमान संचालन के लिए अस्थायी बंदी की अधिसूचना जारी की गई थी। अब सूचित किया जाता है कि ये हवाई अड्डे तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान संचालन के लिए उपलब्ध हैं।

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति सीधे एयरलाइंस से जांचें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइंस की वेबसाइट पर नजर रखें।₹

10 मई को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन अधिकारियों ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी



कर उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी। ये आदेश 15 मई तक प्रभावी था।

जिन एयरपोर्ट को बंद करने का फैसला किया गया था, उनमें आदमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपोरा, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नालिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलई शामिल हैं।

इससे पहले, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने सोमवार को यात्रियों के लिए नई एडवाइजरी जारी की थी। इसमें कहा गया है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं, लेकिन कुछ उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने एक बयान में कहा, ₹दिल्ली हवाई अड्डे पर सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। हालांकि, बदलती हवाई क्षेत्र की स्थिति और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों के कारण कुछ उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है और सुरक्षा जांच में अधिक समय लग सकता है।

# चांदकुइयां में चल रहा कुत्तों का बंध्याकरण कैम्प, कर्मियों से मारपीट व लूटपाट, प्राथमिकी दर्ज






**झरिया :** तीसरा थाना अंतर्गत चांद कुइयां संक्रामक अस्पताल में नगर निगम कि ओर से चल रहे आवारा कुत्तों के बंध्याकरण कैम्प में बीती रविवार देर शाम को 20 से 25 लोगो की टोली ने निगम कर्मियों पर हमला करते हुए जमकर उत्पात मचाया। इस क्रम में न सिर्फ कैम्प में तोड़फोड़ किया गया,मोबाइल छीन लिए बल्कि वहाँ के कर्मियों को बेरहमी से पीटा गया। घटना में बिट्टू कुमार नामक एक कर्मी के माथे में गंभीर चोट लगी है,जिसे रांची रेफर किया गया है। इससे डरकर वहां के सभी कर्मी कैम्प छोड़कर भाग गए। इस संबंध में तीसरा थाना जीतन महतो उर्फ जीतू, साधु महतो , राज कुमार रजवार व गुणधर रजवार सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चांद कुइयां में बंद पड़े संक्रामक अस्पताल में द डॉग केअर ऑफ एनिमल सोसाइटी द्वारा नगर निगम के साथ करार के तहत आवारा कुत्तों का बंध्याकरण शिविर चलाया जाता है। बताते हैं कि बीती शाम रविवार को करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच अस्पताल कैम्प्स में जीतन महतो अपने बच्चा को लेकर आया था, जिसे कुत्ते ने काट लिया था और इलाज करने की मांग करने लगा। इसपर जब वहां के कर्मियों ने कहा कि यहां सिर्फ कुत्तों का इलाज होता है, तब आरोपित सभी ने हंगामा करना शुरू कर दिया। नशे में धुत्त आरोपितों ने करीब सौ साल पुरानी अस्पताल की जमीन को अपना बताकर पहले गाली गलौज की फिर कैंप के लोगो को लाठी-डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे। इस क्रम में कर्मियों से मोबाइल, चार्जर सहित अन्य सामान छीनने के साथ-साथ पूरे अस्पताल कैम्पस में तोड़फोड़ कर सामानों को तहस-नहस कर दिया। इस घटना से कर्मियों ने जान बचाकर भागते हुए किसी तरह पुलिस को सूचना दी। बताते है कि पुलिस आने पर वे लोग चले तो गए लेकिन पुलिस के जाने के बाद अपराधी फिर से आ धमके और कर्मियों के साथ पुनः मारपीट करने लगे। इस हालत में सभी कर्मी वहां से भागकर तीसरा थाना में शरण ली। लेकिन वहां से भी उन्हें भगा दिया गया। इस घटना में बिट्टू कुमार के अलावा अनीश कुमार, सुजीत कुमार, गौतम कुमार व राहुल कुमार को भी गंभीर चोट आयी है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।इधर घटना के बाद दोपहर कैम्प कर्मी लौटे और तीसरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। जिसमें कांड संख्या 31/25 में बीएनएस की धारा 109, 115(2), 117(2), 121(2), 122(2), 126(2), 303(2), 351(2), 352 व 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपितों की धड़पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।इधर रविवार शाम की घटना के बाद कैम्प में ऑपरेशन के लिए लाए गए करीब चालीस कुत्ते रात से ही बिना खाना और पानी के तड़पते रहे। दोपहर पशु चिकित्सक डॉ. धीरज कुमार पहुंचकर कर्मियों को वापस बुलाया और कुत्तों को भोजन और पानी दिया। कैम्प कर्मियों के अनुसार अस्पताल कैम्प्स में प्रतिदिन शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। मना करने पर बुरे अंजाम भुगतने की धमकी देते हैं। कर्मियों का कहना है कि इस तरह बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम करना मुश्किल है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईवा एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार बाल बाल बचे



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर** कुसुमाटांड़ रानी रोड में सोमवार को बाइक सवार हाईवा जेएच10बीएच /6305 की चपेट में आने से कुसमाटाड़े निवासी दिनेश रवानी बाल बाल बचे। हाईवे बलियापुर की ओर से रानी रोड की ओर जा रहा था। बाइक सवार पीछे से रानी रोड की ओर जा रहा था ।इसी क्रमे बाइक सवार अचानक हाईवे के आगे आ जाने से टकरा गई ।बाइक सवार कूद कर जान बचाई ।जबकि बाइक हाईवा का नीचे आ जाने से पूरी तरह क्षतिग्रस्ते हो गया। देखते देखते ग्रामीण की भीड़ जुट गई बाइक सवार मुआवजे के मांग करने लगे। हाईवे मलिक ने द्वारा बाइक सवार को बाइक की मुआवजा दिए जाने की सहमति बनी ।

### जेलगोरा में बीसीसीएल और सरकारी जमीन पर बड़े पैमाने पर किया गया है अतिक्रमण



**जोड़ापोखर :** झरिया सिंदरी मुख्य सड़क पर जेलगोरा में सड़क किनारे झारखंड सरकार व बिसीसीएल के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर दर्जनों दुकान बनाया गया है।बाकी कार्य भी जारी है। दुकान बनने से सब्जियां खरीदने वालों के मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी हो जाती है।जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।बताते हैं कि कोरोना काल के समय डिगवाडीह बाजार से जेलगोरा में सड़क किनारे सिर्फ चार दर्जन दुकानदार आये थे। उस समय प्लास्टिक व ठेले पर दुकान लगया जा रहा था, अब अतिक्रमण कर दर्जनो दुकान का स्थायी शेड निर्माण सड़क किनारे किया जा रहा है।सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पर स्थानीय पुलिस चुप्पी साधे हुए है। स्थानीय लोगों ने शांति समिति की बैठक में जेलगोरा,फुसबंग्ला, जामाडोबा सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने का मामला उठाया था। कुछ समय के लिए ठेला वालो को पुलिस सड़क किनारे से हटाया भी था। मगर अब दर्जनों दुकान स्थायी रूप से बनाया जा रहा है। स्कूल छुट्टी के समय स्कूली बस ,टेम्पू अन्य वाहन घण्टो जाम में फंसे रहते हैं। पुलिस सूत्र की माने तो सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने का काम अंचल कार्यालय और नगर निगम का है।लेकिन अंचल के लोग कान में तेल डालकर सोए हुए हैं।

### अपराधियों ने कोलियरी कर्मियों को बंधक बनाकर 300 फीट तांबा का केबल लूटा

**भौंरा :** भौंरा दक्षिण कोलियरी के 37/38 खदान में रविवार की बीती रात को 15-20 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोलकर वहां कार्यरत कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर करीब तीन सौ फीट तांबा का केबल लूट लिये. रविवार होने के कारण रात पाली में तीन कर्मी ड्यूटी पर तैनात थे. इस घटना के बाद से रात पाली के कर्मियों में भय का माहौल है. कर्मियों ने बताया कि रात में अचानक दर्जनों की संख्या में अपराधी आ धमके और उन्हें हथियार दिखाकर बंधक बना लिया. साथ ही अपराधियों ने कहा कि अगर शोर मचाया तो सभी को जान से मार दिया जायेगा. जिसके बाद कर्मी चुपचाप बैठ गये. इसके बाद अपराधी खदान के ऊपर से करीब तीन सौ फीट केबल काट कर चलते बने.बाद में कर्मियों ने इसकी सूचना अपने अधिकारी को दी. केबल कटने से पिट वाटर सप्लाई व पंखा बंद रहा. जिसे सोमवार दोपहर में दूसरा केबल जोड़कर चालू किया गया.सोमवार सुबह में कर्मियों के द्वारा घटना की लिखित शिकायत इंजीनियर से की गयी है. हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन कि ओर से मामले की शिकायत भौंरा ओपी में नहीं की गयी है. बताते चले कि भौंरा ओपी क्षेत्र में लोहा चोरो का आंतक काफी बढ़ गया है. आये दिन अपराधी कोलियरी के ऑटो गैराज, वर्कशॉप में लौह सामग्री लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं. लेकिन पुलिस व सीआइएसएफ इसे रोकने में असफल है. धकोकसं के भौंरा ग्रुप के क्षेत्रीय अध्यक्ष एलएन प्रसाद ने कहा कि भौंरा दक्षिण कोलियरी के ऑटो गैराज, वर्कशॉप व भौंरा नार्थ कोलियरी के 29/30 वर्कशॉप में अपराधियों द्वारा लगातार लूट व चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. लेकिन प्रबंधन कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है. जिससे कर्मियों में रोष व्याप्त है.इस संबंध में भौंरा ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि अभी तक प्रबंधन की ओर से घटना की कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है. शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी.

### बलियापुर व आमटाल में गंधक बनिक समाज ने धूमधाम से की मां गंधेश्वरी की पूजा



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** सोमवार को बलियापुर एव आमटाल मे गंधक बनिक समाज ने पूरे उल्लास के साथ एवं विधि विधान के साथ मां गंधेश्वरी की पूजा अर्चना शुरू की।3 दिन तक चलने वाली पूजा में बलियापुर एव आमटाल पंचायत के बनिक समाज के सभी बच्चे, बुजुर्ग, महिला एवं नवयुवक तथा ग्रामीण शामिल हुए।पूजा बनिक समाज का सबसे बड़ा त्यौहार में से एक माना जाता है। सर्वप्रथम पुरोहित ने विधि विधान के साथ चक्रवर्ती तालाब से वारी ( घट ) लाकर मंदिर में स्थापित किया इस दौरान परिवार गांव और समाज की खुशहाली की कामना की जाती है 'मौके पर भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया विजय गोराई, स्वपन कुमार महतो, मीणा दत्ता, मानिक दे, गौतम चंद्र, मंटू दे, सुनील दत्ता,उज्जवल दे ,शीतल दत्ता ,गोपीनाथ चंद्र, विष्णु दे, रवि दे, हाबू चंद्र,काजल दे ,विक्रम चंद्र, सुरजीत चंद्र, तूफान चंद्र, सजल चंद्र, आकाश चंद्रा, विजय दत्ता, वीर दत्ता, सौरव चटर्जी, सत्यजीत चंद्र, हिमानी देवी सुलेखा देवी मोना देवी, ज्योति दत्ता, सनातन दत्ता, राहुल दे, अमित चंद्रा,शीतल चंद्रा, द्वारकानाथ चंद्र, इंद्रजीत चंद्र, सोना दे, अपर्णा दे, माधुरी दे, मिलन चक्रवर्ती, संजय पाल, अभिषेक दे ,अरूप चंद्र पायल दे,हबलू दास ,डब्लू दास, बबलू दे, दुलाल दत्ता, दीनबंधु चंद्र,मिंटू चंद्र, रीना पाल,मृणाल चक्रवर्ती,आदि मौजूद थे।

## बीआईटी सिंदरी में हैक्ट्रॉन का दूसरा दिन, नवाचार और तकनीकी कौशल का उत्सव आयोजित




**सिंदरी:** बीआईटी सिंदरी में आयोजित 36 घंटे की कोडिंग मैराथन के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हैक द फ्यूचर थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , ब्लॉकचेन, वेब और एंड्रॉइड डेवलपमेंट जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य हुआ। पूरे आयोजन स्थल पर नवाचार, सहयोग और तकनीकी ऊर्जा का माहौल बना रहा। प्रतिभागियों ने कार्यशालाओं, मेंटरशिप सत्रों और चेकपॉइंट्स के माध्यम से अपने विचारों को मूर्त रूप देते हुए उन्हें व्यवहारिक समाधान में परिवर्तित किया। कार्यक्रम के संरक्षक और बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय ने प्रतिभागियों को नवाचार के युग में समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, सीडीसी अध्यक्ष घनश्याम ने उद्योगों से साझेदारी के माध्यम से छात्रों के कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. एससी दत्ता के नेतृत्व और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर व सह-संयोजक प्रो. मोहम्मद अकरम खान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। निर्णायक मंडल में संतोष घोष (डीआईओ, जामताड़ा, सालेहा खान (वरिष्ठ सॉफ्टवेयर विश्लेषक, एक्सेंचर), डॉ. दिनेश प्रभाकर (सहायक प्रोफेसर, एनआईएएमटी रांची) और प्रो. एससी दत्ता ने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया। फैकल्टी सदस्यों - प्रो. मोहम्मद अकरम खान, विकास कुमार सिंह, विजय बेसरा, सचिन अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, खुसतार अंसारी और मुकेश चंद्रा ने प्रतिभागियों को तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान कर उनके विचारों को व्यावहारिक समाधान में ढालने में सहायता की। इस हैकथॉन को सफल बनाने में प्रायोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### धारकीरो में दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव में संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**धनबाद:** धनबाद के बाघमारा प्रखंड स्थित विकसित, शिक्षित ग्रामों में अग्रीम पंक्ती में होने वाला गांव धारकिरो में दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव कार्यक्रम में 10 एवं 11 मई को हरिनाम संकीर्तन महोत्सव बड़ी धुमधाम से सम्पन्न हुआ।प्रथम दिन किरत्तनिया प्रीतम तिवारी ने संकीर्तन गायन किया।दूसरे दिन पश्चिम बंगाल के कीर्तन सम्राट विद्वान शिक्षाविद् मशहूर अंजन उपाध्याय ने ओजस्वी तेजस्वी गायन से रासलीला में देवों के देव महादेव को गोपिका भेष धारण कर रास लीला का आनंद लेने का आख्यान सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञात रहे यह कार्यक्रम धारकिरो ग्रामवासियों द्वारा प्रतिवर्ष भाती इस वर्ष भी सम्पन्न किया। मौके पर ग्रामीणों ने ब्राह्मणों को राधे राधे पट्टा देकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी को ग्रामीणों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पियुष तिवारी ने पट्टा देकर सम्मानित किया।

इस अवसर ग्रामिणो की ओर से विधिक सेवा निवृत हरिप्रसाद तिवारी, लाडू गोपाल तिवारी, ईसीएल से कार्मिक महाप्रबंधक ध्रुव कुमार आदी ने माल्यार्पण तथा ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने मोमेंटो कीर्तन सम्राट अंजन उपाध्याय को देकर सम्मानित किया। मौके पर सुशील कुमार तिवारी,अवनी कुमार तिवारी,भानु शंकर तिवारी, विश्व नाथ तिवारी, रुपेश तिवारी उपस्थित थे।

### हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने उत्साह उमंग के साथ मनाया बुद्ध पूर्णिमा

**धनबाद:**हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने बुद्ध पूर्णिमा उमंग, उत्साह और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया।गोल्फ ग्राउंड के समीप संस्था के पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया।हर साल वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।

बुद्ध पूर्णिमा यह बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस शुभ दिन पर ही गौतम बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके जीवन में तीन अधिक महत्वपूर्ण घटनाएं रही है, पहला उनका जन्म, दूसरा ज्ञान और तीसरा मोक्ष, यह सभी एक ही तिथि पर आते हैं। इस पावन दिन विधि-विधान से भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।बुद्ध के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध के जन्म के रूप मनाते हैं. माना जाता है कि इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. बौद्ध लेखों के अनुसार, गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया था और वहीं ज्ञान की प्राप्ति की थी। आज के दिन बौद्ध गया में भव्य आयोजन पूजा अर्चना की जाती है,लाखों लाख लोग देश विदेश से बुद्धिस्ट आते है रात भर भगवान बुद्ध की विचारों का गाथा सुनाते है मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी, कार्य कारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी, महासचिव बुचू हाड़ी, सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, अजीत राम, के अंसारी, युवा समिति के जिला रक्षा मंत्री बीरेंद्र हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, दिलीप हाड़ी थे।

## मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर मातृ सदन अस्पताल में किया नर्सों का सम्मान



**झरिया :** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के द्वारा मातृ सदन अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नर्सों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने अस्पताल में कार्यरत नर्सों को सम्मान पत्र भेंट कर उनके सेवा भावना को नमन किया।इस कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नर्सें केवल मरीजों की देखभाल नहीं करतीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, करुणा और सेवा भावना की मिसाल पेश करती हैं। उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है और उन्हें सम्मानित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती हैं। वे दिन-रात मरीजों की सेवा में तत्पर रहती हैं।और समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में नर्सों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण रही थी। जब उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवा दी थी।

कार्यक्रम संयोजक नीतू अग्रवाल ने कहा कि नर्सें निस्वार्थ सेवा की जीती-जागती मिसाल हैं। वे हर परिस्थिति में मरीजों का साथ देती हैं और एक परिवार की तरह उनका ख्याल रखती हैं।यह कार्यक्रम उन्हें एक छोटा-सा धन्यवाद कहने का प्रयास है।

पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नर्सों की भूमिका समाज में केवल एक पेशेवर कर्मी की नहीं है, बल्कि एक सच्चे मानव सेवक की होती है। वे न केवल मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि उन्हें मानसिक संबल और भावनात्मक शक्ति भी प्रदान करती हैं। नर्सें वह अदृश्य शक्ति हैं। जो चिकित्सा व्यवस्था को जीवित रखती हैं। उनका सम्मान कर हम अपने मानवीय मूल्यों को भी सम्मानित कर रहे हैं।मंच के सचिव दीपक अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि नर्सों कि सेवा भावना हमें सिखाती है कि करुणा और समर्पण से हर मुश्किल को आसान बनाया जा सकता है। मंच का प्रयास है कि समाज के ऐसे स्तंभों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे।कोषाध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा कि नर्सों का धैर्य और सहनशीलता अनुकरणीय है। वे परिवार से दूर रहकर अनगिनत लोगों को स्वस्थ जीवन देने में जुटी रहती हैं। हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं।इस अवसर पर मंच के संयुक्त सचिव सन्नी अग्रवाल, गौतम अग्रवाल,अनूप नोताका, पूनम तुलस्यान, कविता अग्रवाल,बिकाश अग्रवाल थे।

### बलियापुर में गंधेश्वरी पूजा में उमड़ी भीड़



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर:** बलियापुर गंधेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया विजय गोराई, डब्ल्यू दत्ता, स्वपन कुमार महतो, नंदन, सागर दत्ता, महादेव पाल, पिंटू पाल, नवीन नंदन, जितेन्द्र दत्ता आदि मौजूद थे।

### पहाड़पुर में चड़क पूजा की धूम

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर:** पहाड़पुर गांव में चड़क हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। चड़क पूजा के संजोग के मौके पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने पहाड़पुर स्थित बिरजू तालाब में स्नान कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। मौके पर प्रदीप महतो, मुचीराम महतो, शिवदत्त महतो, गौतम महतो, विकास महतो, धनोज महतो, विक्रम महतो, सागर महतो आदि मौजूद थे।

### बीबीएम इंटर कॉलेज विकास समिति की बैठक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर:** बीबीएम इंटर कॉलेज विकास समिति की एक बैठक आनंद महतो भवन में सोमवार को पूर्व विधायक आनंद महतो की अध्यक्षता में हुई। क्षेत्रीय भाषा एवं संस्कृति की विकास के लिए कालेज की ओर से विभिन्न स्थानीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिका नूतन डहर के प्रकाशन पर चर्चा की गई। बैठक में कालेज परिसर में समिति के कार्यालय निर्माण व कालेज के विकास से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राकेश कुमार महतो, प्रो. वरूण सरकार, स्वपन कुमार महतो, काशीनाथ मंडल, संतोष रवानी, दिलीप महतो, समीर कुमार मुर्मू आदि मौजूद थे।

### जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सों के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे का आयोजन



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद:**बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मांझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर स्थित जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर के उपलक्ष्य में केक काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, समाजसेवी बेंगू ठाकुर,डॉ.जी.आर. महापात्रा और डॉ.एम भट्टाचार्जी ने हॉस्पिटल और देश के सभी नर्सों को उनके मरीजों के प्रति कोरोना काल में महत्वपूर्ण योगदान के लिए,दिनरात रोगियों के देखभाल में उल्लेखनीय, महत्वपूर्ण व ममतामयी भूमिका निभाने,समय पर दवाइयां और भावनात्मक समर्थन देने के लिए बधाई व शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया। नित्यानंद मंडल ने कहा कि हम अस्पताल में अपने सभी नर्सेज एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मान, आदर एवं चिकित्सीय फैसिलिटी देते हैं इस वजह से उनका मनोबल ऊंचा रहता है और वह मरीजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर मन और लगन से सेवा करती है। इस अवसर पर जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार दिया गया।नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य,फामेर्सी कॉलेज की प्राचार्या नीलम सिंह, वर्षा रानी,शिल्पा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी समेत सभी शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

Page 12_Page 3.qxd 5/12/2025 10:43 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

### शादी समारोह से घर लौट रहे दो युवकों से की गई मारपीट, गंभीर रूप से घायल

**कार का ओवरटेक करने पर हुआ था विवाद**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : बाघमारा थाना क्षेत्र के बड़ा पांडेयडीह में रविवार की रात अपने मौसेरी बहन की शादी समारोह में आए धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ के युवक अमन कुमार रवानी एवं उनके मौसेरे भाई डोमनपुर राजगंज निवासी अभिषेक कुमार रवानी के साथ घर लौटने के दौरान खानुडीह बसंती चौक पर मनबढ़ू पांच युवकों ने रॉड और हॉकी स्टिक से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिससे अभिषेक का सिर फट गया है. दोनों युवकों का इलाज धनबाद एसएनएमएमसीएचसी में चल रहा है. इस संबंध में अमन कुमार रवानी ने खानुडीह निवासी व्यास पांडेय, सिद्धार्थ पांडेय, विक्की पांडेय, मिठु पांडेय एवं सूरज चौहान के खिलाफ बाघमारा थाना में केस दर्ज कराया है. अमन का आरोप है कि शादी समारोह से लौटकर दगधो अपने मामा घर बाइक से जा रहे थे. जेएच09 एआर 0657 नंबर की कार जिसमें सभी आरोपी सवार थे, ओवरटेक कर आगे बढ़ने पर आरोपियों को नागवार गुजरा. गाली गलौज करते हुए बाइक को पिछा कर खानुडीह बंसती चौक फिल्मी स्टाइल पर रोका.गाड़ी से उतर कर सभी आरोपियों द्वारा रॉड और हॉकी स्टिक से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया. मौसेरे भाई अभिषेक का सिर फटने से वहीं बेहोश हो कर गिर गया. घटना की सुचना अपने मामा को दिया. घटना स्थल पर परिजनों को आते देख सभी आरोपियों ने बुरे परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए गाड़ी छोड़कर भाग गये. जिसे पुलिस ने कार को जब्त कर थाना ले गया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 26/25 बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 109, 352, 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

### सिंदरी कॉलेज सिंदरी के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष और टाईम्स ऑफ इंडिया के पत्रकार अनिल आशुतोष नही रहे

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



सिंदरी : सिंदरी कालेज सिंदरी के भौतिकी शास्त्र के विभागाध्यक्ष सह टाईम्स ऑफ इंडिया के पत्रकार अनिल आशुतोष का निधन सोमवार की शाम को दिल्ली में हो गया । अनिल आशुतोष पिछले छह माह से बीमार थे और दो सप्ताह पूर्व उनका दिल्ली में लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था । उनके निधन पर सिंदरी में शोक व्याप्त हो गई हैं । पत्रकार राज किशोर सिन्हा, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू .फेमिली ग्रुप के संस्थापक डी एन सिंह, लायंस क्लब के प्रशांत कुमार पांडेय, वरमेंश्वर कुमार शर्मा , राहुल पांडेय,शंकर पाण्डेय , अजय उपाध्याय,विजय कुमार ठाकुर,हरेंद्र सिंह,सिंदरी कॉलेज प्राचार्य डा के के पाठक ,रंजीत कुमार, अरविंद पाठक,शैलेंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है ।

# बैंक मोड़ ओवरब्रिज के मरम्मत को लेकर वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाने का काम शुरू

## नगर निगम, आरपीएफ व बैंक मोड़ पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**जेसीबी से हटायी गई अस्थायी दुकानें व दुकानदारों को दूकान नहीं लगाने की दी गई चेतावनी**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**





धनबाद : बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मति को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं.ओवरब्रिज बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है, ऐसे में वैकल्पिक मार्गों को सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम, आरपीएफ और बैंक मोड़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया.अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक चलाया गया.इस दौरान सड़कों पर वर्षों से लग रहे ठेले, खोमचे, फल-सब्जी और कपड़े की अस्थायी दुकानें हटाई गईं. अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई. स्थानीय दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिणी हिस्से में अवैध रूप से फैली सब्जी मंडी को भी हटाया गया.। यह इलाका ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण यहां से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा था. अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर उसे ट्रैफिक के लिए अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया. नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सड़कें संकरी हैं.

उन्होंने कहा ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है. इसलिए अतिक्रमण हटाने के बाद नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सकें. स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे सड़क किनारे दुकानों का संचालन न करें, पुलिस और नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त करेंगी, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो.

## न्यू मधुबन कोल वाशरी जा रही मालगाड़ी खानुडीह पश्चिमी केबिन के पास हुई बेपटरी

**गोमो- खडगपुर मेन लाइन जाम, चक्रधरपुर-गोमो पैसेंजर महुदा से ही लौटी**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



बाघमारा : ब्लॉक दो क्षेत्र के न्यू मधुबन कोल वाशरी में वाश्ड कोल लोड के लिए मेन लाइन पर जा रही मालगाड़ी खानुडीह स्टेशन के पश्चिमी केबिन के पास दोपहर डेढ़ बजे उसका एक डब्बा बेपटरी हो गयी. जिससे गोमो- खड़गपुर रेल लाइन छह घंटे तक बाधित रहा. दोपहर डेढ़ बजे चक्रधरपुर से गोमो आ रही पैसेंजर ट्रेन को महुदा जंक्शन के पास ही रोक दिया गया. बाद में वही से पैंसेजर ट्रेन वापस लौटा दिया दी गयी. गोमो और खानुडीह आने वाले पैंसेजर्स को महुदा से ही बाइ रोड आना पड़ा. दोपहर दो बजे एडीआरएम के एन घोष, मंडल यांत्रिक अभियंता राजेश कुमावत, सिनियर डीएनई आनंद कुमार, अभियंता इंजीनियर डीएन मंडल पहुंचे. उनके साथ आद्रा, भोजुडीह महुदा एवं बोकारो डिवीजन के अधिकारी एंव दुर्घटना राहत यान पहुंचे. बेपटरी हुए डब्बे को मेन रेल लाइन से हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया. शाम छह बजे हाइड्रा मशीन से बेपटरी हुए मालगाड़ी की डब्बे को हटाकर उसे रेल लाइन के बाहर कर दिया गया. इसके बाद क्षतिग्रस्त मेन रेल लाइन को उखाड़ कर नया रेल पटरी बिछाने का कार्य शुरू किया गया. एडीआरएम केएन घोष ने बताया कि मालगाड़ी न्यू मधुबन कोल वाशरी जा रही थी. पहुंचने से पहले ही बेपटरी हो गयी. क्षतिग्रस्त डब्बे को हटाकर मेन रेल लाइन को ठीक किया जा रहा है.

## नागरिक संघर्ष मोर्चा ने धूमधाम से मनायी बुद्ध जयंती

**बुद्ध के विचारों पर चलकर ही शांति को प्राप्त किया जा सकता है : ढुल्लू महतो**

**बुद्ध जयंती पर स्मारिका का किया गया विमोचन**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**




भूली : बुद्ध जयंती के अवसर पर नागरिक संघर्ष मोर्चा ने धूमधाम से बुद्ध को याद किया.इस अवसर पर नागरिक संघर्ष मोर्चा का 11 वां अधिवेशन भी आयोजित किया गया.

इस अवसर पर अतिथियों को माला पहना कर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. बुद्ध जयंती के अवसर पर तरुण चंद्र राय द्वारा संपादित स्मारिका का विमोचन सांसद ढुल्लू महतो ने किया.कार्यक्रम को प्रियव्रत सिंह, नरेश पासवान, महेश सिंह, मिथलेश पासवान, लाल बाबू सिंह, गंगा बाल्मीकि, डॉ विकास कुमार, मानस रंजन पाल, महफूज आलम, लक्ष्मी देवी, उमेश्वर झा, ने संबोधित किया।

सांसद ढुल्लू महतो ने यह बुद्ध की धरती है के गायक अमन लाडला को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने किया और कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार बिल्लू और राम दुलार राय ने संयुक्त रूप से किया.

बतौर अतिथि ढुल्लू महतो ने बुद्ध के विचारों पर चलने और बुद्ध के पथ पर शांति को प्राप्त करने का उपाय बताया. ढुल्लू महतो ने बुद्ध मैदान में बुद्ध पार्क बनाने की घोषणा की.

इस अवसर पर प्रमोद पासवान, जगदीश राय, उमेश ठाकुर, सुंदिष्ट कुमार, संजय कुमार, मनमोहन सिंह, सुमेश कुमार साव उर्फ गामा, प्राची विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, आशा राय, मधुमति सिंह, रीना देवी, ऊषा देवी, पुष्पा देवी, राजेंद्र महतो, विरेंद्र कुमार, विनोद साव अशोक गुप्ता, नगीना पासवान, सुरेश भुइयां आदि मौजूद थे.

## गर्भवती महिला के प्रसव के उपरांत नवजात शिशु की मौत

**परिजनों ने बताया कि महिला के गर्भाशय द्वार में ओवर डोज दवा डालने से नवजात शिशु की हुई मौत**




**किस आधार पर होगी जांच गोविंदपुर सामुदायिक हॉस्पिटल में तो कैमरे की भी व्यवस्था नहीं**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

गोविंदपुर : गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोहम्मद रहमतुल्ला अंसारी की बेटी नाजिया प्रवीण उम्र 21 वर्ष जो गर्भवती थी, जिसका प्रसव कराने के दौरान कल सुबह भर्ती कराया गया था, लगभग साढ़े नौ बजे इंजेक्शन ओर दवा उपचार उपरांत गर्भवती महिला की हालत बिगड़ गई.आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर से रेफर कर धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई. वहीं परिजनों को डॉक्टर ने बताया कि गर्भाशय द्वार में ओवर डोज दवा डाल देने के कारण नवजात शिशु की पेट में जाने से मौत हो गई.जिसको लेकर आज परिजनों ने गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे और स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को आवेदन देकर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की किया गया मांग की. गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विशेश्वर कुमार ने बताया की हमें इसकी पूर्ण जानकारी नहीं है जो भी दोषी होंगे जांचोपरांत उस पर पूर्णतः दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी. सवाल ये भी परिजनों का था कि 24 घंटा डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते हैं, इसका जवाब देते हुए प्रभारी ने बताया कि हमारे यहां 24 घंटा डॉक्टर की सुविधा है.जिसकी पुष्टि करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए नहीं है.जिसका सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि जल्द ही सीसीटीवी कैमरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लग जाएगी उसकी प्रक्रिया चल रही है.

## बीसीसीएल प्रबंधन ने खरखरी पुलिस व सीआईएसएफ के सहयोग से अवैध कोयला किया बरामद





**मधुबन फुटबॉल ग्राउंड के समीप से निकाल कर रखें गए 62.7 टन अंग्रेडेड कोयले को किया गया जब्त**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : खरखरी ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर बीसीसीएल प्रबंधक ने खरखरी पुलिस और सीआईएसफ के सहयोग से छापेमारी कर मधुबन फुटबॉल ग्राउंड के पास से महीनों से पड़ी 62.7 टन अंग्रेडेड कोयले को जप्त किया है.

बताते चले कि उक्त स्थान पर महीनों पहले पोकलेन मशीन लगा कर कोयले का अवैध तरीके से खनन किया जा रहा था,जिसके बाद आस पास के क्षेत्र में हुई छापेमारी के बाद से उत्खन का कार्य बंद कर दिया गया था. इधर कुछ दिनों से कोयले का अवैध कारोबारियों की नजर उस स्थान पर पड़ी और पुनः अवैध खनन का कार्य शुरू किया गया था तभी बीसीसीएल प्रबंधक को गुप्त सूचना मिली कि कोयले की अवैध कारोबारी फिर से उस स्थान पर कोयला निकालने के फिराक में है.बीसीसीएल प्रबंधक खरखरी ओपी से संपर्क कर सीआईएसफ की सहायता से वहां पड़ा 62.7 टन अनग्रेडेड कोयला को जप्त कर केकेसी लिंक साइडिंग को भेज दिया है. उक्त कार्यवाही में खरखरी ओपी पुलिस के साथ बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से उत्सव कुमार सीआईएफ क्राइम से कुलदीप गुर्जर


के साथ दर्जन भर पुलिस और सीआईएसफ के जवान तैनात थे.

# कपुरिया ओपी क्षेत्र के ओलीडीह बस्ती स्थित जंगल से 25 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

## मृत युवक की शिनाख्त ओलीडीह के ही सुदामा सिंह के रूप में हुई

**शव मिले स्थान पर कई अवैध महुआ शराब भट्टी संचालित दिखा, संभावना जताई गई कि युवक वहीं काम करता होगा**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**





महुदा : कपूरिया ओपी क्षेत्र के ओलीडीह बस्ती के समीप स्थित जंगल में मंगलवार प्रातः एक रस्सी के सहारे पेड़ से लटका करीब एक 25 वर्षीय युवक का शव पाया गया. युवक लाल काला टी शर्ट एवं काले रंग का जिंस पहना हुआ था.शव देखने से प्रतीत होता है कि शव कई दिन पहले का है, जब शव से दुर्गंध फैलने लगी तो स्थानीय ग्रामीणों ने जाकर देखा तब पता चला कि किसी युवक का शव पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका हुआ है. ग्रामीणों ने इसकी सुचना कपूरिया ओपी पुलिस को दी, सुचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को नीचे उतार कर पंचनामा बनाया और कपूरिया ओपी ले गयी. कुछ देर बाद ओलीडीह के ग्रामीणों ने शव का शिनाख्त किया.मृतक का नाम सुदामा कुमार सिंह उम्र 25 वर्ष है, जो अपने मामा हेमंत सिंह के घर में बचपन से ही रहता था,इनके मां बाप बचपन में ही गुजर गया था.मृतक बाहर में काम करता था, वह एक सप्ताह पहले से गायब था. शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया इस संबंध में ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने बताया कि शव की पहचान हो गई हैं. पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के मामले का कुछ पता चल सकता है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जिस स्थान पर शव पाया गया है उस स्थान से 50 मीटर की दुरी पर ओलीडीह बस्ती के एक दबंग व्यक्ति का महुआ शराब का भट्ठी चलता है. चर्चा है कि उस स्थान पर बहुत बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाया जाता है और उसी में वह युवक काम करता था. परंतु भट्ठा मालिक की दबंगई के डर से कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है. इसके अलावे उस स्थान के आसपास और भी छोटे छोटे अवैध शराब की भट्ठियां लोगो द्वारा चलाया जा रहा है. भट्ठी मालिक द्वारा यहीं से महुदा एवं कपूरिया क्षेत्र के गांव के छोटे दुकानदारों को अवैध शराब सप्लाई किया जाता है.

## निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी ने एमपीएल के मुख्य द्वार पर मशाल जुलूस के साथ किया विरोध प्रदर्शन




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : जामताड़ा रोड हाड़ियाजाम स्थित निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कार्यालय से सोमवार संध्या 5:00 बजे से लेकर एमपीएल के मुख्य द्वार तक विरोध प्रदर्शन और मशाल जुलूस का प्रदर्शन किया गया.

एसोसियेशन के अध्यक्ष उज्जवल तिवारी एवं संरक्षक संजय सिंह के द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में हाइवा मालिकों का स्थिति बहुत ही दयनीय बनी हुई है. हाइवा का परिवहन लगभग नहीं के बराबर हो चुका है. फलस्वरूप गाड़ी मालिकों का रोजी-रोजगार पूरी तरह से बाधित हो चुका है. गाड़ी मालिक सुचारू रूप से अपना घर परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रहा है.जिसे देख पिछले दिनों सभी मालिकों के द्वारा एमपीएल के वादा खिलापी ओर मनमानी रवैया के खिलाफ अपने हक और अधिकार के लिए जोरदार आंदोलन किया जाएगा. सोमवार शाम एमपीएल गेट के समीप मशाल जुलूस निकालकर व विरोध प्रदर्शन किया गया.

हर बार हमलोगों के द्वारा आंदोलन किया जाता है परंतु एमपीएल और ट्रांसपोर्टर के द्वारा सामूहिक बैठक कर आश्वासन देते हुए हमारे आवाज को दबा दिया जाता है परंतु इस बार हम सभी गाड़ी मालिकों ने यह ठान लिया है कि किसी प्रकार का बहकावे में नहीं आना है. एमपीएल एक काम और एक एसोसियेशन के नारे के साथ इस बार आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी.गर जरूरत पड़ी तो रेलवे ट्रैक को भी रोका जाएगा हर हाल में अपना हक और अधिकार लेके ही रहेंगे.उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी की मोटी चमड़े होने के कारण ट्रांसपोर्टर अपना दबंगई नीति अपना रहा है.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.